* ओड़िशा संस्करण

www.epaper.azadsipahi.in

28 अगस्त, 2023
सावन, शुक्ल पक्ष, द्वादशी
संवत 2080
पृष्ठ : 12, मूल्य : ₹3.00

रांची
सोमवार, वर्ष 08, अंक 308

कलम कलम बढ़ाये जा

# आजाद सिपाही

राहुल ने तमिलनाडु में चॉकलेट बनायी, फैक्ट्री में पहुंच कर प्रोसेस सीखा, बोले- ऐसा स्वाद कभी नहीं चखा






## झामुमो का भाजपा प्रदेश अध्यक्ष पर दूसरा बड़ा हमला

# बाबूलाल मरांडी से पूछा, यह बंगला किसका है : सुप्रियो

- बाबूलाल मरांडी बतायें कि वह इस घर के मालिक थे, अतिथि थे या किरायेदार

आजाद सिपाही संवाददाता

**रांची।** झामुमो ने बाबूलाल मरांडी पर दूसरा बड़ा हमला किया है। झामुमो ने रविवार को एक घर का फोटो जारी करते हुए बाबूलाल मरांडी से सवाल किया है कि वह बताने का कष्ट करें कि इस मकान के वह मालिक थे या किरायेदार। झामुमो के केंद्रीय महासचिव और प्रवक्ता सुप्रियो भट्टाचार्य ने पार्टी कार्यालय में मकान और इसके मुख्य द्वार का फोटो जारी किया। उन्होंने कहा कि बाबूलाल पूछ रहे थे कि अभी यह कंपनी या है या नहीं। अभी मरांडी के छोटे भाई रमिया मरांडी और सुनील तिवारी की पत्नी लालिमा तिवारी इसके वर्तमान में निदेशक हैं या नहीं। तो झामुमो मरांडी से सवाल करता है कि अभी भले न हों, मगर वह अब बतायें कि ये लोग 2005 में बनी संथाल परगना बिल्डर्स प्राइवेट लिमिटेड के निदेशक थे या नहीं। बाबूलाल ने पूछा है कि इस कंपनी के माध्यम से एक भी इनवेस्टमेंट या जमीन खरीद-बिक्री की बात हुई हो, तो बतायें। तो बाबूलाल इस घर के बारे में बतायें कि यह किसका था। क्या वह इस मकान के मालिक थे, अतिथि थे या किरायेदार। यह जमीन सरकारी थी या निजी। घर कहां है, इसके बारे में नाम, पता और ठिकाना भी बताने का काम करें। अगर वह नहीं बतायेंगे, तो इन सब बातों को लेकर हम जनता के बीच जायेंगे, क्योंकि बताना तो पड़ेगा ही, क्योंकि अपने संकल्प सिद्धी-ऋद्धि यात्रा के जरिये अनाप-शनाप और भ्रमण के दौरान वह झूठ फैलाने का काम कर रहे हैं।



(पेज 3 भी देखें।)

## बाबूलाल मरांडी का झामुमो के आरोप पर पलटवार

# झामुमो बुझौअल न बुझाये खुल कर बताये : बाबूलाल

- भ्रामक जानकारी दिला कर मुझे उनके भ्रष्टाचार की पोल खोलने से नहीं रोक सकते

आजाद सिपाही संवाददाता

**रांची।** भाजपा प्रदेश अध्यक्ष और पूर्व मुख्यमंत्री बाबूलाल मरांडी ने झामुमो की प्रेसवार्ता को लेकर मुख्यमंत्री पर कड़ा प्रहार किया। उन्होंने कहा कि हेमंत सोरेन अपनी पार्टी के प्रवक्ता के माध्यम से मीडिया को भ्रामक जानकारी देकर उनकी भ्रष्टाचार के खिलाफ आवाज उठाने, उनकी लूट और झूठ की पोल खोलने से नही रोक सकते। उन्होंने कहा कि पहले की तरह मैं आज फिर दोहरा रहा हूं कि राज्य में कहीं भी मेरी या किसी की भी कोई संदिग्ध जमीन, मकान, प्रॉपर्टी का राज्य सरकार को पता चलता है, तो सबसे पहले उसे जब्त करे और दोषियों पर बिना देर किये कार्रवाई करे। और फिर डंके की चोट पर मीडिया के सामने उजागर करे। उन्होंने कहा कि मीडिया को भ्रामक और सनसनीखेज बना कर आधी-अधूरी गलत जानकारी परोस कर झामुमो आखिर क्या बताना चाहता है। उन्होंने कहा कि यह मुख्यमंत्री की गलतफहमी है कि उनकी ओर से एक के बाद एक हास्यास्पद और भ्रामक जानकारी मीडिया के जरिये परोस कर वे मुझे आदिवासियों की जमीन लेनेवाले महाजन सोरेन परिवार और उनकी खुद की पोल खोलने से रोक देंगे। यह उनकी बड़ी भूल है। उन्होंने सवाल किया कि आज की प्रेसवार्ता में जिस दोतल्ला मकान को दिखाया गया है, उसके बारे में जेएमएम वाले बुझौअल न बुझायें, बल्कि अपने मुंह से देश-दुनिया को सब कुछ बताने की कृपा करें। यह उनका बड़ा एहसान होगा।



(पेज 3 भी देखें।)

## न्यूज रील्स

### इसरो चीफ एस सोमनाथ भद्रकाली मंदिर जाकर माता के दर्शन किये

तिरुवनंतपुरम। मिशन मून चंद्रयान-3 की सफल सॉफ्ट लैंडिंग के बाद भारतीय अंतरिक्ष अनुसंधान संगठन के प्रमुख एस सोमनाथ ने रविवार को केरल के भद्रकाली मंदिर में दर्शन किये। वह केरल के तिरुवनंतपुरम में स्थित पौर्नामी कावु-भद्रकाली मंदिर में दर्शन के लिए गये थे। एस सोमनाथ ने मंदिर पहुंच कर पूजा-अर्चना की। इस दौरान वह मंदिर में हाथ जोड़कर खड़े नजर आये। इसरो चीफ के साथ उनकी पत्नी और अन्य परिजन भी थे।

### खट्टर ने कहा, नूंह में यात्रा की अनुमति नहीं, विहिप का जवाब, जरूरत नहीं

चंडीगढ़। हरियाणा के नूंह में 28 अगस्त को फिर से ब्रजमंडल यात्रा निकाली जा रही है। इसको लेकर सीएम मनोहर लाल खट्टर ने कहा है कि यात्रा की अनुमति नहीं दी गयी है। वहां एक महीना पहले ही हिंसक घटना हुई है। उसको लेकर सावधानी रखने की जरूरत है। मंदिरों में पूजा-अर्चना करना सबका अधिकार है। उन्हें श्रद्धा के अनुसार छूट मिलनी चाहिए। उधर विहिप के राष्ट्रीय प्रवक्ता विनोद बंसल ने कहा कि 28 अगस्त को सुबह 11 बजे यात्रा की शुरुआत करेंगे। यात्रा की अनुमति लेने का सवाल ही नहीं उठता। 28 को सावन का आखिरी सोमवार है और हर श्रद्धालु का अधिकार है कि वह अपने इष्ट का जलाभिषेक करे। उन्होंने कहा कि भारत एक धर्मपरायण देश है। यहां किसी भी यात्रा के लिए अनुमति नहीं ली जाती।

### पश्चिम बंगाल में अवैध पटाखा फैक्ट्री में विस्फोट, सात मरे

कोलकाता। पश्चिम बंगाल के उत्तर 24 परगना जिले की एक पटाखा फैक्ट्री में रविवार को विस्फोट हो गया। घटना में सात लोगों की मौत हो गयी। हादसे में कई लोगों के घायल होने की खबर है। फायर स्टेशन अधिकारी आशीष घोष ने बताया कि हादसा कोलकाता से 30 किलोमीटर दूर नीलगंज में मोशपोल इलाके में सुबह 10 बजे हुआ। पटाखा फैक्ट्री दत्तपुकुर में है।

### मुंबई के गैलेक्सी होटल में लगी आग, तीन की मौत

मुंबई। मुंबई के सांताक्रूज इलाके स्थित गैलेक्सी होटल में रविवार दोपहर आग लग गयी। इस हादसे में तीन लोगों की मौत हो गयी, जबकि दो लोग घायल हो गये। फायर ब्रिगेड की टीम ने आठ लोगों का रेस्क्यू किया है। आग पर काबू पा लिया गया है। अभी आग लगने के कारणों का पता नहीं चला है। सभी घायलों को नजदीकी अस्पताल में भर्ती कराया गया है। मामले की जांच की जा रही है।

## मन की बात : पीएम मोदी के कार्यक्रम में छाया रहा झारखंड के लोहरदगा का गांव

# पूरे देश को सुनायी मसियातु की आत्मनिर्भरता की कहानी

आजाद सिपाही संवाददाता

**नयी दिल्ली।** लोहरदगा। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने रविवार को अपने मासिक कार्यक्रम 'मन की बात' में लोहरदगा जिले के कुडू प्रखंड के सुदूरवर्ती नक्सल प्रभावित पहाड़ी क्षेत्र के मसियातु गांव के कारीगरों के कार्यों को लेकर बात की। उन्होंने कार्यक्रम के दौरान मसियातु गांव के तुरी समाज द्वारा किये गये बंबू क्राफ्ट को लेकर बात की और उनके आत्मनिर्भरता की कहानी पूरे देश को सुनायी। इस गांव के 350 परिवार के लोग बंबू क्राफ्ट के स्वरोजगार से जुड़े हुए हैं। मसियातु के लोग पीढ़ी दर पीढ़ी बंबू क्राफ्ट के माध्यम से अपनी जीविका चला रहे हैं। बांस के बने उत्पादों से यह आत्मनिर्भर हो रहे हैं। परिवार का हर सदस्य इस काम से जुड़ा हुआ है। यहां के लोगों की जिंदगी इसी पर निर्भर है।

इस कार्यक्रम से गांव में खुशी की लहर है। लोग अपने कार्यों को राष्ट्रीय पटल पर देख काफी उत्साहित हैं और प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी से प्रेरणा लेकर कार्य करने की बात कही। वहीं बंबू क्राफ्ट कर रहे लोगों ने सरकारी अनुदान की मांग करते हुए रोजगार से राष्ट्रीय स्तर पर जुड़ने का बात कही। प्रधानमंत्री ने 'मन की बात' में दूध द्व डेयरी से जुड़े स्वरोगर, राष्ट्रीय स्तर पर मेडल जीते खिलाड़ियों के साथ देश के टूरिस्ट स्पॉट को बढ़ावा देने की बात कही। प्रधानमंत्री ने कहा, मुझे याद नहीं कि कभी ऐसा हुआ हो कि सावन महीने में दो बार मन की बात हुआ है। सावन यानी महाशिव का महीना। चंद्रयान को चंद्रमा पर पहुंचे तीन दिन से ज्यादा का समय हो रहा है। यह सफलता इतनी बड़ी है कि इसकी जितनी चर्चा हो, कम है। आसमान में सिर उठाकर, घने बादलों को चीरकर, रोशनी का संकल्प लेकर, अभी तो सूरज उगा है। 23 अगस्त को भारत ने भारत के चंद्रयान ने यह साबित कर दिया है कि संकल्प के सूरज चांद पर भी उगते हैं। इस मिशन का एक पक्ष ऐसा भी रहा, जिसकी आज मैं आप सबके साथ चर्चा करना चाहता हूं। आपको याद होगा कि इस बार मैंने लाल किले से कहा था कि हमें वीमेन लेड डेवलपमेंट को आगे बढ़ाना है। भारत का मिशन चंद्रयान नारी शक्ति का भी जीवंत उदाहरण है।

पीएम ने कहा, अगले महीने होने वाली जी 20 समिट के लिए भारत तैयार है। इसमें हिस्सा लेने के लिए 40 देशों के राष्ट्राध्यक्ष भारत आ रहे हैं। अपनी अध्यक्षता के दौरान भारत ने जी 20 को और ज्यादा इनक्लूसिव फोरम बनाया है। भारत के निमंत्रण पर ही अफ्रीकी देशों के राष्ट्राध्यक्ष इस कार्यक्रम से जुड़ेंगे।

पीएम मोदी ने कहा कि इस बार 15 अगस्त के दौरान देश ने सबके प्रयास का सामर्थ्य देखा। सभी देशवासियों के प्रयास से 'हर घर तिरंगा अभियान' को 'हर मन तिरंगा अभियान' बना दिया। इस दौरान कई रिकॉर्ड बने। देशवासियों ने करोड़ों की संख्या में तिरंगे खरीदे। डेढ़ लाख पोस्ट ऑफिस के जरिये करीब डेढ़ करोड़ तिरंगे बेचे गये। इससे हमारे कामगारों, बुनकरों और खासकर महिलाओं की सैकड़ों करोड़ रुपये की आय हुई। तिरंगे के साथ सेल्फी पोस्ट करने में भी इस बार नया रिकॉर्ड बना। पिछले साल करीब पांच करोड़ देशवासियों ने तिरंगे के साथ सेल्फी पोस्ट की थी। इस बार यह आंकड़ा 10 करोड़ को भी पार कर गया।



### बी 20 समिट में प्रधानमंत्री मोदी ने कहा गरीबों के लिए काम कर रही सरकार

नयी दिल्ली (आजाद सिपाही)। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने रविवार को बी-20 शिखर सम्मेलन में कहा कि आने वाले सालों में भारत के पास सबसे बड़ा मध्यम वर्ग होगा। उन्होंने कहा कि मौजूदा सरकार गरीबों के हिसाब से नीतियां बना रही है और इसके कारण देश में मिडिल क्लास का नया उभार हो रहा है। उन्होंने कई मुद्दों पर बातें की। क्रिप्टोकरेंसी से लेकर कारोबार करने की सुगमता जैसे मुद्दों पर उन्होंने अपनी बातें रखीं। इस दौरान उन्होंने अपनी सरकार की नीतियों के बारे में भी जानकारी दी। पीएम मोदी ने अपने संबोधन में सभी देशों के बीच भरोसे के महत्व पर जोर दिया। उन्होंने कहा कि कोविड के दौरान विभिन्न देशों के बीच आपस में अविश्वास का माहौल कायम हो गया था। भारत उसे दुरुस्त कर रहा है। भारत ने महामारी के दौरान 150 से ज्यादा देशों को दवाओं की आपूर्ति की। उन्होंने ग्लोबल इकोनॉमी को लेकर कहा कि आने वाले समय में जिस देश की मित्रता भारत से ज्यादा गहरी होगी, उसकी अर्थव्यवस्था भी उतनी ही ज्यादा मजबूत होगी।

## मुख्यमंत्री ने डुमरी उपचुनाव में लगातार दूसरे दिन किया प्रचार

# वोट के लिए नोट बांट रहा विपक्ष जनता इसका जवाब दे : हेमंत सोरेन

आजाद सिपाही संवाददाता

**नवाडीह।** मुख्यमंत्री हेमंत्र सोरेन ने रविवार को लगातार दूसरे दिन डुमरी विधानसभा क्षेत्र में उपचुनाव के लिए प्रचार किया। आइएनडीआइए गठबंधन की प्रत्याशी बेबी देवी के समर्थन में उन्होंने नवाडीह के ऊपरघाट में सभा को संबोधित किया। इस दौरान उन्होंने कहा कि विपक्षी पार्टियां वोट के लिए रुपये बांटने में लगी हैं। उनके पास पूंजीपतियों की फौज है। वे लोग रुपयों से वोट खरीदना चाहते हैं। जनता इसका जवाब बेबी देवी को भारी मतों से जीत दिला कर दे। यह स्वर्गीय जगरनाथ महतो के प्रति उनकी श्रद्धांजलि होगी।



सीएम ने कहा कि स्व जगरनाथ महतो आजीवन डुमरी के लोगों के हक के लिए लड़ते रहे। हमेशा यहां के लोगों के हितों की बात करते रहे। उन्होंने अपने कार्यों से राज्य में इतनी बड़ी लकीर खींच दी है कि उसे पार करना मुश्किल है। जब वह नहीं रहे, तो राज्य सरकार ने उनकी पत्नी को मंत्री बना कर अपना दायित्व पूरा किया है। अब जनता की बारी है कि उन्हें मजबूत बना कर सदन में भेजे। हेमंत ने कहा कि आज वह अपनी राज्य सरकार की उपलब्धियां बताने नहीं आये हैं, विपक्ष की कारगुजारियों से लोगों को सचेत करने आये हैं। पैसे के लिए अपने मान-सम्मान से समझौता नहीं करें और जगरनाथ महतो के कार्यों को याद कर अपना फैसला लें। उन्होंने संथाली भाषा में भी अपनी बातें रखीं। सभा को राज्य के स्वास्थ्य मंत्री बन्ना गुप्ता, मंत्री सत्यानंद भोक्ता, विधायक मथुरा महतो, विधायक जयमंगल सिंह, प्रत्यशी मंत्री बेबी देवी, पूर्व सांसद भुनेश्वर मेहता, पूर्व विधायक ममता देवी, योगेंद्र महतो आदि ने भी संबोधित किया।




## जनजातियों की सूची में शामिल है पुरान जाति, पर झारखंड में नहीं मिल रहा लाभ

# धड़ल्ले से हो रही है इस जाति की जमीन की खरीद-फरोख्त

- पिछले साल अप्रैल में ही मिला था अनुसूचित जनजाति का दर्जा

अजय शर्मा

**रांची (आजाद सिपाही)।** झारखंड में निवास करने वाले पुरान जाति के लोगों को अनुसूचित जनजाति का लाभ नहीं मिल रहा है। उनकी जमीन की खरीद-फरोख्त धड़ले से की जा रही है। केंद्र सरकार ने पिछले साल आठ अप्रैल को ही इस जाति को एसटी की सूची में शामिल कर दिया है। इस संबंध में सभी राज्यों को पत्र भी भेजा गया। साथ ही राष्ट्रपति के हस्ताक्षर से अधिसूचना भी जारी कर दी गयी। इसके बावजूद झारखंड में इस जाति के लोगों को अनुसूचित जनजाति का लाभ नहीं मिल रहा है। यहां के जमीन माफिया को जैसे ही पता चला कि पुरान जाति अब एसटी में शामिल हो गयी है, वे सक्रिय हो गये। गैर-आदिवासी उनकी जमीन खरीद रहे है। रांची के तमाड़, बुंडू और खूंटी के कई इलाकों के अलावा चतरा में इस जाति के लोग रहते हैं।

**झारखंड में जारी नहीं हो सका है नोटिफिकेशन :** नियम यह है कि किसी भी जाति को एसटी की सूची में केंद्र सरकार ही शामिल कर सकती है। राज्य सरकार केंद्र की सहमति से किसी जाति को एससी की सूची में शामिल कर सकती है। एसटी की सूची में शामिल करने के बाद केंद्र से इसकी सूचना राज्यों को दी जाती है। तब राज्य सरकार इस संबंध में एक अधिसूचना जारी करती है और फिर संबंधित जाति को उसका लाभ मिल जाता है। झारखंड में पुरान जाति के बारे में अधिसूचना या तो रोक दी गयी है या रुकवा दी गयी है। इस कारण गैर आदिवासी इनकी जमीन खरीद रहे हैं।

**क्या है फायदा :** जैसे ही पुरान जाति झारखंड में एसटी की सूची में शामिल होगी, उनकी जमीन की खरीद-बिक्री पर तत्काल रोक लग जायेगी। कोई दूसरी जाति वाले उनकी जमीन नहीं खरीद सकते। उनकी जमीन खरीदने पर उसे सीएनटी एक्ट का उल्लंघन माना जायेगा। चर्चा है कि केंद्र का पत्र भू-राजस्व विभाग में पड़ा है। उसे पर कोई कार्रवाई बीते सवा साल से नहीं हुई है। फिलहाल यह जाति अनुसूचित जाति की श्रेणी में है। झारखंड में अनुसूचित जाति से ज्यादा आरक्षण अनुसूचित जनजाति को है। इससे भी यह जाति वंचित है।

आजाद सिपाही | झारखंड में सबसे ज्यादा देखा जाने वाला चैनल
189200 Subscribers
VIEWERSHIP 3 Crore 90 lakh+
12 Crore + Watch Time (min)
YouTube Channel
Subscribe NOW

सर्राफा
सोना (बिक्री) 55,500 रु./10 ग्राम
चांदी 76,000 रु./प्रति किलो



# यूपी में लोकसभा चुनाव का सेमीफाइनल है घोसी उपचुनाव

## ■ भाजपा के लिए प्रतिष्ठा का विषय तो आइएनडीआइए के लिए मौका

## ■ इसमें पिछड़ने का मतलब आम चुनावों के लिए खतरे की घंटी है

## ■ दारा सिंह चौहान की घर वापसी के फैसले का होगा लिटमस टेस्ट

उत्तरप्रदेश में घोसी विधानसभा का उपचुनाव भारतीय जनता पार्टी के लिए प्रतिष्ठा का विषय बन गया है। दरअसल भाजपा छोड़ कर समाजवादी पार्टी में गये दारा सिंह चौहान की घर वापसी हुई है। समाजवादी पार्टी के साथ-साथ उन्होंने यूपी विधानसभा सदस्य की सदस्यता से भी इस्तीफा दे दिया। उसके बाद उपचुनाव की घोषणा हुई। 5 सितंबर को वोट डाले जायेंगे। 8 सितंबर को परिणाम भी आ जायेंगे, लेकिन, यह परिणाम भारतीय जनता पार्टी और विपक्षी गठबंधन दोनों के लिए काफी महत्वपूर्ण माना जा रहा है। दरअसल, इस परिणाम के जरिये दोनों ही गठबंधन अपनी ताकत का प्रदर्शन करेंगे। ऐसे में घोसी उपचुनाव एनडीए और आइएनडीआइए की राजनीतिक पकड़ का विषय बन गया है। यही वजह है कि एनडीए के घटक दलों ने अपनी ताकत घोसी सीट पर दिखानी शुरू कर दी है। निषाद पार्टी के अध्यक्ष डॉ संजय निषाद और सुहेलदेव भारतीय समाज पार्टी के अध्यक्ष ओम प्रकाश राजभर भी लगातार सभाएं कर रहे हैं। इनके अलावा भाजपा के कई दिग्गज घोसी उपचुनाव के राजनीतिक मैदान में उतर चुके हैं। भाजपा और सपा दोनों इस चुनाव में जीत दर्ज कर पूरे प्रदेश में एक अहम संदेश देने की कोशिश कर रहे हैं। अगर भाजपा जीती, तो संदेश साफ जायेगा कि एनडीए की स्थिति और समीकरण दोनों मजबूत हैं। अगर पार्टी को हार मिली, तो विपक्षी गठबंधन के लिए यह टॉनिक का काम करेगा। इतना ही नहीं, घोसी के परिणाम से ही दारा सिंह चौहान की भाजपा में वापसी के फैसले का लिटमस टेस्ट हो जायेगा, जबकि समाजवादी पार्टी के लिए यह 'करो या मरो' की स्थिति है। इसलिए हाल के दिनों में एक विधानसभा सीट का उपचुनाव सियासी दृष्टिकोण से इतना महत्वपूर्ण हो गया है। क्या है घोसी उपचुनाव का समीकरण, बता रहे हैं आजाद सिपाही के **विशेष संवाददाता राकेश सिंह।**

आजाद सिपाही विशेष


राकेश सिंह

### भाजपा के विनिंग कांबिनेशन का लिटमस टेस्ट

लोकसभा चुनाव से पहले यूपी के घोसी का रण अहम माना जा रहा है। पूर्वांचल में भारतीय जनता पार्टी ने दारा सिंह चौहान और ओम प्रकाश राजभर को अपने पाले में लाकर एक बड़ा राजनीतिक दांव खेल दिया है। ओम प्रकाश राजभर और दारा सिंह चौहान के जरिये पार्टी उम्मीद कर रही है कि ओबीसी वोट बैंक का बिखराव रोकने में सफलता मिलेगी। भाजपा की रणनीति वोट बैंक को एक पाले में लाकर विनिंग कांबिनेशन तैयार करने की है। घोसी विधानसभा उपचुनाव इस विनिंग कांबिनेशन का लिटमस टेस्ट साबित हो सकता है। भाजपा उम्मीदवार के पक्ष में ओम प्रकाश राजभर और संजय निषाद के चुनावी मैदान में उतरने का मतलब यह है कि एनडीए अपनी पूरी ताकत के साथ चुनाव लड़ रहा है।

ओम प्रकाश राजभर दावा कर रहे हैं कि घोसी में भाजपा उम्मीदवार दारा सिंह चौहान 50 हजार से अधिक वोटों से जीतेंगे। अगर ऐसा संभव होता है, तो पूर्वांचल ही नहीं, पूरे प्रदेश में संदेश जायेगा कि भाजपा को राजनीतिक बदलावों का फायदा मिला है। कहा यह भी जा रहा है कि घोसी का रण ओम प्रकाश राजभर और संजय निषाद के बारगेनिंग पावर पर भी असर डालेगा। हालांकि, इस क्षेत्र में दारा सिंह चौहान की भी अपनी अलग पकड़ मानी जाती है। यहां से वह सांसद भी रह चुके हैं। 2022 में घोसी के रिजल्ट को सपा की जीत से कहीं अधिक दारा सिंह चौहान की जीत के रूप में पेश किया गया।




### सपा के पिछड़ा-दलित-अल्पसंख्यक समीकरण की भी परीक्षा

विपक्षी गठबंधन आइएनडीआइए ने भी घोसी विधानसभा चुनाव में अपनी पूरी ताकत झोंक दी है। दरअसल, घोसी उपचुनाव इस गठबंधन के सदस्यों की ताकत को भी दिखायेगा। यूपी विधानसभा चुनाव 2022 में समाजवादी पार्टी ने घोसी में भाजपा से आये दारा सिंह चौहान को उतारा था। दारा सिंह चौहान जीते और फिर पार्टी बदलकर भाजपा में चले गये। अब उनके सामने पूर्व विधायक सुधाकर सिंह को उतारकर समाजवादी पार्टी ने एक बड़ा गेम प्लान तैयार किया है। पार्टी ओबीसी वोट बैंक को साधने की कोशिश कर रही है। अखिलेश यादव पिछले दिनों में पीडीए (पिछड़ा-दलित-अल्पसंख्यक) समीकरण की चर्चा करते दिखे हैं। यह माय (मुस्लिम-यादव) समीकरण से पूरी तरह अलग है। मुलायम सिंह यादव के निधन के बाद अखिलेश ने अपनी राजनीतिक जमीन को विस्तार देने की योजना पर काम शुरू किया है। घोसी विधानसभा उप चुनाव में उनके पीडीए समीकरण की भी परीक्षा होगी। अखिलेश को इस उप चुनाव में कांग्रेस और राष्ट्रीय लोक दल का साथ मिल गया है।

### बसपा चुनावी मैदान में नहीं

बसपा इस चुनावी मैदान में नहीं है। पार्टी की ओर से चुनाव को लेकर कोई चर्चा ही नहीं हुई है। ऐसे में विपक्षी गठबंधन के दलों को देखें, तो कांग्रेस सवर्ण, पिछड़ा, दलित और अल्पसंख्यक वोट बैंक में अपनी जगह बनाती दिख रही है। अगर वह अपने वोट बैंक को सपा के पाले में शिफ्ट कराती है, तो घोसी का परिणाम बदल सकता है। हालांकि, घोसी में पार्टी के कैडर की स्थिति के बारे में अखिलेश को भी पता है। घोसी में रालोद का समर्थन वोट बैंक से इतर मोरल ज्यादा लगता है।

### शिवपाल यादव की भी परीक्षा है

मैनपुरी लोकसभा उपचुनाव के दौरान शिवपाल यादव समाजवादी पार्टी के लिए सक्रिय हुए। करीब एक दशक पुरानी अखिलेश से रंजिश को भुलाकर परिवार एक हुआ, तो मैनपुरी में विशाल जीत मिली। मुलायम के निधन के बाद खाली हुई सीट पर डिंपल यादव जीतकर लोकसभा पहुंचीं। शिवपाल को इनाम के तौर पर सपा का राष्ट्रीय महासचिव बनाया गया। अखिलेश की कोर टीम में शामिल शिवपाल अपनी राजनीतिक जमीन और रसूख का प्रदर्शन करने के लिए घोसी के मैदान में उतरे हुए हैं। घर-घर प्रचार कर रहे हैं। घोसी सीट का परिणाम ऐसे में शिवपाल यादव के लिए भी काफी महत्वपूर्ण है। अगर वह सपा उम्मीदवार को जिता ले जाते हैं, तो पार्टी में उनका रसूख और बढ़ेगा। वहीं, घोसी के मैदान में प्रो रामगोपाल यादव भी उतरे हैं। हालांकि, अभी तक सीएम योगी आदित्यनाथ और सपा अध्यक्ष अखिलेश यादव की सक्रियता इस चुनाव को लेकर नहीं बढ़ी है। अगर ये दोनों जोर लगाते हैं तो यह घमासान और रोचक हो जायेगा।

# विहिप झारखंड के दधीचि पंचतत्व में विलीन

आजाद सिपाही संवाददाता



**रांची।** विश्व हिंदू परिषद, झारखंड प्रांत के दधीचि कहे जानेवाले वरिष्ठ प्रांत उपाध्यक्ष देवी प्रसाद शुक्ला का पार्थिक शरीर रविवार को हरमू के मुक्तिधाम में पंचतत्व में विलीन हो गया। 94 वर्षीय देवी प्रसाद शुक्ला का निधन शनिवार 26 अगस्त को संध्या 5 बजे रांची के सेवा सदन अस्पताल में हो गया था। रविवार को उनके पार्थिक शरीर को हरमू रोड स्थित प्रांत कार्यालय में दर्शन और श्रद्धांजलि के लिए 8:00 बजे से 10:00 बजे रखा गया था, जहां सैकड़ों कार्यकर्ताओं ने भावभीनी श्रद्धांजलि दी और अपनी नम आंखों से विदाई दी।

**अपूरणीय क्षतिः विनोद बंसलः** इस अवसर पर विश्व हिंदू परिषद के केंद्रीय प्रवक्ता विनोद बंसल ने श्रद्धांजलि अर्पित करते हुए कहा कि यह संगठन के लिए अपूरणीय क्षति है। दधीचि की भांति उन्होंने अपना जीवन के साथ-साथ अपने शरीर को भी दान करने की घोषणा की थी, जो आज उनके पार्थिव शरीर को अध्ययन के लिए रिम्स को सुपुर्द कर पूर्ण किया गया। यह समाज के लिए एक अनुकरणीय संदेश है।

क्षेत्र मंत्री वीरेंद्र विमल ने बताया कि शुक्ला जी का जन्म 01 जनवरी, 1932 में कानपुर में हुआ था। 1951 में कानपुर में जनसंघ के पूर्णकालिक बने थे। 1985 से झारखंड में विहिप से जुड़े और वर्तमान में विहिप के कई दायित्वों का निर्वहन करते हुए प्रांत उपाध्यक्ष के रूप में कार्यालय में ही निवास कर रहे थे। उन्होंने कहा कि राम जन्मभूमि आंदोलन के समय भोगनाडीह से आरंभ सिदो- कान्हू यात्रा, श्रीराम ज्योति यात्रा आदि में मुख्य वक्ता के रूप में समाज का मार्गदर्शन किया था। 1990 में बलिदान हुए कारसेवकों की श्रद्धांजलि के रूप में रचित गीत चलो राम भक्तों चलो फिर से दोबारा सरयू में बहते लहू ने पुकारा हमारे हृदय में मानव विद्युत तरंगों का संचार करता था।

प्रांत मंत्री डॉ वीरेंद्र साहू ने कहा शुक्ला जी का जीवन युवाओं के लिए सदैव प्रेरणादायी रहेगा। लगभग एक शताब्दी तक के जीवन में पांच दशक तक समाज को संत की भांति दिशा निर्देशित करते रहे। भगवान पुरुषोत्तम श्रीराम के अनन्य भक्त थे। राम जन्मभूमि मंदिर निर्माण आंदोलन में उनकी भूमिका झारखंड प्रांत में अग्रणी थी।

अंतिम संस्कार यात्रा में विहिप केंद्रीय प्रवक्ता विनोद बंसल जी, केंद्रीय सहमंत्री उमेश पौडवाल, क्षेत्रीय अध्यक्ष रामस्वरूप रुंगटा, प्रांत अध्यक्ष पंचम सिंह, क्षेत्र मंत्री वीरेंद्र विमल, क्षेत्रीय संगठन मंत्री आनंद पांडेय, क्षेत्र धर्म प्रसार उपेंद्र कुशवाहा, रांची सांसद संजय सेठ, भाजपा नेता संजय जयसवाल, राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ के महानगर संघचालक पवन मंत्री, राजू कमल बिद्ध, प्रांत उपाध्यक्ष गंगा प्रसाद यादव, प्रांत मंत्री डॉ वीरेंद्र साहू, संगठन मंत्री देवी सिंह, सहमंत्री रंगनाथ महतो व रामनरेश सिंह, राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ का प्रचार प्रसार सहप्रमुख संजय आजाद, सेवा प्रमुख अजय अग्रवाल, मातृशक्ति प्रमुख दीपारानी कुंज, समाजिक समरसता प्रमुख मिथिलेश्वर मिश्र, प्रचार प्रसार प्रांत सहप्रमुख प्रकाश रंजन, धर्म प्रचार प्रांत सहप्रमुख सच्चिदानंद कुमार, सेवा सहप्रमुख अशोक अग्रवाल, राष्ट्र सेविका समिति के त्रिफुला दास, रेणु अग्रवाल, गिरजाशंकर पांडेय जुगल किशोर, विभाग मंत्री किशुन झा, रवि शंकर राय, अमर प्रसाद, महानगर अध्यक्ष कैलाश केसरी, मंत्री चंद्रदीप दुबे, गोपाल पारीक, रांची ग्रामीण अध्यक्ष रामेश्वर दयाल, विनय कुमार, मंत्री रोबिन कुमार, विश्वरंजन कुमार, रोहित परमार, नागेंद्र शुक्ला, दीपक साहू, बबिता हिंदू, बीना मिश्रा, पारस मिश्रा, राजेन्द्र दुबे, राम प्रताप सिंह, नवीन पांडे, बिपिन सिंह, अनूप कुमार, ज्ञान प्रकाश लोहरा शामिल हुए।

### देवी प्रसाद शुक्ल के निधन पर सांसद ने संवेदना प्रकट की



रांची (आजाद सिपाही)। विश्व हिंदू परिषद झारखंड प्रांत के वरिष्ठ प्रांत उपाध्यक्ष देवी प्रसाद शुक्ल के आकस्मिक निधन पर रांची के सांसद संजय सेठ ने गहरी संवेदना प्रकट की है। उनके निधन पर सांसद संजय सेठ प्रांतीय कार्यालय जाकर पुष्पांजलि अर्पित कर अपनी श्रद्धा सुमन अर्पित की सांसद सेठ ने कहा देवी प्रसाद जी सादा जीवन उच्च विचार रखने वाले सदा लोगों को प्रेरणा देने वाले ऐसे व्यक्तित्व के धनी को आज हम लोगों ने खो दिया है सांसद सेठ ने बताया उनके सानिध्य में राम मंदिर आंदोलन, मंदिर निर्माण हेतु शिलापूजन सहित समाज के कई अनुकरणीय कार्य करने का सौभाग्य उनके साथ मिला था।

# चारा घोटाला मामले में 124 आरोपितों पर फैसला आज

**रांची (आजाद सिपाही)।** चारा घोटाले से जुड़े कांड संख्या (आरसी 48ए/96) में डोरंडा कोषागार से 36 करोड़ 59 लाख रुपये की अवैध निकासी मामले में 28 अगस्त को 124 आरोपितों पर फैसला आयेगा। सीबीआइ के विशेष न्यायाधीश विशाल श्रीवास्तव की अदालत इस मामले में अपना फैसला सुनायेगी। अदालत ने 24 जुलाई को सभी पक्षों की सुनवाई पूरी करने के बाद फैसले की तिथि निर्धारित की थी। साथ ही फैसले की तिथि पर इन सभी आरोपितों को सशरीर उपस्थित रहने का निर्देश दिया है। इस मामले में सीबीआइ की ओर से 594 गवाहों को प्रस्तुत किया गया है। डोरंडा कोषागार से यह अवैध निकासी वर्ष 1990-91 और 1994-95 के दरम्यान फर्जी आवंटन पत्र के आधार पर की गयी थी। इन आरोपितों में से 38 लोक सेवक रहे हैं, जिनमें से आठ कोषागार पदाधिकारी हैं। 86 आपूर्तिकर्ता मामले में आरोपित हैं। आरोपितों में 16 महिलाएं भी हैं। सबसे महत्वपूर्ण बात यह है कि आरोपितों में सबसे उम्रदराज 90 वर्षीय तत्कालीन जिला पशुपालन पदाधिकारी डॉ गौरी शंकर प्रसाद भी शामिल हैं। हालांकि आरोपितों में 12 से अधिक ऐसे भी हैं, जिनकी उम्र 80 वर्ष या इससे ज्यादा है।

देश-विदेश की खबरों के लिए क्लिक करें
www.azadsipahi.in

# चाइबासा के टोंटो मुठभेड़ में शामिल दो नक्सली तुंबहाका से गिरफ्तार

आजाद सिपाही संवाददाता

**चाइबासा।** पश्चिमी सिंहभूम के टोंटो के तुम्बाहाका के जंगल में हुई मुठभेड़ में शामिल दो नक्सलियों को पुलिस ने शनिवार को गिरफ्तार कर लिया। 14 अगस्त को हुई मुठभेड़ में झारखंड जगुआर के अवर निरीक्षक (एसआइ) अमित तिवारी एवं सिपाही गौतम कुमार शहीद हो गये थे। यह जानकारी एसपी आशुतोष शेखर ने पत्रकारों को दी।

एसपी ने बताया कि झारखंड जगुआर, सीआपीएफ और कोबरा सशस्त्र बल की ओर से संयुक्त सर्च अभियान चलाया जा रहा था। इसी अभियान के क्रम में 14 अगस्त की शाम 7 बजे प्रतिबंधित माकपा माओवादियों ने पुलिस बल पर फायरिंग की। इस मुठभेड़ में जगुआर के एसआइ अमित तिवारी

### आरोपियों ने स्वीकार की संलिप्तता

और जवान गौतम कुमार शहीद हो गये थे। एसपी ने बताया कि 25 अगस्त को सूचना प्राप्त मिली थी कि मुठभेड़ में संलित अभियुक्त अपने गांव तुम्बाहाका आये हुए हैं। एसपी ने छापेमारी दल का गठन किया था। छापेमारी के दौरान तुम्बाहाका के रामजा हेंब्रम और पांडू पूर्ति को पुलिस ने गिरफ्तार कर लिया। दोनों ने संलिप्तता को स्वीकार किया है। पांडू पूर्ति का भाई भी माओवादी दस्ता का सदस्य है।

**सुरक्षाबलों ने कैंप किया ध्वस्त, कई सामान बरामद**

चाइबासा। कोल्हान में नक्सलियों के खिलाफ सुरक्षाबलों का लगातार अभियान जारी है। इसी के तहत रविवार को कराईकेला थानांतर्गत उलीबेरा और गितिउली जंगल के समीप पहाड़ी एवं जंगली क्षेत्र में प्रतिबंधित नक्सली संगठन भाकपा माओवादी के बनाये कैंप का ध्वस्त किया। इस दौरान कई सामान भी बरामद किये। इसके तहत 30 किलोग्राम चावल व दाल समेत अन्य दैनिक उपयोग की वस्तुएं, सात प्लास्टिक टेंट, दो जोड़े जूते, दो बैटरी, बिजली का तार, एक गैती, दो मशाल, थर्मस, बर्तन, मग और विभिन्न प्रकार के आवश्यक जीवनरक्षक दवाइयों को बरामद किया। बताया गया कि चाइबासा पुलिस, कोबरा बटालियन, झारखंड जगुआर और सीआरपीएफ की संयुक्त टीम नक्सलियों के खिलाफ लगातार अभियान चला रही है।

# गोड्डा ज्वेलरी शॉप लूटकांड में दो गिरफ्तार

आजाद सिपाही संवाददाता

**गोड्डा।** जिले के महागामा अनुमंडल मुख्यालय स्थित बाजार के केसरी मोहल्ला में विजय कलाल ज्वेलर्स से शनिवार को दिनदहाड़े लूटपाट की घटना को अंजाम देकर भाग रहे अपराधियों को पुलिस ने देर रात धर दबोचा। घटना में भाग रहे एक अपराधी की नहर में डूबने से मौत भी हो गयी, जबकि एक फरार हो गया। जानकारी के अनुसार लूट की घटना के बाद फायरिंग करते हुए अपराधी भाग रहे थे। सूचना पर महागामा, मेहरमा बोआरीजोर और ललमटिया थाना पुलिस ने त्वरित रूप से नाकाबंदी कर पूरे क्षेत्र को सील कर दिया था। बताया जाता है कि दो बाइक पर सवार चार अपराधी मेहरमा के घोरीचक-बोआरीजोर मुख्य मार्ग होकर भागने के क्रम में बाइक को वहीं खड़ी कर चारों अलग-अलग दिशा में भागने लगे। इसमें से एक अपराधी पास स्थित बटेश्वर गंगा पंप नहर में कूद गया जिससे उसकी मौत हो गयी। दूसरे अपराधी को भलुआ गांव के नजदीक बहियार में ग्रामीणों ने खदेड़ कर पकड़ा। तीसरे अपराधी को तुलारामभुस्का पंचायत के बेनीदास भुस्का गांव के बहियार में ग्रामीणों ने पकड़ा। हालांकि घटना में संलिप्त चौथा अपराधी भागने में सफल रहा। अनुमंडल पुलिस पदाधिकारी शिव शंकर तिवारी ने रविवार को बताया कि लूटे गये सोने-चांदी के पूरे आभूषणों को बरामद कर लिया। गिरफ्तार अपराधियों में मुकेश कुमार और उदय गोंड शामिल हैं।

आजाद सिपाही | झारखंड में सबसे ज्यादा देखा जाने वाला चैनल
189200 Subscribers
VIEWERSHIP 3 Crore 90 lakh+
12 Crore + Watch Time (min)
YouTube Channel
Subscribe NOW

वेदर

| शहर | अधिकतम | न्यूनतम |
| --- | --- | --- |
| रांची | 30.2 °c | 22.8 °c |
| सूर्यास्त (आज) : | | 18.12 बजे |
| सूर्योदय (कल) : | | 05.30 बजे |



## जनसभा में बरसे प्रदेश अध्यक्ष : हेमंत सरकार में भ्रष्टाचार चरम पर

# अफसर बोलते हैं, हर महीना रिचार्ज कराना पड़ता है : बाबूलाल मरांडी

कहाः प्रदेश से अपराध, भ्रष्टाचार, परिवारवाद, तुष्टिकरण समाप्त करने के लिए हेमंत सरकार को उखाड़ फेंकने का संकल्प लें

2024 में नरेंद्र मोदी को तीसरी बार प्रधानमंत्री बनायें, झारखंड में भी भाजपा की सरकार बनायें



आजाद सिपाही संवाददाता

**जामताड़ा।** भाजपा प्रदेश अध्यक्ष और पूर्व मुख्यमंत्री बाबूलाल मरांडी ने अपनी संकल्प यात्रा के द्वितीय चरण में जामताड़ा की जनसभा के साथ संथाल परगना के 18 विधानसभा क्षेत्र की जनसभा को संबोधित किया। श्री मरांडी ने बारिश के बीच जनसभाओं में हजारों की संख्या में शामिल होकर उनकी बातों को सुनने के लिए संथाल परगना की जनता का हृदय से आभार प्रकट किया। उन्होंने कहा कि जनता के स्नेह और समर्थन से संकल्प यात्रा अब जनसंकल्प यात्रा में बदल गयी है। श्री मरांडी ने कहा कि झारखंड राज्य भाजपानीत अटल सरकार की देन है। भाजपा राज्य गठन से लेकर राज्य के सर्वांगीण विकास के लिए समर्पित है। लेकिन अलग राज्य की लड़ाई का ढिंढोरा पीटनेवाले झामुमो, कांग्रेस और राजद के लोगों ने क्या किया, यह जनता जानती है। ये झारखंड आंदोलन को बेचने और खरीदनेवाले लोग हैं। कोई लाश पर बनने की कसम खानेवाले लोग हैं। शिबू सोरेन को तिहाड़ जेल जाने की कहानी झारखंड की जनता जानती है।

उन्होंने कहा कि अटल जी की सरकार ने संथाली भाषा को 8वीं अनुसूची में जोड़ा, आदिवासी मंत्रालय बनाये। आज मोदी सरकार ने पिछले नौ वर्षों में गांव के गरीब किसान के कल्याण के लिए अनेक योजनाएं चलायी। आज केंद्र सरकार में आदिवासी समाज से आजाद भारत के इतिहास में पहली बार आठ मंत्री जनजाति समाज से हैं। भगवान बिरसा की जयंती 15 नवंबर को जनजाति गौरव दिवस घोषित हुआ। आज भारत की पहली आदिवासी महिला राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू को बना कर आदिवासियों का सम्मान बढ़ाया। उन्होंने कहा कि केंद्र सरकार की ओर से संथाल परगना में विकास की गाथा लिखी जा रही। दुमका का मेडिकल कॉलेज, देवघर में एम्स की स्थापना, एयरपोर्ट, साहेबगंज में बंदरगाह और गंगा पुल का निर्माण मोदी सरकार की देन है।

श्री मरांडी ने कहा एक तरफ केंद्र सरकार जनता के विकास के लिए काम कर रही, वहीं राज्य की हेमंत सरकार कमाने के लिए। राज्य में भ्रष्टाचार, लूट का तांडव मचा है। मुख्यमंत्री के क्षेत्र में भी गरीबों के अनाज की लूट मची है। खान खनिज की लूट हो रही, गरीबों, आदिवासियों की जमीन लूट ली जा रही। कहा कि सोरेन परिवार नाम बदल कर गरीब आदिवासियों की जमीन ले रहा है।

उन्होंने कहा कि हेमंत सरकार में अपराधियों की हिम्मत बढ़ गयी है। रोज हत्या लूट बलात्कार की घटनाएं हो रहीं। राज्य में आदिवासी, दलित पिछड़ा, बहन बेटियां कोई सुरक्षित नहीं। बेटियों को पेट्रोल से जला दिया जा रहा, हत्या करके पेड़ पर टांग दिया जा रहा। और पुलिस अपराधियों को नहीं पकड़ कर पैसे की वसूली कर रही। उन्होंने कहा कि राज्य में पुलिस प्रशासन के पदाधिकारी बोलते हैं कि उन्हें पद पर बने रहने के लिए हर माह रिचार्ज कराना पड़ता है।

उन्होंने कहा कि तुष्टिकरण के कारण गो तस्करों पर कारवाई नहीं हो रही। पुलिस को सरकार कार्रवाई नहीं करने का निर्देश देती है। आज लाखों की संख्या में झारखंड से पशुधन की तस्करी हो रही। बांग्लादेश भेजा जा रहा। उन्होंने कहा कि भाजपा चुपचाप झारखंड को बर्बाद होते नहीं देख सकती। इसलिए जनता को सत्ता संपोषित भ्रष्टाचार, अपराध और तुष्टिकरण से मुक्ति दिलाने का संकल्प लेकर यह संकल्प यात्रा चली है।

### हेमंत सरकार में चारों तरफ मची है लूट

टुंडी। संकल्प यात्रा के दौरान टुंडी विधानसभा क्षेत्र की जनता को संबोधित करते हुए भारतीय जनता पार्टी के प्रदेश अध्यक्ष और पूर्व मुख्यमंत्री बाबूलाल मरांडी ने हेमंत सरकार पर करारा प्रहार किया। कहा कि इस सरकार में लूट ही लूट मची है। उन्होंने कहा कि सरकार को लुटेरी सरकार कहने पर हमारे ऊपर आधा दर्जन झूठे केस करवा दिया। उन्होंने कहा कि संथाल परगना बिल्डर्स कंपनी के झूठे आरोप भी मुझ पर लगाये। उन्होंने कहा हेमंत सोरेन जी आपकी सरकार है एफआइआर कर जांच करवा लें। झूठी राजनीति करना बंद करें। साथ ही उन्होंने इडी पर बोलते हुए कहा कि अगर हेमंत सोरेन ने गड़बड़ी नहीं की है तो फिर डर कैसा है। महंगे से महंगा वकील रखने की जरूरत क्या है।

### जामताड़ा में कार्यकर्ताओं संग सुनी पीएम के मन की बात

जामताड़ा। भाजपा प्रदेश अध्यक्ष बाबूलाल मरांडी संकल्प यात्रा के दूसरे चरण में रविवार को जामताड़ा पहुंचे। उन्होंने जामताड़ा सर्किट हाउस में भाजपा कार्यकर्ताओं संग पीएम के मन की बात सुनी। मरांडी ने प्रधानमंत्री की प्रशंसा करते हुए कार्यक्रम को सफल बताया। साथ ही कार्यकर्ताओं से मिल कर आगे की रणनीति पर चर्चा की। बाबूलाल मरांडी ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी मन की बात कार्यक्रम के जरिए लोगों की भावना से जुड़ते हैं। सभी क्षेत्रों में लोगों को आगे बढ़ाने हुए जागरूक करते हैं। उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री 24 घंटे देश की सेवा और जनता की सेवा में लगे रहते हैं।

## गुरुजी के दिये संस्कार के कारण चुप थे, मगर अब उनके अंदाज में ही जवाब देंगे : सुप्रियो

आजाद सिपाही संवाददाता

**रांची।** सुप्रियो भट्टाचार्य ने कहा कि गुरुजी ने अपने परिवार और कार्यकर्ताओं को राजनीति में कितनी भी विचारधारा मेल न खाती हों, मगर निजी आरोप, आक्षेप नहीं लगाने का संस्कार दिया है। मगर बाबूलाल मरांडी अपनी यात्रा के दौरान हर दिन सोरेन परिवार पर निजी आक्षेप लगा रहे हैं, हमला कर रहे हैं। इसलिए अब झामुमो ने भी कमर कस ली है। झामुमो भी बाबूलाल मरांडी को उनके ही अंदाज में जवाब देगा। अगर उन्होंने यह सब बंद नहीं किया, तो आने वाले दिनों में कई और निजी बातें पूरे प्रमाण के साथ जनता के बीच लायी जायेंगी। उनके आलाकमान और जांच एजेंसियों तक इसे पहुंचाया जायेगा।

### 2004 में बाबूलाल ने भाजपा छोड़ी और 2005 में संथाल परगना बिल्डर्स कंपनी बनी

सुप्रियो ने कहा कि सभी को याद होगा कि 2004 में बाबूलाल ने भाजपा को कोसते-कोसते भाजपा छोड़ी। 2005 में उन्होंने



झारखंड विकास मोर्चा का गठन किया। इसके बाद पार्टी को चलाने, चुनाव जीतने के लिए इस कंपनी के द्वारा रुपये का अदान-प्रदान शुरू हुआ। इसकी आड़ में कई तरह के निवेश हुए। कई तरह की जमीन की खरीद-बिक्री और हस्तांतरण हुआ। राजनीति में विचारों का मेल नहीं खाना अलग बात है और किसी परिवार पर निजी हमला अलग। बाबूलाल ने अब अपना होश-हवास खो कर अनाप-शनाप आक्षेप लगाना शुरू कर दिया है। इसलिए अब झामुमो भी चुप बैठने वाला नहीं है। उन्होंने बाबूलाल को इसके लिए तैयार रहने की चेतावनी दी।

## राशिफल

डॉ एनके बेरा | 9431114351

| राशि | फल |
| --- | --- |
| मेष | कठिनाइयों का निवारण होगा, दिमागी समाधान निकालने में समर्थ होंगे। |
| वृष | प्रभावशाली व्यक्तित्व का विकास, यशस्वी कार्य करने का अवसर मिलेगा। |
| मिथुन | रोजगार-व्यापार के क्षेत्र में लाभकारी वातावरण की शुरूआत होगा। |
| कर्क | सद्भावनाएं एवं शुभ संदेश प्राप्त होगा, गृहोपयोगी वस्तुओं का संचय करेंगे। |
| सिंह | परिस्थितियों में सुधार,परिश्रम-प्रयत्न से नौकरी-व्यापार में बिगड़ा काम बनेगा। |
| कन्या | परीक्षा-प्रतियोगिता में आपको प्रयासों के अनुरूप सफलता मिलेगी, नयी आशाओं का उदय होगा। |
| तुला | परिश्रम से इच्छित सफलता की ओर अग्रसर रहेंगे। आर्थिक संतुलन बनाये रखने में सफल होंगे। |
| वृश्चिक | चिंतित मनोरथ की सिद्धि होगी, बिजनेस में शुभ परिवर्तन, आर्थिक लाभ,सम्मान-स्वाभिमान की रक्षा। |
| धनु | बौद्धिक प्रयासों में सफलता मिलेगी, रूके कामों में प्रगति। कई लोगों का साथ मिलेगा। |
| मकर | साहसिक कार्य में सफलता, पारिवारिक सुख-साधनों में वृद्धि, विरोधियों पर विजय। |
| कुंभ | घर-गृहस्थी का अच्छा सुख मिलेगा, कर्मक्षेत्र में संतोषजनक प्रगति। |
| मीन | रोजी-रोजगार के क्षेत्र में चिंतनीय वातावरण से मुक्ति मिलेगी, परिश्रम का फल मिलेगा। |

## असदुद्दीन ओवैसी 30 अगस्त को डुमरी जायेंगे

आजाद सिपाही संवाददाता

**रांची।** डुमरी विधानसभा उपचुनाव 5 सितंबर को है। अपनी पार्टी के प्रत्याशी अब्दुल मोबिन रिजवी के समर्थन में जनता से वोट मांगने को ऑल इंडिया मजलिस-ए-इत्तेहादुल मुस्लिमीन (एआइएमआइएम) पार्टी के चीफ और सांसद असदुद्दीन ओवैसी 30 अगस्त को डुमरी पहुंचेंगे। इसी दिन केबी हाई स्कूल ग्राउंड, डुमरी में वह रिजवी के समर्थन में जनसभा भी करेंगे। उनके साथ झारखंड खतियान मोर्चा



के प्रमुख और पूर्व विधायक सूर्य सिंह बेसरा भी जनता से तीसरे विकल्प के तौर पर रिजवी को चुनाव में विजयी बनाने की अपील जनता से करेंगे।

एआइएमआइएम के प्रदेश अध्यक्ष मो शाकिर ने बताया कि डुमरी सहित राज्य की जनता को यहां तीसरे विकल्प की तलाश है। इसमें एआइएमआइएम और खतियान मोर्चा तथा अन्य का गठबंधन उन्हें विकल्प देने में सक्षम है। राज्य अलग बनने के बाद से यहां भाजपा, झामुमो, कांग्रेस सहित सबों के गठबंधन को जनता ने देख लिया है। पर मूलवासी, अल्पसंख्यक, आदिवासियों और अन्य की उम्मीदों पर कोई खरा नहीं उतरा है।

## झारखंड प्रदेश तेली समाज का एक दिवसीय अधिवेशन




तेली समाज ने आगामी लोकसभा और विधानसभा चुनाव को लेकर भरी हुंकार

आजाद सिपाही संवाददाता

**रांची।** झारखंड प्रदेश तेली समाज का एक दिवसीय अधिवेशन में आगामी लोकसभा और विधानसभा चुनाव को लेकर हुंकार भरी गयी। वहीं अधिवेशन में झारखंड के सभी तेली समाज को एकजुट रहने का आह्वान किया गया। रविवार को सहजानंद चौक हरमू स्थित स्वागतम बैक्वेंट हॉल में अधिवेशन में प्रदेश के विभिन्न जिलों से आये तेली समाज के प्रतिनिधियों ने समाज को एकत्रित करने का संकल्प लिया। अधिवेशन के मुख्य अतिथि यूपी के सांसद संगम लाल गुप्ता ने कहा कि राज्य के तेली समाज अगर एकजुट हो जाये तो सांसद और विधायक बनाने की क्षमता रख सकते हैं। अपने समाज को बिखरने नहीं दें। अगर एकजुट और संगठित रहेंगे तो राजनीतिक पार्टियां भी आपके आगे झुकेंगी। समाज एकजुट रहे इसका प्रयास सभी को मिलकर करना होगा। प्रदेश में आपको अपने अधिकार और आरक्षण का लाभ चाहिए। अपनी संगठित ताकत को दिखायें और अपना हक प्राप्त करें। सांसद ने कहा कि झारखंड में ओबीसी समाज को 27 प्रतिशत आरक्षण का लाभ मिलना चाहिए। प्रदेश सरकार ओबीसी समाज के अधिकार को छिनने का प्रयास कर रही है। नेपाल से आये तेली समाज के राष्ट्रीय अध्यक्ष दिलीप साहू ने कहा कि घर-घर जाकर अपने समाज को एकजुट करें। तभी आपको अपना हक मिल पायेगा। कार्यक्रम की अध्यक्षता करते हुए के प्रदेश अध्यक्ष अरुण साहू ने कहा कि बिखरे हुए समाज को एकजुट करना है। यह एकजुटता तभी आयेगी जब हम सभी एक मंच पर आयेंगे। तभी राजनीतिक पार्टियां भी हमारी ताकत को समझेगी। झारखंड में हमारी जनसंख्या 18 से 20 प्रतिशत है। यह हमारी ताकत है। तेली समाज अगर सशक्त होगा। तभी हम अपने अधिकार की लड़ाई लड़ सकते हैं। कार्यक्रम का संचालन निरजंन भारती ने किया। मौके पर कलिंदर साहू, साबी देवी, रिपू सुदन साहू, अनिता देवी, डॉ सुभाष साहू, प्रकाश साहू, भुनेश्वर साहू, रामदास साहू समेत विभिन्न जिलों के प्रतिनिधि मौजूद थे।

## श्रीकृष्ण जन्माष्टमी महोत्सव 6 और 7 सितंबर को

आयोजन स्थल अल्बर्ट एक्का चौक पर दही हांडी लटकायी गयी

पुरुष गोविंद को 71 हजार प्रथम पुरस्कार, 31 हजार द्वितीय पुरस्कार, 21 हजार तृतीय पुरस्कार के रूप में दिये जायेंगे

महिला गोविंदा को 51 हजार प्रथम और 21 हजार द्वितीय पुरस्कार के रूप में दिये जायेंगे



पुरुष गोविंदा के लिए 25 फीट पर रहेगी हांडी, एवं महिला गोविंदा के लिए 20 फीट पर रहेगी हांडी

प्रत्येक टीम को हांडी फोड़ने का पांच मिनट का समय दिया जायेगा

मोटे अनाज का लगाया जायेगा जन्माष्टमी पर महाभोग, जिसे आम लोगों के बीच वितरण किया जायेगा

आजाद सिपाही संवाददाता

**रांची।** श्री कृष्ण जन्माष्टमी महोत्सव समिति के सानिध्य में अल्बर्ट एक्का चौक कार्यक्रम स्थल पर 6 और 7 सितंबर को श्री कृष्ण जन्माष्टमी महोत्सव मनाया जायेगा। रविवार को प्रातः 7:30 बजे समिति के संरक्षक संजय सेठ और अध्यक्ष मुकेश काबरा सहित समिति के सदस्यों के नेतृत्व में जन्माष्टमी महोत्सव पर होनेवाली दही हांडी फोड़ो प्रतियोगिता के लिए एक मटकी को सजा कर उसमें माखन भर कर हांडी को आयोजन स्थल पर लगाया गया। इस अवसर पर संरक्षक संजय सेठ की अध्यक्षता में श्री राम मंदिर परिसर में समिति के सदस्यों के साथ बैठक हुई और कई निर्णय लिये गये।

समिति के संरक्षक संजय सेठ और अध्यक्ष मुकेश काबरा ने बताया कि समिति के द्वारा ग्यारहवीं बार यह महोत्सव मनाया जा रहा है। प्रथम दिन 6 तारीख को संध्या 4:00 बजे श्री कृष्ण की बाल गोपाल प्रतियोगिता और झांकी प्रतियोगिता का आयोजन रखा गया है, जिसमें श्री कृष्ण के विभिन्न रूपों के साथ बाल गोपाल बच्चे, बच्चियां इस प्रतियोगिता में भाग ले सकेंगे। श्री कृष्ण बाल रूप झांकी का उद्घाटन धार्मिक और सामाजिक संस्था के अध्यक्ष और सचिव सहित विशिष्ट अतिथियों के द्वारा किया जायेगा।

7 सितंबर को संध्या 5:00 बजे दही हांडी- फोड़ो प्रतियोगिता सह भजन संध्या सहित नृत्य नाट्य के मंचन का आयोजन रखा गया है। दही हांडी प्रतियोगिता में पुरुष और महिला गोविंदा टीम भाग ले सकेंगी। दही-हांडी प्रतियोगिता में रजिस्ट्रेशन के साथ कुछ नियम और शर्तें भी रखी गयी हैं। दही हांडी प्रतियोगिता में भाग लेने वाले पुरुष और महिला गोविंदा की उम्र 18 वर्ष होनी चाहिए। टीम के किसी भी सदस्य द्वारा नशा पान किये जाने पर पूरी टीम को प्रतियोगिता से बाहर कर दिया जायेगा। महिला गोविंदा के लिए दही हांडी की ऊंचाई 20 फीट और पुरुष गोविंदा के लिए 25 फीट की ऊंचाई रखी गयी है। पुरुष गोविंदा को 71 हजार प्रथम, 31 हजार द्वितीय, 21 हजार तृतीय पुरस्कार के रूप में दिया जायेगा। वहीं महिला गोविंदा को 51 हजार प्रथम, 21 हजार द्वितीय पुरस्कार के रूप में दिया जायेगा। एक से ज्यादा टीमों के गोविंदा द्वारा हांडी फोड़े जाने पर कम समय में हांडी फोड़ने वाली गोविंदा टीम को प्रथम, द्वितीय और तृतीय पुरस्कार दिए जायेंगे। गोविंदाओं की टीम और बाल गोपाल झांकी प्रतियोगिता में शामिल होने वाले प्रतिभागी 5 सितंबर के पूर्व मेन रोड, केडिया साईकिल और स्टेशन रोड पतंजलि में सतीश सिन्हा से फॉर्म लेकर रजिस्ट्रेशन जल्द से जल्द करा लें।

मीडिया प्रभारी प्रमोद सारस्वत, संजय पोद्दार ने यह जानकारी दी। हांडी लगाने वालों में संरक्षक संजय सेठ अध्यक्ष मुकेश काबरा, महासचिव जवाहर तनेजा, सचिव रमेंद्र कुमार, संजय जायसवाल , राम बांगड़, मीडिया प्रभारी प्रमोद सारस्वत, संजय पोद्दार, राज वर्मा, सतीश सिन्हा, ललन श्रीवास्तव, भीष्म सिंह, कुणाल आजमानी, मनोज तिवारी, नीरज चौधरी, कवलजीत सिंह संटी, विजय ओझा, संतोष सेठ, रामा शंकर बगड़िया, रवि मुंडा, बिपिन वर्मा, नीरज कुमार, रवि सिंह, आनद श्रीवास्तव, अशोक पुरोहित, नीलम चौधरी, विपिन वर्मा, बबलू चौधरी, नीरज चौधरी, जुगल दरगड, संजय गोयल, तुषार विजय वर्गीय सहित काफी संख्या में लोग उपस्थित थे ।

## केंद्रीय संचार ब्यूरो की 'मेरी माटी मेरा देश' अभियान आधारित पांच दिवसीय मल्टीमीडिया प्रदर्शनी का दूसरा दिन

# सांस्कृतिक कार्यक्रम और क्विज प्रतियोगिता हुई, विजेताओं को मिला पुरस्कार




आजाद सिपाही संवाददाता

**देवघर।** श्रावणी मेला के अवसर पर केंद्रीय संचार ब्यूरो, सूचना एवं प्रसारण मंत्रालय,भारत सरकार की रांची तथा दुमका इकाई द्वारा संयुक्त रूप से देवघर के आरएल सर्राफ विद्यालय परिसर में लगायी गयी पांच दिवसीय मल्टीमीडिया प्रदर्शनी के दूसरे दिन आमजनों तथा कावड़िये बड़ी संख्या में शामिल हुए। प्लास्टिक से बचने के मशवरे के साथ देवघर आये और प्रदर्शनी में आये श्रद्धालुओं को सीबीसी की ओर से कपड़े का थैला प्रस्तुत किया जा रहा है। इस अवसर पर स्कूली छात्र-छात्राओं तथा प्रदर्शनी देखने आये आगंतुकों द्वारा सांस्कृतिक कार्यक्रम जैसे गीत, डांस की प्रस्तुति भी दी गयी। सभी प्रतिभागियों को विभाग द्वारा दीवार- घड़ी, टिफिन, बैग इत्यादि से पुरस्कृत भी किया गया।

बता दें कि प्रदर्शनी का उद्घाटन 26 अगस्त को देवघर की समाजसेवी तथा जन प्रतिनिधि रीता चौरसिया के कर कमलों से संपन्न हुआ। इस अवसर पत्र सूचना कार्यालय रांची के संयुक्त निदेशक अब्दुल हामिद, आर एल सर्राफ विद्यालय के प्रभारी प्राचार्य राजीव कपूर, सीबीसी रांची के कार्यालय प्रमुख शाहिद रहमान, सीबीसी धनबाद के क्षेत्रीय प्रचार अधिकारी ओंकार पांडेय एवं स्कूल के वरिष्ठ शिक्षक भी अतिथि वक्ता के रूप में शामिल हुए।

प्रदर्शनी में केंद्र सरकार के विभिन्न जन-कल्याणकारी योजनाओं के बारे में विस्तृत जानकारी दी गयी है। साथ ही साथ चंद्रयान-3 पर सेल्फी प्वाइंट, मेरी माटी मेरा देश, एवं अमृत महोत्सव इत्यादि विषयों पर रोचक जानकारियां दी जायेंगी, जिसका लाभ यहां मौजूद छात्र-छात्राएं उठा रहे हैं। विजय स्तंभ का रेप्लिका, पीएम मोदी अपने हाथों में मिट्टी कलश लिए हुए मेरी माटी मेरा देश सेल्फी प्वाइंट, झारखंड के वीर सपूतों पर विशेष खंड और मशहूर सेनानियों की आदमकद फोटो रेप्लिका आदि का इस प्रदर्शनी में समायोजन किया जाना।

कार्यक्रम में मंच संचालन सीबीसी धनबाद के सहायक अधिकारी राज किशोर पासवान ने किया। वहीं इसके आयोजन एवं समन्वय में सहायक क्षेत्रीय प्रचार अधिकारी सफीक आलम आदि की भी महती भूमिका रही। सीबीसी रांची कार्यालय के कर्मी श्रीकांत मोदी तथा दुल्लम पांडेय, संजय कुमार एवं सुरेश उरांव भी प्रदर्शनी के आयोजन में अपना सहयोग दे रहे हैं। सोमवार को मेरी माटी मेरा देश एवं संबंधित विषयों पर जागरूकता कार्यक्रम एवं रैली, प्रश्नोत्तरी प्रतियोगिता इत्यादि प्रस्तावित है।

**AFFIDAVIT**

As per affidavit Ref. No. 63 dated 17.08.2023 I, **Dhaneshwar Yadav S/o Yamuna Yadav**, aged about 35 years, by faith- Hindu, Nationality-Indian, resident of Village-**Bindhaniya, P.O. & P.S.-Markacho, District-Koderma (Jharkhand)** do hereby solemnly affirm and declare as follows:-

1. That I am resident of the aforesaid address.
2. That in my daughter Aadhar Card No. **6323 8832 0126 my daughter name mentioned in Priti Kumari** and my daughter name 10 years National Seavings certificate in my daughter mentioned in **Sangeeta Kumari.**
3. That **Priti Kumari @ Sangeeta Kumari** was my daughter name and my daughter known by both names in my locality.
4. That my daughter correct name is **Sangeeta Kumari.**
5. That above said in my daughter Aadhar Card my daughter name is **Priti Kumari** be deleted and on its place my daughter name **Sangeeta Kumari** be insert.




# क्लीनिकल प्रशिक्षण के लिए पुणे रवाना



**आजाद सिपाही संवाददाता**

**रांची।** सरला बिरला विश्वविद्यालय की इकाई महादेवी बिरला इंस्टीट्यूट आफ नर्सिंग एंड क्लीनिकल टेक्नोलॉजी के जीएनम 2020 बैच के छात्र-छात्राओं को क्लीनिकल प्रशिक्षण के लिए आदित्य बिरला मेमोरियल हॉस्पिटल पुणे के लिए हटिया पुणे एक्सप्रेस से रवाना किया गया। विश्वविद्यालय के कुलपति प्रोफेसर गोपाल पाठक, मुख्य कार्यकारी पदाधिकारी डॉ प्रदीप कुमार वर्मा, कुलसचिव प्रोफेसर विजय कुमार सिंह, नर्सिंग की डीन डॉ सुबानी बाड़ा, नर्सिंग कोऑर्डिनेटर आशुतोष द्विवेदी सहित विभाग के सभी शिक्षकों ने जीएनएम 2020 बैच के सभी प्रशिक्षणार्थियों को कुशल प्रशिक्षण प्राप्त कर बेहतर सेवा करने की शुभकामनाएं दी हैं।

# डीएसपीएमयू में राष्ट्रीय संस्कृत संगोष्ठी का समापन



**आजाद सिपाही संवाददाता**

**रांची।** संस्कृत भारती के अखिल भारतीय संघटन दिनेश कामत ने रविवार को कहा कि संस्कार के लिए संस्कृत की आवश्यक है और यह केवल संस्कृत पढ़ने लिखने वालों के लिए ही नहीं वरन समस्त भारतीयों की आवश्यकता है। वे संस्कृत विभाग, डॉ श्यामा प्रसाद मुखर्जी विश्वविद्यालय, रांची तथा संस्कृत भारती, रांची द्वारा संयुक्त रूप से आयोजित द्विदिवसीय राष्ट्रीय संगोष्ठी तथा जनपद संस्कृत सम्मेलन के समापन अवसर पर सारस्वत अतिथि के रूप में उद्घाटन सत्र को संबोधित कर रहे थे। इस अवसर पर मुख्य अतिथि प्रसिद्ध चिकित्सक डॉ राम किशोर राय ने कहा कि मानसिक तनाव, रक्तचाप आदि से मुक्ति के लिए हमें वेदों तथा गीता में प्रतिपादित सिद्धांतों का आश्रय लेना चाहिए। उन्होंने आयुर्वेद के संदर्भों को उद्धृत करते हुए कहा कि आचार, विचार, आयाम और आहार-विहार के प्रति सचेष्ट रहने से व्यक्ति का स्वास्थ्य उत्तम रहता है। अध्यक्षीय संबोधन करते हुए डा. श्यामा प्रसाद मुखर्जी विश्वविद्यालय की कुलसचिव डा. नमिता सिंह ने कहा कि संस्कृत भाषा भारत राष्ट्र की एकता का आधार है। संस्कृत भाषा पूर्ण रूप से वैज्ञानिक भाषा है। भारतीय गौरव की रक्षा के लिए इस भाषा का प्रचार-प्रसार करना हमारा सबका कर्तव्य है। उन्होंने कहा कि संस्कृत भाषा के महत्व पर शंका करना अपने अस्तित्व पर शंका करने के बराबर है। संस्कृत भाषा अन्य भाषाओं की तरह केवल अभिव्यक्ति का साधन मात्र ही नहीं है, अपितु वह मनुष्य के सर्वाधिक संपूर्ण विकास की कुंजी भी है।

संस्कृत भारती के रांची नगर अध्यक्ष डा श्रीप्रकाश सिंह ने कहा संस्कृतवाणी कल्याणमयी वाणी है। उन्होंने कहा कि संस्कृत जन-जन की भाषा बनने की योग्यता रखती है।

# टारगेट नहीं भेद पाये झारखंड पुलिस के 809 जवान

**आजाद सिपाही संवाददाता**

**रांची।** झारखंड पुलिस के 809 जवान टारगेट नहीं भेद पाये। दरअसल जेएपीटीसी पदमा में राज्य के अलग-अलग जिलों में पदस्थापित 2,673 पुलिसकर्मियों की ट्रेनिंग आयोजित की गयी थी, जिसमें 1596 पुलिसकर्मी पास हुए। 1070 पुलिसकर्मी फेल हो गये। इसमें 809 पुलिसकर्मी ऐसे है, जो फायरिंग में सही टारगेट पर निशाना नहीं लगा सके। बाकी 268 पुलिसकर्मी अन्य विषयों में फेल हुए।

बता दें कि राज्य के अलग-अलग जिलों में पदस्थापित 2673 पुलिसकर्मियों का 21 और 22 अक्टूबर 2021 को लिखित परीक्षा हुई थी। वहीं 2 मई 2023 से लेकर 12 जून 2023 तक बाह्य विषय की पूरक परीक्षा आयोजित की गयी थी।

## रांची महानगर श्री दुर्गा पूजा समिति की नयी कमेटी गठित

# डॉ अजीत कुमार सहाय बने अध्यक्ष

## तपेश्वर केसरी रांची ग्रामीण श्री दुर्गा पूजा समिति के अध्यक्ष बने

उप संयोजक-चंचल चटर्जी, वरीय उपाध्यक्ष-राजन वर्मा, उपाध्यक्ष-राणा रणधीर, अमर नाथ साहू और जितेंद्र वर्मा




**आजाद सिपाही संवाददाता**

**रांची।** रांची महानगर श्री दुर्गा पूजा समिति का चुनाव बिहार क्लब के सभागार में संपन्न हुआ, जिसकी अध्यक्षता महानगर समिति के अध्यक्ष डॉक्टर अजीत कुमार सहाय ने की। वर्ष 2023-24 के लिए आजीवन मुख्य संयोजक डॉ अजीत कुमार सहाय को पुनः अध्यक्ष पद पर, साथ ही कार्यकारी अध्यक्ष के लिए प्रदीप रॉय बाबू, महामंत्री पद पर रवींद्र वर्मा और वरीय उपाध्यक्ष राजन वर्मा तथा कोषाध्यक्ष पद पर सर्वसम्मति से संजय सिन्हा गोपू को निर्वाचित किया गया। उपरोक्त जानकारी देते हुए कार्यकारी अध्यक्ष प्रदीप रॉय बाबू और महामंत्री रवींद्र वर्मा ने संयुक्त रूप से बताया कि वार्षिक बैठक सह आम सभा की अध्यक्षता महानगर समिति के अध्यक्ष डॉ. अजीत कुमार सहाय ने की। संचालन महामंत्री रवींद्र वर्मा ने एवं धन्यवाद ज्ञापन कार्यकारी अध्यक्ष प्रदीप रॉय बाबू ने किया। सर्वप्रथम अध्यक्ष डॉ अजीत कुमार सहाय ने चंचल चटर्जी, कोकर दुर्गा पूजा समिति के अध्यक्ष को बधाई देते हुए कहा कि कोकर दुर्गा पूजा जो विगत तीन वर्षों से दो अलग-अलग स्थानों पर हो रही थी, इस वर्ष से एक कर एक ऐतिहासिक निर्णय लिया है, जिसका तालियों से सदन में स्वागत करते हुए उन्हें चुनरी और माला पहना कर सम्मानित किया गया। इसके बाद विशेष अतिथि के रूप में श्री महावीर मंडल रांची के अध्यक्ष जय सिंह यादव का स्वागत किया गया, तत्पश्चात जैनेंद्र प्रसाद, रामा ठाकुर, राजू वर्मा (चंद्रशेखर आजाद दुर्गा पूजा समिति), राजेश कुमार लाल (संग्राम क्लब), सेतांक सेन बबलू (श्री दुर्गा बाड़ी), संजय सहाय, लाल बाबू सिंह (आदर्श दुर्गा पूजा समिति), कृष्ण मोहन सिंह (धुर्वा ), राजू राम, संतोष महतो (कोकर दुर्गा पूजा समिति), जगदीश वर्मा, तपेश्वर केसरी (अध्यक्ष ग्रामीण दुर्गा पूजा समिति), दिलीप गोप, रमेश सिंह (स्टाफ क्वार्टर दुर्गा पूजा समिति), प्रो. अरुण सिंह (बिहार क्लब दुर्गा पूजा समिति), उपेंद्र सिंह (कुसई कॉलोनी), विनोद सिंह (नामकुम दुर्गा पूजा समिति), रवि कुमार पिंकू, साजन कुमार पंकज (महाशक्ति दुर्गा पूजा समिति बूटी मोड़ ), रमेश सिंह (कोकर दुर्गा पूजा समिति), संजय मिनोचा, भास्कर वर्मा एवं सागर कुमार को चुनरी और माल्यार्पण कर स्वागत किया गया। इसके उपरांत विभिन्न पूजा समिति के सदस्यों ने अपने विचार रखे। इसके बाद महानगर समिति के अध्यक्ष डॉ. अजीत कुमार सहाय के द्वारा पुरानी कमेटी को भंग किया गया। तत्पश्चात श्री महावीर मंडल रांची के अध्यक्ष जय सिंह यादव पर्यवेक्षक एवं सह पर्यवेक्षक सागर कुमार के द्वारा वर्ष 2023- 24 हेतु नयी कमिटी का चुनाव सर्वसम्मति से संपन्न कराया गया, जिसमें निम्नलिखित पदाधिकारियों का चयन किया गया।

**मुख्य संयोजक सह अध्यक्ष-** डॉ. अजीत कुमार सहाय।

**उप संयोजक-**चंचल चटर्जी

**सह संयोजक-**जैनेंद्र प्रसाद, रामा ठाकुर, राजेश कुमार लाल, राजीव रंजन प्रसाद, संजय सहाय, लाल बाबू सिंह, कृष्ण मोहन सिंह, प्रो. अरुण सिंह, अर्जुन उरांव, दिलीप गोप।

**कार्यकारी अध्यक्ष-**प्रदीप रॉय बाबू, राज किशोर

**वरीय उपाध्यक्ष-**राजन वर्मा

**उपाध्यक्ष-**राणा रणधीर,अमर नाथ साहू, जितेंद्र वर्मा

**महामंत्री-** रवींद्र वर्मा

**कोषाध्यक्ष-** संजय सिन्हा गोपू

**कार्यालय सचिव-**मनोज तिवारी।

रांची ग्रामीण श्री दुर्गा पूजा समिति के अध्यक्ष तपेश्वर केसरी को बनाया गया। आगामी दिनांक 4.9. 2023 दिन सोमवार को पुनः कमिटी का विस्तारीकरण कर सूचना दी जायेगी। इस बैठक में 85 पूजा समितियों के पदाधिकारी और सदस्य उपस्थित थे।

## हजरत कुतुबुद्दीन रिसालदार बाबा दरगाह कमेटी का चुनाव तीन को

# टीम खिदमत ने चुनावी घोषणा पत्र जारी किया

**आजाद सिपाही संवाददाता**



**रांची।** हजरत कुतुबुद्दीन रिसालदार बाबा दरगाह कमेटी का मतदान 3 सितंबर को और मतगणना उसी दिन है। 138 वोटर मतदान करेंगे। रविवार को दूसरी टीम खिदमत ने 16 एजेंडा और 16 उम्मीदवारों की घोषणा किया। सामुदायिक भवन ग्वाला टोली, डोरंडा मे प्रेस कांफ्रेंस कर टीम खिदमत के अध्यक्ष पद के उम्मीदवार अयूब गद्दी ने कहा कि रिसालदार बाबा मजार कमेटी के विकास के लिए आने वाले वक्त में अगर हम चुनाव जीतते हैं तो हमारा पहला काम शिक्षा, स्वास्थ और महिलाओं को रोजगार से जोड़ना होगा। इसके अलावा सीबीएसइ स्कूल, मैरिज हॉल, हॉल को मल्टी स्टोरेज बिल्डिंग बनायेंगे। छात्र एवं छात्राओं के लिए जेपीएससी, यूपीएससी और एसएससी कोचिंग सेंटर की व्यवस्था करेंगे। सामुदायिक हॉस्पिटल है उसे कमेटी अपने अधीन में चलायेगी। जहां लोगों को मुफ्त इलाज होगा। शादी के लिए मैरिज हॉल का ऑनलाइन बुकिंग की सुविधा और मैरिज हॉल में गरीबों को मुफ्त शादी के लिए दिया जायेगा। लीगल सेल का गठन किया जायेगा। 11 गरीब लड़कियों की शादी हर साल करायी जायेगी। रोजगार के लिए कोचिंग की व्यवस्था निशुल्क करेंगे। एक जकात फंड का निर्माण कर गरीब और जरूरतमंदों को मदद की जायेगी। मजार कमेटी के आय व्यय का हिसाब दिया जायेगा। एक मीडिया सेल का गठन और आने वाले हर 3 साल में चुनाव की व्यवस्था होगी। समय-समय पर खेल कूद, कलाकृति पेंटिंग करायी जायेगी। मैट्रिक इंटर टॉपर छात्र और छात्राओं को लैपटॉप दिया जायेगा। डोरंडा और रांची के सरपरस्तों को मिलाकर एक सरप्रस्त कमेटी बनायी जायेगी। खिदमत टीम सभी 138 वोटर के घर-घर जाकर अपनी चुनावी एजेंडा वोटर को बता रही है। इस मौके पर अध्यक्ष पद के उम्मीदवार अयूब गद्दी, सचिव जावेद अनवर, उपाध्यक्ष रिजवान हुसैन, उपाध्यक्ष बिलाल अहमद, सह सचिव जुल्फिकार उर्फ भुट्टो, सह सचिव मोहम्मद सदीक, कोषाध्यक्ष जैनुल आबेदीन राज और कार्यकारिणी सदस्य के रूप में अनीश गद्दी, आफताब आलम, अब्दुल खालिक, एजाज गद्दी, मोहम्मद नज्जू, शम्मी अख्तर, समसूल होदा, मोहम्मद रिजवान उर्फ राजा और सरफराज गद्दी उर्फ संप्पा उम्मीदवार मौजूद थे। इनके अलावा शाहिद अयूबी, शादाब खान, नौशाद अहमद गुज्जर, अशरफ खान, साकिब राइन, बबलू पंडित, इम्तियाज सोनू, मुन्ना गद्दी, आफताब गद्दी, अस्सु गद्दी, सैफ गद्दी, मुश्ताक, इश्तियाक गद्दी बुश, छोटे गद्दी, समेत कई अन्य मौजूद थे।

## कार्यक्रम : दो दिवसीय राष्ट्रीय आदिवासी समिट का समापन

# राष्ट्रीय आदिवासी प्रेशर ग्रुप का गठन किया गया

**आजाद सिपाही संवाददाता**




**रांची।** रांची के कटहल मोड़ स्थित लालगुटवा रिसोर्ट में दो दिवसीय राष्ट्रीय आदिवासी समिट को रविवार को समापन हुआ। समिट में आदिवासियों के लिए राष्ट्रीय स्तर पर अधिकारों की वकालत करने और सुरक्षा प्रदान करने के लिए राष्ट्रीय आदिवासी प्रेशर ग्रुप का गठन किया गया। इसकी अगली कड़ी में राष्ट्रीय स्तर पर दिल्ली में एक बैठक आयोजित की जायेगी, जिसमें प्रेशर ग्रुप के सभी राज्यों के आदिवासी सदस्य शामिल होंगे। कार्यक्रम में 13 राज्यों- झारखंड, मध्यप्रदेश, गुजरात, छत्तीसगढ़, दिल्ली, तेलंगाना, असम, बिहार, उत्तर प्रदेश, महाराष्ट्र, राजस्थान, ओड़िशा, पश्चिम बंगाल राज्यों के आदिवासी बुद्धिजीवी शामिल हुए। समिट में आदिवासियों के हक अधिकार, सुरक्षा और न्याय के लिए राष्ट्रीय स्तर पर स्वतंत्रत आदिवासी नेतृत्व तैयार करने के लिए प्रस्ताव पारित किया गया। इसमें समान नागरिक संहिता का विरोध करते हुए इसे आदिवासियों के विरुद्ध बताया गया। इस कानून से आदिवासियों की धार्मिक और रूढ़िवादी परंपरा को खतरा के साथ आरक्षण और जमीन छीनने की बात कही गयी और इस कानून से आदिवासियों को अलग रखने की मांग रखी गयी।

मणिपुर हिंसा एवं देश के विभिन्न भागों में आदिवासियों के प्रति हो रहे जुल्म अत्याचार को रोकने, आदिवासियों के लिए सरना धर्म कोड देने, संवैधानिक रूप से अनुसूचित जनजाति शब्द को हटाकर आदिवासी शब्द करने, शिडूल डिस्ट्रिक्ट अधिनियम - 1874 पांचवी अनुसूची 244(1) पी-पेसा कानून 1996, समता निर्णय 1997, वन अधिकार अधिनियम 2006 से संबंधित प्रदत शक्ति, आदिवासी अधिकारों से संबंधित शासन(गवर्नेंस) को लागू करने, अबूआ दिशूम, अबूआ राज की परिकल्पना को हकीकत कर ठेका-पट्टा, बाजार हॉट, वन उपज, बालू पत्थर, खनिज लवण, नौकरी चाकरी अनुसूचित क्षेत्रों में आदिवासियों को देने की वकालत की गयी। यह कार्यक्रम आदिवासी समन्वय मंच, भारत के तत्वावधान में राजी पड़हा सरना प्रार्थना सभा भारत व जय आदिवासी युवा शक्ति के बैनर तले किया गया। इसकी अध्यक्षता धर्मगुरु बंधन तिग्गा ने की। उन्होंने कहा कि देश भर में आदिवासियों पर अत्याचार हो रहा है लेकिन केंद्र और राज्य सरकार उन्हें सुरक्षा नहीं दे रही है।

कार्यक्रम का संचालन संजय पहान (राष्ट्रीय प्रवक्ता राजी पड़हा सरना प्रार्थना सभा, भारत एवं झारखंड व पश्चिम बंगाल प्रभारी जयस) ने किया।

समिट में राणा प्रताप उरांव (संरक्षक, राजी पड़हा सरना प्रार्थना सभा), रवि तिग्गा (झारखंड प्रदेश अध्यक्ष, राजी पड़हा सरना प्रार्थना सभा), प्रभात तिर्की एवं राष्ट्रीय आदिवासी छात्र संघ के अनेक कार्यकर्ता, जयस झारखंड के सभी जिला प्रभारी, सुखदेव मुर्मू (धनबाद), श्यामलाल मरांडी (जामताड़ा), केसी मार्डी (जमशेदपुर), शिव उरांव (रांची), कलिंदर उरांव (लोहरदग्गा), दिलेश्वर उरांव (लातेहार), राहुल मुर्मू (बोकारो), निर्मल मरांडी (सचिव, संथाल परगना, सरना राजी पड़हा प्रार्थना सभा), एस एन. बेदिया (हजारीबाग), प्रदीप मरांडी (जयस प्रभारी, गोड्डा), मनोज कुमार टुडू (जयस प्रभारी, साहेबगंज), अर्जुन हेंब्रम (जयस प्रभारी, गिरिडीह), राजीव किस्कू (ट्राइबल ड्रीम अध्यक्ष, धनबाद), सुनील कच्छप (अध्यक्ष, आदिवासी 21 पड़हा नगड़ी), रेनू उरांव, कमलई किस्पोट्टा, डेसा उरांव (रांची जयस), रंथू उरांव, बलकू उरांव आदि ने महत्वपूर्ण भूमिका निभायी।

## महत्वपूर्ण न्यूज

### निःशुल्क चिकित्सा शिविर लगाया गया




रांची (आजाद सिपाही)। 27 अगस्त को वनवासी कल्याण केंद्र, रांची महानगर समिति द्वारा रांची जिलांतर्गत बुढ़मू प्रखंड के सुमू धवैया गांव में निःशुल्क चिकत्सा शिविर का आयोजन किया गया। शिविर में सुमू के आस- पास के गावों के 300 रोगियों का इलाज किया गया, जिसमें स्त्री रोग, सामान्य मौसमी रोग, दांत और नेत्र रोग से संबंधित बीमार लोगों की विशेषज्ञ चिकित्सकों द्वारा जांच और चिकित्सकीय सलाह देकर निःशुल्क दवाई भी दी गयीं। शिविर में जाने आने के लिए डीएवी प्रबंधन द्वारा निःशुल्क बस की सुविधा दी गयी थी और आर्थिक सहयोग सुशील कुमार अग्रवाल और दीपक कुमार अग्रवाल द्वारा दिया गया। नर सेवा नारायण सेवा के भाव से अपना बहुमूल्य समय देकर डॉ. उमेश प्रसाद जायसवाल, डॉ. ज्योत्सना सिन्हा, डॉ. उषा पांडेय, डॉ. विनोद कुमार, डॉ. सुनील कुमार महतो , डॉ. सीएसपी वैश्य और भगवान महाबीर नेत्र अस्पताल बूटी मोड़ के मैनेजर शिवानंद प्रसाद ने अपने चिकित्सक दल के साथ अपनी निःशुल्क सेवाएं प्रदान की और शिविर को सफल बनाने में रांची महानगर अध्यक्ष सज्जन सर्राफ, ओमप्रकाश अग्रवाल, सुरेश चौधरी, संजय अग्रवाल, रामचंद्र शर्मा, आई के जुल्का, विजय केशरी, देवकी मुंडा, तुलसी महतो के साथ स्थानीय ग्रामीणों की सहभागिता रही।

### श्री जीण माता के मंदिर में महाभोग लगाया गया




रांची (आजाद सिपाही)। श्री जीण माता परिवार रांची के द्वारा पहाड़ी रोड स्थित श्री जीण माता के मंदिर में 101 किलो साबूदाना से निर्मित केसरिया खीर का महाभोग लगाया गया। इस अवसर पर मंदिर के पुजारी सीतानंद झा ने माता की आरती की एवं सबके सुख समृद्धि की कामना की। महाभोग लगाने के पश्चात उसे श्रावणी मेला में उपस्थित श्रद्धालुओं के बीच वितरित किया गया। इस अवसर पर अध्यक्ष दिलीप पटवारी, उपाध्यक्ष विक्रम खेतावत, सुभाष अग्रवाल, प्रदीप सिंघानिया, प्रदीप पटवारी, संजय मारोदिया, संदीप अड्रूकिया, विकास शिवरामका, नेहा पटवारी, मुकेश भारतीया, नवल सोनी, संजय मोदी, संदीप डीडवानिया और मनीष पालड़ीवाल प्यारी आदि मौजूद थे।

### श्रीराम-जानकी मंदिर बरियातू में भंडारा



रांची (आजाद सिपाही)। श्रीराम-जानकी मंदिर बरियातू में भंडारा का आयोजन सम्पन्न हुआ। मंदिर समिति हर साल सावन और कार्तिक बैकुंठ चतुर्दशी को भंडारा में पूड़ी, सब्जी, खीर का भंडारा होता है। मंदिर में इस बार अधिक मास में 25 दिन की कथा के उपरांत भंडारा हुआ है। मंदिर के पुजारी पंडित रामदेव पांडेय ने कहा कि भंडारा अन्न दान है। सावन और कार्तिक में करना सर्वोपरि पुण्य है। इसमें विभा सिंह, जय सिंह, डॉ माधव शरण सिंह, जय शंकर जयपुरिया, नवीन सिंह, सरिता, दीपक ओझा और नवीन शर्मा सहित अनेक लोगों का सहयोग सराहनीय रहा।

### सावन की अंतिम सोमवारी पर रांची विश्वविद्यालय में रहेगा अवकाश

रांची (आजाद सिपाही)। रांची विश्वविद्यालय में सावन मास की अंतिम सोमवारी को अवकाश रहेगा। इस संबंध में रविवार को रांची विश्वविद्यालय की ओर से मिली जानकारी के अनुसार रांची विश्वविद्यालय के सभी अंगीभूत महाविद्यालय और संबद्ध महाविद्यालय में अवकाश की घोषणा की गयी है।

### पौधरोपण बेहद जरूरी : पतरस तिर्की



रांची (आजाद सिपाही)। नामकुम प्रखेड अंतर्गत सोदाग पंचायत के यूवा मुखिया पतरस तिर्की ने अपनी पंचायत के सोदाग बगीचा टोली में पौधरोपण किया। कहा कि पेड़-पौधों के बिना मनुष्य जीवन संभव नहीं है। पेड़-पौधे ही पर्यावरण की रक्षा के साथ साथ उनको स्वच्छ भी बनाते हैं। लेकिन वर्तमान में लोग अपनी भौतिक सुख-सुविधाओं के लिए जंगल काट कर धरती को पेड़ विहीन बना रहे हैं। पेड़ -पौधे अगर कम होते गये तो ग्लोबल वार्मिंग और अधिक पैदा होने लगेगी। मुखिया पतरस तिर्की ने सभी ग्रामीणों से आग्रह किया कि कम से कम प्रत्येक व्यक्ति दो पेड़ लगायें। इस मौके पर सोदाग के पहान लिटू खोया जी, कोटवार सुकरा तिर्की जी,पाईनभारा जी, बगीचा टोली अध्यक्ष राजेश बखला जी के साथ काफी संख्या में ग्रामीण उपस्थित थे।

### साइकिल रैली का आयोजन



रांची (आजाद सिपाही)। मंथन युवा संस्थान, रांची और स्विच ऑन फाउंडेशन,कोलकाता के सहयोग से एक साईकिल रैली का आयोज। जिसका विषय था मूव फॉर अर्थ जलवायु परिवर्तन, जिसमें साई धुर्वा एकेडमी के बच्चों ने भाग लिया। रैली को वार्ड 40 की पूर्व पार्षद सुचिता रानी ने झंडा दिखा कर रवाना किया। मंथन के सकील ने पार्षद को पौधा देकर स्वागत किया। रैली में स्विच ऑन फाउंडेशन के विवेक गुप्ता एवम मंथन के राम सुरेश यादव,नयन मजुमदार, शैलेश पाल और सकिला और साई धुर्वा के मुक्तेश सिंह आदि मौजूद थे।

## महत्वपूर्ण न्यूज

### श्री श्याम मंदिर में श्रावण शुक्ला पुत्रदा एकादशी उत्सव का आयोजन



**रांची (आजाद सिपाही)।** अग्रसेन पथ स्थित श्री श्याम मंदिर में रविवार को श्रावण शुक्ला पुत्रदा एकादशी उत्सव अत्यंत भक्तिमय वातावरण में आयोजित किया गया। पावन मास की अंतिम एकादशी होने के कारण भक्तों का उत्साह चरम पर था। प्रातः श्री श्याम प्रभु को नवीन वस्त्र (बागा) पहना कर स्वर्ण आभूषणों से अलंकृत कर विभिन्न प्रकार के फूलों से श्रृंगार किया गया साथ ही मंदिर में विराजमान बजरंगबली एवम शिव परिवार का भी इस अवसर पर विशेष श्रृंगार किया गया। रात्रि 8:30 बजे श्री श्याम प्रभु की ज्योत प्रज्वलित कर श्री श्याम मंडल के सदस्यों द्वारा सर्वप्रथम गणेश वंदना के साथ संगीतमय संकीर्तन का शुभारंभ किया गया। श्यामा तेरे चरणों की धूल अगर मिल जाये... खूब सज्यो श्रृंगार खाटू वाले को... दरबार अनोखा सरकार अनोखी... सांवरिया तेरा मुझको दीदार हो जाये... तेरा हूं दिवाना दिलदार सांवरे... इत्यादि भजनों की लय पर भक्तजन श्याम लीन में झूम रहे थे। इस अवसर पर श्री श्याम प्रभु को विभिन्न प्रकार के मिष्ठान, फल, मेवा एवं केसरिया दूध का भोग अर्पित किया गया। रात्रि 12 महाआरती व प्रसाद वितरण के साथ कार्यक्रम का समापन किया गया। कार्यक्रम को सफल बनाने में रमेश चंद्र सारस्वत, ओम जोशी, गोपी किशन ढांढनियां, चंद्र प्रकाश बागला, प्रदीप अग्रवाल, अमित जलान, लल्लू सारस्वत, नितेश केजरीवाल, गौरव परसरामपुरिया, विकाश पाड़िया का योगदान रहा।

### इंडिया एक्सपो मार्ट नोएडा में रांची के राहुल कश्यप को आकार उत्कृष्टता पुरस्कार से किया सम्मानित



**रांची (आजाद सिपाही)।** इंडिया एक्सपो मार्ट नोएडा में चल रहे आकार एक्सपो-2023 में श्रेष्ठ कैटरिंग व इवेंट प्लानर के लिए आकार उत्कृष्टता पुरस्कार से सम्मानित किया गया। यह पुरस्कार रांची शहर के जाने माने कैटरर व इवेंट प्लानर शुभ पार्टी ऑर्गेनाइजर राहुल कुमार कश्यप को दिया गया। यह पुरस्कार भारत के जाने माने नमक समक मास्टर शेफ हरपाल सिंह सोकी और आकार एग्जिबिशन के प्रमुख प्रेमल मेहता द्वारा दिया गया। गौरतलब है कि आकार अवार्ड आकार वार्षिक प्रदर्शनी का एक अभिन्न अंग है जो प्रत्येक वर्ष नई दिल्ली के प्रगति मैदान में आयोजित की जाती है। इस बार इंडिया एक्सपो 2023 सेंटर नोएडा में किया गया। उद्योग के लिए मानक होने के अलावा यह पुरस्कार विभिन्न संगठनों और लोगों को नवाचार करने साझा सेवाओं को अपनाने या व्यावसायिक मूल्य प्रदान करने के लिए एक प्रभावी व्यावसायिक रणनीति के रूप में तैनात करने के उद्देश्य से प्रोत्साहित करने के लिए दिया जाता है। यह पुरस्कार के लिए अनुशंसा की जाती है कि प्रत्येक आवेदक के साथ एक अद्वितीय व्यावसायिक मामले की प्रस्तुति और उपलब्ध प्रशंसापत्र, चित्र, वीडियो और मूर्त मूल्य वितरण को प्रदर्शित करने वाली कोई अन्य सामग्री होगी। फिर आवेदनों की आकार एक्सीलेंस सलाहकार समिति की टीम द्वारा जांच की जाती है और अंत में पुरस्कार विजेताओं का चयन किया जाता है।

### श्री जीण माता प्रचार समिति ने मां श्री जीण भवानी का सावन सिंधारा उत्सव मनाया



**रांची (आजाद सिपाही)।** श्री जीण माता प्रचार समिति रांची द्वारा स्वर्ण भूमि बैंक्वेट हॉल में मां श्री जीण भवानी का सावन सिंधारा उत्सव धूम धाम से मनाया गया। इसमें 351 से अधिक महिलाओं ने राजस्थानी वेश भूषा मारवाड़ी परिधान में माता के भजनों का आनंद लिया। कार्यक्रम का आरंभ गणेश पूजन के साथ विजय पालड़ीवाल ने सह परिवार माता की ज्योत प्रज्वलित की। विशेष रूप से तैयार किए गए छप्पन भोग का प्रसाद लगाया। पुरुलिया से आयी मशहूर भजन गायिका शीतल कटारूका द्वारा भजनों की प्रस्तुति की गयी। रांची की कलाकारों ने भी सावित्री तोदी का साथ दिया। इनके द्वारा प्रस्तुत मैया तेरे भरोसे मेरा परिवार है, तू सिंह पे चढ़ कर आजा मां मेरी झोली भर दीजिए जीण भवानी मां, जीण तुम बड़ी दयालु हो मां चौसठ योगिनी। भजनों का आए हुए सभी भक्तों ने भरपूर आनंद लिया। भजनों के साथ माता का जन्मोत्सव, मेहंदी महोत्सव, चुनरी महोत्सव, निशान यात्रा एवं गजरा महोत्सव मनाया गया। उत्सव में आए भक्तो ने मां श्री जीण भवानी को झूला झुलाया एवं माता का आशीर्वाद लिया। राजस्थान मे सिंधारा का एक विशेष महत्त्व होता है। इस दिन बहू बेटियो को वस्त्र आभूषण देकर मीठे मीठे पकवान खिलाकर झूला झुलाया जाता है। सिंधारा महोत्सव का समापन महाआरती के साथ हुआ। कार्यक्रम को सफल बनने मे ओम अग्रवाल, विजय पालड़ीवाल, बजरंग सोमानी, अजय अग्रवाल, गौरव पालड़ीवाल, नारायण विजयवर्गीय, प्रदीप शर्मा, संदीप शर्मा, कविता सोमानी, उषा शर्मा, सुनीता मित्तल, संगीता अग्रवाल, सविता शर्मा, निधि विजयवर्गीय व सभी सदस्यों का विशेष योगदान रहा।

### मारवाड़ी युवा मंच रांची शाखा ने फिट इंडिया मूवमेंट को गति देने के लिए जागरूकता कार्यक्रम चलाया




**रांची (आजाद सिपाही)।** मारवाड़ी युवा मंच रांची शाखा द्वारा अंतर्राष्ट्रीय खेलकूद दिवस के अवसर पर तीन दिवसीय खेलकूद कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम की शुरूआत संस्था के पूर्व अध्यक्ष मुकेश जाजोदिया, मनीष लोधा एवं अध्यक्ष अमित चौधरी ने हरि झंडी दिखाकर रैली की शुरुआत की। इसमें 25 एवं 26 अगस्त को फिरायालाल चौक के पास क्रॉस कोर्ट में पहली बार रांची शाखा द्वारा स्क्वाश टूर्नामेंट का आयेजन किया गया। इसमें प्रथम स्थान अविकल मस्कारा, द्वितीय स्थान अभिषेक जालान, तृतीय स्थान कुशल टेकरीवाल हुए। इस टूर्नामेंट में रांची शाखा के कई सदस्यों ने अपनी सहभागिता दी। सभी विजेताओं को प्रतीक चिन्ह एवं प्रशस्ति पत्र देकर सम्मानित किया गया। कोषाध्यक्ष अमित जांगिड़ ने कहा कि इस रैली का यह उद्देश्य है कि प्रधानमंत्री के द्वारा चलाये जा रहे फिट इंडिया मूवमेंट को गति प्रदान कर पूरे देश भर में जागरूकता फैलायी जाये। इस कार्यक्रम के सफल आयोजन के लिए मंच के खेलकूद प्रभारी अभिषेक जालान एवं चेतन पोद्दार ने अपना महत्वपूर्ण योगदान दिया। शाखा पूर्व अध्यक्ष मुकेश जाजोदिया, मनीष लोधा, अध्यक्ष अमित चौधरी, उपाध्यक्ष आशीष अग्रवाल, नीरज अग्रवाल, सचिव विकास गोयल ने कार्यक्रम को सफल बनाया।

श्रीमद्भागवत कथा का सातवां दिन

# भगवान कृष्ण और सुदामा की मित्रता का प्रसंग सुनाया

आजाद सिपाही संवाददाता



**रांची।** श्री राधाकृष्ण मंदिर,कृष्णा नगर कॉलोनी, रातू रोड में में चल रही इन दिनों सात दिवसीय श्रीमद्भागवत कथा ज्ञान यज्ञ के सातवें और अंतिम दिन रविवार को कथावाचक मोहन श्याम दुबे (श्याम भैया) तथा रास बिहारी दुबे (श्री धाम वृंदावन) ने विभिन्न प्रसंगों पर प्रवचन दिये। सातवें दिन कृष्ण के अलग-अलग लीलाओं का वर्णन किया गया। मां देवकी के कहने पर छह पुत्रों को वापस लाकर मां देवकी को वापस देना, सुभद्रा हरण का आख्यान कहना एवं सुदामा चरित्र का वर्णन करते हुए मोहन श्याम दुबे (श्याम भैया) ने बताया कि मित्रता कैसे निभायी जाये, यह भगवान श्री कृष्ण और सुदामा से समझ सकते हैं। उन्होंने कहा कि जब जब भी भक्तों पर विपदा आ पड़ी है, प्रभु उनका तारण करने अवश्य आये हैं। स्व. लाला हरि प्रसाद किंगर के परिवार की तरफ से श्री राधाकृष्ण मंदिर में चल रही सात दिवसीय कथा शांतिपूर्ण माहौल में संपन्न हुई।

श्री रास बिहारी दुबे ने कहा कि जो भी भागवत कथा का श्रवण करता है उसका जीवन तर जाता है। रात आठ बजे भागवत कथा समापन होने पर सभी श्रद्धालुओं के बीच प्रसाद बांटा गया। मीडिया प्रभारी नरेश पपनेजा एवं अरुण जसूजा ने बताया कि कि भागवत कथा के दौरान सातों दिन मंदिर का हॉल सनातन धर्मावलंबियों से खचाखच भरा रहा। सोमवार को पूर्ण आहुति हवन के साथ इस कथा ज्ञान यज्ञ का समापन होगा।

आयोजन में चंद्रभान तलेजा, रामचंद्र किंगर, राजेश किंगर, रामचंद्र तलेजा, मनोहर लाल जसूजा, ओम प्रकाश बरेजा, ललित किंगर, नरेश किंगर, अंचल किंगर, पंकज किंगर, चंद्रशेखर किंगर, देवेश किंगर, संतोष किंगर, कृषि किंगर, दीपक किंगर, विजय किंगर, गौरव किंगर, राज बाई मक्कड़, शन्नो देवी किंगर, कृष्णा देवी किंगर, भुनेश बरेजा, उषा पपनेजा, अनिता किंगर, कंचन सुखीजा, बिमला किंगर, दुर्गेश किंगर, कुसुम पपनेजा, उषा किंगर, वर्षा किंगर, नीतू किंगर, पम्मी मक्कड़, सविता किंगर तथा पायल किंगर, ममता अरोड़ा, गीतिका किंगर, गीता मक्कड़ शामिल थे।

# युवा वैज्ञानिक के माता-पिता का सम्मान समारोह

आजाद सिपाही संवाददाता



**रांची।** सरस्वती शिशु विद्या मंदिर, धुर्वा के केशव सभागार में चन्द्रयान-3 के चन्द्रमा मिशन की सफलता में महत्वपूर्ण योगदान देने वाले सरस्वती शिशु विद्या मंदिर, धुर्वा, के पुरातन छात्र भैया निलेश कुमार झा के माता-पिता को सम्मानित किया गया। भैया निलेश ने सालिड प्रोपलेंट फ्यूल तैयार करने वाली इसरो की टीम में महत्वपूर्ण भूमिका अदा की। इनकी प्रारंभिक शिक्षा सरस्वती शिशु विद्या मंदिर धुर्वा में हुई। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि भैया निलेश के पिता अनिल झा एवं माता संयुक्ता झा थे। विद्यालय के माननीय मंत्री अखिलेश्वर नाथ मिश्र ने अनिल झा को अंगवस्त्र एवं स्मृतिचिन्ह प्रदान कर सम्मानित किया। संयुक्ता झा को विद्यालय की प्राचार्या डॉ संध्या सिंह ने अंगवस्त्र प्रदान कर सम्मानित किया। अतिथि परिचय एवं मंच संचालन उपप्राचार्य ललन कुमार ने किया।

इस अवसर पर विद्यालय के माननीय मंत्री अखिलेश्वर नाथ मिश्र ने अपने उद्बोधन में कहा कि विद्यालय के लिए यह गर्व की बात है कि एक साधारण परिवार में पले-बढ़े। इस विद्यालय से शिक्षा प्राप्त किये भैया ने चन्द्रयान मिशन में एक महत्वपूर्ण योगदान दिया है। उन्होंने भैया निलेश को राष्ट्रभक्त, संस्कारयुक्त एवं सद्चरित्र व्यक्ति बताया। उन्होंने वर्तमान में अध्ययनरत भैया-बहनों को उनसे प्रेरणा लेने के लिए प्रेरित किया।

कार्यक्रम के मुख्य अतिथि युवा वैज्ञानिक भैया निलेश के पिता अनिल झा ने इस अवसर पर कहा कि मैं इस बात पर अत्यंत गौरवान्वित महसूस करता हूं कि मेरे पुत्र ने सरस्वती शिशु विद्या मंदिर, धुर्वा में शिक्षा पायी है। इस विद्यालय में संस्कारयुक्त शिक्षा दी जाती है, जिसका प्रयोग दिन-प्रतिदिन की गतिविधियों के अतिरिक्त अपने कार्यक्षेत्रों में भी होता है और जो सफलता का मार्ग प्रशस्त करने में सदा सहायक सिद्ध होता है। भैया निलेश की माता संयुक्ता झा ने अपने कहा कि सरस्वती शिशु विद्या मंदिर केवल एक विद्यालय नहीं अपितु शिक्षा का मंदिर है। यहां शिक्षक गुरु की भूमिका में रहते हैं, जो अपनी व्यक्तित्व एवं अचारण से भैया-बहनों के मानस पटल पर अपनी अमिट छाप छोडते हैं। इस अवसर पर भैया निलेश कुमार झा ने गुगल मीट के द्वारा जुड़कर भैया-बहनों को संबोधित किया। उन्होंने अपने उद्बोधन में भैया-बहनों को प्रेरित करते हुए कहा कि आप अपना लक्ष्य बड़ा रखें। बड़े सपने देखें, विपरीत परिस्थितियों को अपने उपर हावी न होनें दें। परिस्थितियों आपके मार्ग में बाधक नहीं साधक बनें। विद्यार्थी विज्ञान एवं तकनीक क्षेत्र में आगे बढें.। उन्होंने वेदों को विज्ञान का आधार बताया। पाश्चिम के विज्ञान एवं तकनीकि को उन्होंने भारतीय ज्ञान-विज्ञान का रीपैकेजिंग करार दिया। श्रीमद्भगवत गीता को उन्होंने जीवन में सकारात्मक बदलाव करने वाला ग्रंथ बताया। मानव जीवन कुछ बड़ा करने के लिए हो, ऐसी अपेक्षा भैया-बहनों से है। भैया-बहन अपनी जीवन में अच्छी आदतों एवं जीवन में वैदिक सभ्यता को अपनायें। विद्यालय की प्राचार्या डॉ संध्या सिंह ने धन्यवाद ज्ञापन किया। इस अवसर पर विद्यालय के सहमंत्री डॉ धनेश्वर महतो, कोषाध्यक्ष एस वेंकट रमण, विजय केशरी, बिनोद कुमार सिंह एवं नर्मदेश्वर मिश्र मौजूद थे।

# स्टोन एवं यूरोलॉजी क्लीनिक में सेकंड मिड टर्म ईस्ट जोन वर्कशॉप का आयोजन

आजाद सिपाही संवाददाता



**रांची।** वर्कशॉप के ऑर्गेनाइजिंग सेक्रेट्री डॉ राजकुमार शर्मा ने बताया की दिल्ली के जाने-माने प्रसिद्ध यूरोलॉजिस्ट डॉक्टर एस. के. पाल ने अपनी अनोखी तकनीक से, जिसे हम पीसीएनएल कहते हैं। एक बड़े पत्थर को किडनी से निकाल दिखाया हैदराबाद के प्रसिद्ध यूरोलॉजिस्ट डॉक्टर चंद्र मोहन बड्डी ने। एक लचीले दूरबीन से किडनी में स्थित तीन पत्थर को एक साथ निकालकर दिखाये। इसके अलावा पंजाब के डॉक्टर तनुज पॉल भाटिया, जम्मू के डॉक्टर राहुल गुप्ता, बेंगलुरु के डॉक्टर अरुण चावला, उड़ीसा के डॉक्टर समीर स्वाइन जमशेदपुर के डॉक्टर हरप्रीत सिंह ने ऑपरेशन कर जॉन के बाकी यूरोलॉजिस्ट को दिखाए ताकि नई तकनीक सीख सके और मरीज की बेहतर से बेहतर तरीके से इलाज की जा सके। इन तकनीक से पेशेंट में कोई बड़ा चीर नहीं दिया जाता है, जिससे मरीज को ऑपरेशन के बाद दर्द काफी कम के बराबर होती है। मरीज को ज्यादा दिन तक अस्पताल में भर्ती नहीं रखा जाता है उन्हें एक से दो दिन में छुट्टी दे दी जाती है और मरीज में बड़ा चीर ना होने के कारण मरीज को कष्ट काफी कम होती है। पीसीएनएल एवं आर ए आर एस दोनों एक प्रसिद्ध तकनीक है, जो काफी प्रचलित है किडनी स्टोन को कारगर तरीके से निकलने के लिए। इस वर्कशॉप में ईस्ट जोन के प्रेसीडेंट डॉ रणवीर प्रसाद सिंह एवं सेक्रेटरी डॉ रंजन दे भी मौजूद थे। इसके अलावा चीफ गेस्ट डॉक्टर दिलीप कर्मकार कोलकाता से एवं गेस्ट ऑफ ऑनर डॉक्टर जीजी लक्ष्मण प्रभु मंगलौर से उपस्थित हुए। इसके अलावा रांची के प्रसिद्ध डॉक्टर अरविंद अग्रवाल डॉक्टर प्रेम कुमार डॉ अनूप साहू डॉ एमके सेनापति डॉ अशोक गुप्ता डॉ प्रशांत, डॉक्टर शैलेंद्र मोहन, डॉ पंकज कुमार एवं अन्य डॉक्टरों ने शिरकत की।

# जातीय जनगणना और ओबीसी की 52% हिस्सेदारी क्यों और कैसे विषय पर सेमिनार का आयोजन



आजाद सिपाही संवाददाता

**रांची।** राष्ट्रीय ओबीसी मोर्चा गोड्डा जिला के तत्वावधान में मौन क्रांति के अग्रदूत मंडल आयोग के अध्यक्ष डॉ बीपी मंडल की जयंती के अवसर पर एक दिवसीय सेमिनार का उद्घाटन प्रदेश अध्यक्ष राजेश कुमार गुप्ता, मुख्य अतिथि डॉ सूरज मंडल दिल्ली, मुख्य वक्ता शंभू सिंह संपादक नेशनल दस्तक दिल्ली, पूर्व सांसद गोड्डा फुरकान अंसारी, पूर्व विधायक संजय यादव, पूर्व विधायक राजेश रंजन ने संयुक्त रूप से दीप प्रज्ज्वलित कर कार्यक्रम का शुभारंभ किया।

सेमिनार के विषय जातीय जनगणना और ओबीसी की 52% हिस्सेदारी क्यों और कैसे विषय पर उद्घाटन भाषण में प्रदेश अध्यक्ष राजेश कुमार गुप्ता ने कहा कि पिछड़ों की मौन क्रांति के अग्रदूत डॉ बीपी मंडल साहब ने ओबीसी को उनके जनसंख्या अनुपात में आरक्षण देने की अनुशंसा मंडल आयोग में की थी। मंडल आयोग के अध्यक्ष बीपी मंडल साहब की यह पहली अनुशंसा थी।

केंद्र सरकार की राष्ट्रीय मोर्चा की सरकार के प्रधानमंत्री बीपी सिंह ने मंडल आयोग की नौकरी में आरक्षण 27% देने का काम किया। वहीं यूपीए गठबंधन की सरकार ने 2006 में उच्च शिक्षा में आरक्षण दिया, लेकिन यह अनुशंसा का लाभ जब से झारखंड बना है, ओबीसी समुदाय को नहीं मिल रहा है। पूर्व विधायक संजय यादव ने कहा कि हमारी सरकार ओबीसी के हक अधिकार दिलाने में तत्पर है। हम लोगों ने ओबीसी को 27% आरक्षण देने के लिए महामहिम राज्यपाल को प्रस्ताव दिया था, जिसे लौटा दिया गया है। शीघ्र जाति जनगणना भी सरकार करेगी। विषय प्रवेश उपाध्यक्ष प्रोफेसर प्रेमनंदन मंडल ने किया। सेमिनार में महागामा के पूर्व विधायक राजेश रंजन, भाजपा के जिला अध्यक्ष राजीव मेहता, 20 सूत्री जिला उपाध्यक्ष बिंदु मंडल, गिरिजा भूषण ठाकुर, घनश्याम यादव, सुभाष यादव, इकरौल हसन आलम ने भी अपना विचार दिया।

# शिक्षक दिवस के मौके पर 10 को पासवा शिक्षकों को सम्मानित करेगी: आलोक दुबे

आजाद सिपाही संवाददाता

**रांची।** प्राइवेट स्कूल्स एंड चिल्ड्रेन वेलफेयर एसोसिएशन पासवा शिक्षक दिवस के मौके पर आगामी 10 सितंबर को राज्य स्तरीय शिक्षक सम्मान समारोह राजधानी रांची में आयोजित करेगी और पासवा का सम्मेलन भी आयोजित किया जायेगा। पासवा के मुख्य संरक्षक और राज्य के वित्त मंत्री डॉ रामेश्वर उरांव शिक्षकों को सम्मानित करेंगे।

प्रदेश पासवा अध्यक्ष आलोक कुमार दुबे ने बताया शिक्षक सम्मान समारोह में राज्य भर से लगभग 5000 से अधिक उत्कृष्ट शिक्षकों को सम्मानित करने का लक्ष्य रखा गया है। सम्मान समारोह में गणमान्य अतिथियों और शिक्षाविदों द्वारा शिक्षकों के उत्कृष्ट योगदान के लिए मोमेंटो औरसर्टिफिकेट से सम्मानित किया जायेगा। पासवा निजी विद्यालय के प्रिंसिपल और डायरेक्टर को भी इस मौके पर सम्मानित करेगी। सम्मान समारोह के साथ-साथ राष्ट्रीय शिक्षा नीति पर भी चर्चा होगी और शिक्षकों को प्रशिक्षण भी दिया जायेगा तथा आरटीई कानून में तब्दीली कर निजी विद्यालयों को हो रही परेशानियों पर भी चर्चा की जायेगी।

सोमवार से निम्नलिखित दिये गये व्हाट्स अप नंबर 8210318387, 9771023048, 7549088751, 9934152006, 9123230284, 6205872838, 8210351296,8340754629, 9631407042 पर रजिस्ट्रेशन की प्रक्रिया प्रारंभ हो जायेगी।10 सितंबर के राज्य स्तरीय शिक्षक सम्मान समारोह के उपरांत राज्य के विभिन्न जिलों में भी शिक्षक सम्मान समारोह आयोजित किये जायेंगे।

# श्री श्याम मंदिर हरमू रोड में मनी अंतिम चांदनी पुत्रदा एकादशी

आजाद सिपाही संवाददाता



**रांची।** जय जय जय खाटू के वासी जय जय बाबा श्याम शरणागत हम आये आपके दर्शन हमको दे दो श्याम के ताली कीर्तन से प्रातः 8:30 बजे श्रृंगार आरती के बाद हरमू रोड का श्री श्याम मंदिर गूंज रहा था। अवसर था सावन माह की अंतिम चांदनी पुत्रदा एकादशी के पूजन दर्शन का। हरमू रोड के श्री श्याम मंदिर में प्रातः 5 बजे से भक्तजन अमर पड़े थे। भक्तजन अपनी अरदास के साथ खाटूनरेश के दरबार में मत्था टेक रहे थे। श्री श्याम मित्र मंडल के पहले महामंत्री विश्वनाथ नारसरिया ने बताया कि पुत्रदा एकादशी के अवसर पर मंदिर में विराजमान खाटू नरेश लड्डूगोपाल जी शिव परिवार हनुमान जी व गुरुजनों को हरियाली नवीन पोशाक (बागा) पहनाया गया। मंडल के मंत्री श्याम सुंदर शर्मा व मंदिर के आचार्य ने सभी गर्भ गृह का सजावट किया।

जयपुर निवासी लक्ष्मीनारायण शर्मा ने श्रृंगार प्रदीप सोनी ने पोशाक मधुशर्मा ने पंचमेवा अन्नपूर्णा सरावगी रबड़ी प्रसाद एक भक्त ने गिरीगोला एक भक्त ने फल प्रसाद की सेवन निवेदित की। लक्ष्मीनारायण शर्मा मधु देवी शर्मा ने खाटू नरेश की अखंड ज्योति प्रज्वलित करके केसरिया पेड़ा पंचमेवा विभिन्न फल केसरिया दूध रबड़ी नारियल मगही पान आदि का प्रसाद अर्पित कर परिवार के लिए खुशहाली की प्रार्थना कर खाटू नरेश के दरबार में माथा टेका। मंडल के उपमंत्री अनिल नारनोली ने पूजन अनुष्ठान करवाया। इस अवसर पर मंडल के अध्यक्ष सुरेश सरावगी के सानिध्य में भजन संकीर्तन व संगीतमय भजन का कार्यक्रम हुआ। श्रवण ढानढनिया श्याम सुंदर शर्मा साकेत गौरव अग्रवाल मोनू सलज अग्रवाल सोनू मनोहर केडिया अनुज मोदी अशोक शर्मा पंकज गाड़ोदिया वेद भूषण जैन पवन शर्मा मदन सोनी तनय काठपाल निखिल नारनोली किशन शर्मा दिनेश अग्रवाल राजेश कटारुका ने एक से बढ़कर एक भजनों का गायन करके अपने श्रद्धा सुमन अर्पित किये।

# ओड़िशा केंद्रीय विश्वविद्यालय का 15वां स्थापना दिवस कल

आजाद सिपाही संवाददाता



**भुवनेश्वर।** ओड़िशा केंद्रीय विश्वविद्यालय (सीयूओ) का 15वां स्थापना दिवस 29 अगस्त को कोरापुट के लांडीगुडा परिसर में मनाया जायेगा। ओड़िशा के राज्यपाल प्रोफेसर गणेशी लाल इस अवसर पर सारस्वत अतिथि होंगे। राज्यपाल विश्वविद्यालय के स्थापना दिवस पर ऑनलाइन माध्यम से विश्वविद्यालय को संबोधित करेंगे। हिंदुस्तान एयरोनॉटिक्स लिमिटेड (एचएएल), कोरापुट, सुनाबेडा के महाप्रबंधक सुधांशु मोहन जेना विशेष अतिथि होंगे। विश्वविद्यालय के कुलपति प्रो चक्रधर त्रिपाठी समारोह की अध्यक्षता करेंगे।

ओड़िशा केन्द्रीय विश्वविद्यालय की स्थापना केंद्रीय विश्वविद्यालय अधिनियम, 2009 के तहत इस वर्ष 2009 को कोरापुट में की गयी थी। यह एक साथ स्थापित होनेवाले देश के 13 अन्य केन्द्रीय विश्वविद्यालयों में से एक था। अपनी स्थापना के बाद से विश्वविद्यालय अपने लक्ष्यों को पूरा करने की दिशा में आगे बढ़ रहा है और क्षेत्र की शैक्षिक आकांक्षाओं को पूरा करने के लिए प्रयास कर रहा है। पिछले 14 वर्षों में, विश्वविद्यालय ने 8 स्कूलों और 18 विभागों की स्थापना की है और 8 विभागों में अनुसंधान कार्यक्रम शुरू किये हैं। वर्तमान शैक्षणिक वर्ष से, विश्वविद्यालय ने कृषि विज्ञान, वानिकी प्रबंधन, पशुपालन और डेयरी फार्मिंग में बीएससी पाठ्यक्रम और रसद और आपूर्ति श्रृंखला प्रबंधन में पीजी एमबीए पाठ्यक्रम शुरू किए हैं। वर्तमान पाठ्यक्रम उच्च शिक्षा प्राप्त करने में रुचि रखने वाले स्थानीय छात्रों की जरूरतों को पूरा करने और इलाके के आर्थिक विकास के लिए पेश किया गया है। वर्तमान कुलपति, प्रोफेसर चक्रधर त्रिपाठी ने सितंबर 2022 में विश्वविद्यालय में प्रवेश लिया। अपनी नियुक्ति के बाद उन्होंने विश्वविद्यालय के सर्वांगीण विकास की दिशा में अपना काम जारी रखा, जिसमें परिसर के बुनियादी ढांचे का विकास और शिक्षण और गैर-शिक्षण पदों के लिए भर्ती प्रक्रिया शामिल है। विश्वविद्यालय का 15वां स्थापना दिवस कोरापुट के लांडीगुडा परिसर में मनाया जायेगा। इस अवसर पर कुलपति विश्वविद्यालय का ध्वज फहरायेंगे और सभा को संबोधित करेंगे।

# रेल दुर्घटनाएं

ओड़िशा के बालासोर में 2 जून को हुई रेल दुर्घटना में 291 यात्रियों की मौत के बाद भी रेलवे में लापरवाही के परिणामस्वरूप रेल दुर्घटनाओं का सिलसिला लगातार जारी है। नवीनतम दुर्घटना में 26 अगस्त को तमिलनाडु के मदुरै रेलवे जंक्शन पर खड़ी एक पर्यटक ट्रेन के प्राइवेट कोच में आग लगने से 9 तीर्थयात्रियों की मौत हो गयी, जबकि 20 अन्य घायल हो गये। यह कोच चार धाम यात्रा के लिए लखनऊ से रामेश्वरम तक बुक करवाया गया था। बताया जाता है कि कुछ यात्रियों ने कोच के अंदर रखे अवैध गैस सिलेंडर से चाय बनाने का प्रयास किया और सिलेंडर में ब्लास्ट हो गया, जिससे कोच में आग लग गयी। उल्लेखनीय है कि रेलवे कोचों में गैस सिलेंडर सहित कोई भी ज्वलनशील पदार्थ ले जाने की सख्त मनाही है। 26 अगस्त को ही त्रिपुरा में अगरतला तथा सबरूम के बीच एक लोकल ट्रेन एक बड़ी दुर्घटना से बाल-बाल बच गयी, जब वह ट्रैक पर छोड़े गये एक भरे हुए ट्रालर से टकरा गयी, लेकिन चालक किसी तरह ट्रेन को पटरी से उतरने से रोकने में सफल हो गया। 22 अगस्त को 130 किलोमीटर प्रति घंटे की रफ्तार से मथुरा से हावड़ा जा रही चंबल एक्सप्रेस बिहार के भभुआ स्टेशन के निकट रेड सिग्नल पार कर गयी और इसके 8 डिब्बे लूप लाइन में पहुंच गये। सौभाग्यवश वहां कोई रेलगाड़ी खड़ी न होने के कारण दुर्घटना टल गयी। 22 अगस्त को ही उत्तर प्रदेश में सोनभद्र जिले के करमा क्षेत्र में राबर्ट्सगंज से चुनार की ओर जा रही कोयले से लदी मालगाड़ी की कपलिंग टूट जाने के परिणामस्वरूप यह दो हिस्सों में बंट गयी। 18 अगस्त को 3 रेलगाड़ियां अग्निकांडों का शिकार हुईं। मध्य प्रदेश के ग्वालियर जिले के सिंधोली रेलवे स्टेशन के निकट उदयपुर-खजुराहो इंटर सिटी एक्सपैस ट्रेन के इंजन में आग लग गयी। छिंदवाड़ा जिले में पांडुणां रेलवे स्टेशन पर नयी दिल्ली से हैदराबाद जा रही तेलंगाना एक्सप्रेस की पैंट्री कार से धुआं निकलता देखा गया और कर्नाटक के बेंगलुरू सिटी रेलवे स्टेशन पर खड़ी उद्यान एक्सप्रेस के 2 डिब्बों में आग लग गयी। 9 अगस्त को पश्चिम बंगाल के रामपुरा हाट में हावड़ा-जयनगर पैसेंजर ट्रेन के दोनों लोको पायलट गाड़ी को सिग्नल से आगे 100 मीटर तक निकाल कर ले गये। 4 अगस्त को प्रयागराज जंक्शन से लखनऊ जा रही गंगा गोमती एक्सप्रेस लाल गोपालगंज स्टेशन के निकट दुर्घटनाग्रस्त होने से उस समय बाल-बाल बची जब पटरी में आयी दरार देख कर वहां से गुजर रहे पप्पू यादव नामक एक किसान ने अपना लाल गमछा लहरा कर ट्रेन को रुकवा दिया। 1 अगस्त को उत्तर प्रदेश के रामपुर में मुरादाबाद से बरेली की ओर जा रही मालगाड़ी का चालक 2 सिग्नलों को ओवरशूट (उपेक्षा) करके सीधा आगे बढ़ गया, जबकि उसके आगे उसी लाइन पर पोरबंदर एक्सप्रेस जा रही थी। गनीमत रही कि गेटमैन ने लाल झंडी दिखा कर मालगाड़ी को रुकवा दिया। भारतीय रेलों के कार्यकलाप, रख-रखाव और सुरक्षा प्रबंधों में तुरंत बहुआयामी सुधार लाने की जरूरत है।

**नवीनतम दुर्घटना में 26 अगस्त को तमिलनाडु के मदुरै रेलवे जंक्शन पर खड़ी एक पर्यटक ट्रेन के प्राइवेट कोच में आग लगने से 9 तीर्थयात्रियों की मौत हो गयी, जबकि 20 अन्य घायल हो गये।**

अभिमत
आजाद सिपाही

**एक हिंदी टेलीविजन चैनल द्वारा किये गये पहले सर्वेक्षण में लोकप्रिय राय ने सुझाव दिया है कि भाजपा अपने दम पर लगभग 300 लोकसभा सीटें जीतेगी, जबकि एनडीए के बैनर वाले उसके सहयोगी 30 या इसके आसपास सीटें जीत सकते हैं। इसी एजेंसी द्वारा इस बार एक प्रसिद्ध साप्ताहिक पत्रिका के लिए किया गया यह ताजा सर्वेक्षण है।**

# स्वार्थ के लिए बने गठबंधनों से सावधान रहते हैं मतदाता

विरेंद्र कपूर



**मतदाता हमेशा उन धूर्त गठबंधनों से सावधान रहते हैं, जो केवल स्वार्थ के लिए बनाये जाते हैं। इस बीच भाजपा राहुल गांधी की बढ़ती लोकप्रियता के ग्राफ से नाखुश नहीं होगी। कुल मिलाकर 2024 के चुनाव में भी मोदी को सत्ता से हटाना विपक्ष के लिए एक कठिन काम है।**

कुछ हफ्तों की छोटी-सी अवधि में एक और जनमत सर्वेक्षण ने वही भविष्यवाणी पेश की है। यानी कि आने वाले लोकसभा चुनाव में नरेंद्र मोदी तीसरे 5 साल के कार्यकाल के लिए वापसी करेंगे। स्वतंत्र दृष्टिकोण वाला और किसी भी राजनीतिक दल में अनासक्त ही कोई भी व्यक्ति इससे आसानी से सहमत हो जायेगा।

एक हिंदी टेलीविजन चैनल द्वारा किये गये पहले सर्वेक्षण में लोकप्रिय राय ने सुझाव दिया है कि भाजपा अपने दम पर लगभग 300 लोकसभा सीटें जीतेगी, जबकि एनडीए के बैनर वाले उसके सहयोगी 30 या इसके आसपास सीटें जीत सकते हैं। इसी एजेंसी द्वारा इस बार एक प्रसिद्ध साप्ताहिक पत्रिका के लिए किया गया यह ताजा सर्वेक्षण है। भाजपा के नेतृत्व वाले एनडीए को 303 सीटें दी गयी हैं, जबकि नवगठित आइएनडीआइए (इंडिया) के लिए 200 का आंकड़ा पार करना भी मुश्किल है, जबकि अन्य को लगभग 40 सीटें मिलेंगी।

दूसरे शब्दों में मोदी के लिए यह लगातार तीसरा कार्यकाल होगा। केवल भारत के प्रथम प्रधानमंत्री पंडित जवाहर लाल नेहरू ने लगातार 4 आम चुनाव जीते थे। उनकी बेटी इंदिरा गांधी ने 1967 में लोकसभा चुनाव और उसके बाद 1971 का चुनाव जीता।

**1977 में लोगों ने आपातकाल को अनुशासन के युग के रूप में स्वीकार कर लिया।**

1975 में चुनावी धोखाधड़ी के लिए दोषी ठहराये जाने के बाद इंदिरा गांधी ने अधिकांश विपक्षी नेताओं को जेल में डालने के बाद आपातकाल लगाया और लोकसभा की अवधि बढ़ा दी। 1977 में लोगों ने आपातकाल को अनुशासन के युग के रूप में स्वीकार कर लिया। इंदिरा ने नये सिरे से चुनाव कराने का आदेश दिया। मगर वह बुरी तरह से परास्त हुईं। वह अपनी खुद की सीट भी हार गयीं, जबकि उनके बेटे संजय गांधी जो संवैधानिक शक्ति के रूप में उभरे थे, आपातकाल में भी चुनाव हारे। तब केंद्र में सत्ता में आने वाली यह पहली गैर-कांग्रेसी सरकार थी।

उस चुनाव में 1980 में जनता पार्टी के विभिन्न घटक जो तब से अपने-अपने रास्ते से अलग हो गये थे, का अनुसरण किया गया। वे समान रूप से बुरी तरह से पराजित हुए। इंदिरा गांधी प्रचंड बहुमत के साथ सत्ता में लौटीं। 2004 में वाजपेयी के नेतृत्व वाली भाजपा की आश्चर्यजनक विफलता के बाद ही मनमोहन सिंह के नेतृत्व वाली संयुक्त प्रगतिशील गठबंधन (यूपीए) सरकार बनी। यूपीए 2009 में भी सत्ता में लौट आयी।

तो क्या मोदी लगातार तीसरी बार जीतेंगे जैसा कि सर्वेक्षण में अनुमान लगाया गया है। हालांकि चुनाव अभी भी 8-9 महीने दूर हैं और जैसा कि वह कहते हैं कि एक सप्ताह भी राजनीति में काफी लंबा होता है। बिना किसी संदेह के वर्तमान में उच्च मुद्रास्फीति और सत्ता विरोधी लहर के बावजूद जीतना मुश्किल है।

इसमें कोई संदेह नहीं होना चाहिए कि जितने लोग भाजपा को वोट देते हैं, उससे कहीं अधिक लोग मोदी को वोट देते हैं। मोदी के व्यक्तित्व को उभारने में आरएसएस-भाजपा का मजबूत संगठनात्मक तंत्र बहुत बड़ी भूमिका अदा करता है, लेकिन एक करिश्माई नेता की अनुपस्थिति में फिर चाहे वह कितना भी मजबूत संगठन हो फिर भी वह सामान्य मतदाता को प्रभावित करने में विफल रहेगा।

भाजपा-आरएसएस ने मोदी सरकार के पिछले 10 वर्षों का उपयोग अपनी मजबूती के लिए किया है। संगठनात्मक संरचनाएं देश के लगभग सभी हिस्सों में अपना विस्तार कर रही है। फिर भी मोदी के बिना भाजपा गरीबों, वंचितों, आर्थिक रूप से कमजोर जातियों और ओबीसी से जुड़ सकती है।

अपनी ओबीसी चायवाला पृष्ठभूमि के अलावा मोदी के पास विभिन्न कल्याणकारी योजनाएं हैं। लांच की गयी योजनाएं, जो अब अच्छा चुनावी लाभ दे रही हैं। पहले से मौजूद योजनाओं जैसे किसान निधि योजना जिसके अंतर्गत 80 करोड़ से अधिक किसानों को 6000 रुपये दिये गये हैं, या फिर उज्ज्वला योजना। लाखों घरों में अत्यधिक सबसिडी वाले रसोई गैस सिलेंडरों की आपूर्ति या लाखों ग्रामीण परिवारों के लिए पीने का पानी और गरीबों के लिए लाखों घरों का निर्माण किया गया है।

संक्षिप्त बात यह है कि मोदी की गरीब समर्थक छवि अभी भी भाजपा के लिए गेम चेंजर होगी। दूसरी ओर विपक्षी दलों द्वारा बनाये गये 'इंडिया' नामक नये गठबंधन के बाद भी यह सबसे पहले और सबसे महत्वपूर्ण एक लोकप्रिय नेता की कमी से पीड़ित हैं।

माना कि इस साल जनवरी से जुलाई-अगस्त के बीच राहुल गांधी की रेटिंग 13 से 24 फीसदी तक पहुंच गयी है, लेकिन मोदी की लोकप्रिय रेटिंग 40 फीसदी से यह कम है। ममता बनर्जी और अरविंद केजरीवाल जैसे अन्य नेताओं की रेटिंग करीब 15 प्रतिशत है। वास्तव में केजरीवाल की रेटिंग इस महीने 15 प्रतिशत तक रही, जोकि इस वर्ष जनवरी में 27 प्रतिशत थी। इसके अलावा एक नेता के रूप में विपक्षी गुट के पास बताने के लिए कोई विश्वसनीय कहानी नहीं है।

सत्ता में रहते हुए अधिकांश विपक्षी दलों का रिकार्ड अच्छा नहीं रहा। इसके अलावा मतदाता हमेशा उन धूर्त गठबंधनों से सावधान रहते हैं, जो केवल स्वार्थ के लिए बनाये जाते हैं। इस बीच भाजपा राहुल गांधी की बढ़ती लोकप्रियता के ग्राफ से नाखुश नहीं होगी। कुल मिलाकर 2024 के चुनाव में भी मोदी को सत्ता से हटाना विपक्ष के लिए एक कठिन काम है।

## जमशेदपुर की खबरें

### ग्रामीणों ने जाहेर थान की साफ-सफाई कर ब्लीचिंग पाउडर का किया छिड़काव



**जमशेदपुर (आजाद सिपाही)।** पूर्वी सिंहभूम जिले के जुगसलाई विधानसभा स्थित गधडा भूमिज टोला में हर साल की भांति इस वर्ष भी ग्रामीणों के द्वारा आदिवासियों का पूजा स्थल जाहेर थान की साफ सफाई की गई। रविवार को जाहेर थान की साफ सफाई के दौरान क्षेत्र के दर्जनो ग्रामीण मौजूद रहे। मौके पर ग्रामीणों ने संयुक्त रूप से श्रमदान कर पूजा स्थल का साफ सफाई के बाद ब्लीचिंग पाउडर का छिड़काव किया। इस अवसर पर पुरुष के साथ महिलाओं ने भी बढ़-चढ़कर हिस्सा लिया। मौके पर सरिता बारदा,जीरा पूर्ति, सुरमी पूर्ति,गीता पूर्ति,सुनिता पूर्ति,सोनापति कुकंल,लालमुनि हेम्ब्रम,मुगीली देवगम,कजल देवगम,सुनील कुकंल, लक्ष्मण पूर्ती, सोमबारी हेम्ब्रम, जोबा देवगम, सुकुराम देवगम, जेना जामुदा का सरानीय योगदान रहा।

### युवक को अज्ञात अपराधियों ने मारी गोली, जांच में जुटी पुलिस



**जमशेदपुर (आजाद सिपाही)।** बीते देर रात मानगो थाना अंतर्गत स्वर्णरेखा नदी किनारे बैठे मानगो गुरुद्वारा बस्ती निवासी पवन कुमार यादव को अज्ञात नकाबपोश अपराधियों ने गोलीमार घायल कर दिया। पुलिस व स्थानीय लोगों की मदद से घायल को टीएमएच में भर्ती कराया गया। जहां डॉक्टरों ने अमृत घोषित कर दिया। उधर इस घटना के बाद पूरे क्षेत्र में दहशत व्याप्त है।बताया जा रहा है पावन नदी किनारे अपने दोस्तों के साथ बैठा था। पांच नकाबपोश अपराधी मोटरसाइकिल से पहुंच कर अंधाधुंध फायरिंग शुरू कर दी। पवन को माथा और पिट में गोली लगने से घायल अवस्था में इलाज के लिए टीएमएच लाया गया। जहां डॉक्टर ने मृत घोषित कर दी। फिलहाल पुलिस अपराधियों के धर पकड़ के लिए छापेमारी कर रही है।

### सिदगोड़ा आंध्र संगम समिति के गणेश पूजन पंडाल का भूमि पूजन संपन्न



**जमशेदपुर (आजाद सिपाही)।** सिदगोड़ा में आंध्र संगम समिति के गणेश पूजा पंडाल का भूमि पूजन का आयोजन किया गया। रविवार को पुरोहितों के द्वारा वैदिक अनुष्ठान व मंत्रोच्चार के बाद भूमि पूजन संपन्न किया गया। मौके पर पूर्व भाजपा जिलाध्यक्ष दिनेश कुमार मौजूद रहें। समिति के डॉ. एपी राव व उनकी धर्मपत्नी के द्वारा पूजन विधि संपन्न किया गया। कमिटी के अध्यक्ष वाई आनंद राव ने बताया इस वर्ष भी भव्य गणेश महोत्सव का आयोजन किया जाएगा। स्थानीय कुशल कारीगरों द्वारा पूजा पंडाल का निर्माण की जा रही है। इस अवसर पर आंध्र संगम समिति के सी.एच.शंकर राव, ईश्वर राव, वाई आनंद राव, बी. आरसी राव, एनआरके राव, के. राजू राव, अप्पल राजू, रमण राव, महेश, जी नागेश्वर, एन प्रभाकर राव व अप्पा राव उपस्थित रहे।

### गोराई समाज के रक्तदान शिविर में शामिल हुए सांसद विद्युत वरण, 500 यूनिट रक्त संग्रह

आजाद सिपाही संवाददाता




**जमशेदपुर।** शहर के गोराई तेली व कुलु समाज कल्याण के केंद्रीय समिति द्वारा जमशेदपुर ब्लड बैंक में रक्तदान शिविर का आयोजन किया गया। रविवार को आयोजित रक्तदान शिविर में सांसद विद्युत वरण महतो शामिल हुए। समाज के लोगों ने फूलों का गुलदस्ता देखकर सांसद का भव्य स्वागत किया। मौके पर सांसद व समाज के लोगों द्वारा संयुक्त रूप से दीप प्रचलित कर रक्तदान शिविर का शुभारंभ किया गया। समाज के द्वारा आयोजित एकदिवसीय शिविर में लगभग 500 रक्तदाताओ ने बहुमूल्य समय देकर रक्तदान किया। जिसमें महिला और पुरुष दोनों ही शामिल रहे। गोराई समाज के केंद्रीय अध्यक्ष दयाल गोराई ने बताइस गोराई समाज का उद्देश्य है किसी समय किसी वक्त किसी मरीज को रक्त की आवश्यकता हो तो उन्हें समाज के द्वारा सहायता कर सके। इस अवसर पर सांसद प्रतिनिधि संजीव कुमार,पश्चिम विधानसभा के प्रतिनिधि चित्तरंजन वर्मा,सोनारी मंडल अध्यक्ष प्रशांत पोद्दार, गोराई समाज के केंद्रीय अध्यक्ष दयाल गोराई, महासचिव राजू गोराई, कोषाध्यक्ष संतोष गोराई, सोशल मीडिया प्रभारी करन गोराई, मानिक गोराई, संदीप गोराई, भाजपा सोनारी मंडल के नारायण प्रसाद, संजय रजक,कृष्णा यादव, रमेश प्रसाद साहू, मालती गोराई, महाबीर गोराई, शंकर गोराई, जितेन्द्र गोराई, प्रदीप गोराई, सुखदेव गोराई, बिहारी गोराई, भागीरथ गोराई, सुजित गोराई, सुनील गोराई, मिंटु गोराई, राजू गोराई, गणेश गोराई, अरूप गोराई, शिबु गोराई, गौतम गोराई सहित अन्य सदस्य उपस्थित रहे।

### श्री श्री सार्वजनिक शिव मंदिर की प्राण प्रतिष्ठा में शामिल हुए मंत्री बन्ना गुप्ता

### पूजा-अर्चना कर झारखंड वासियों के लिए की मंगल कामना





आजाद सिपाही संवाददाता

**जमशेदपुर।** बीते वर्ष नवरात्र के मौके पर जमशेदपुर पश्चिम के विधायक सह राज्य के मंत्री बन्ना गुप्ता ने विधानसभा क्षेत्र के अलग-अलग नौ मंदिरों के जीर्णोद्धार का जिम्मा उठाया गया था। रविवार को कदमा रामजनम नगर में श्री श्री सार्वजनिक शिव मंदिर में शिव प्राण प्रतिष्ठा के अवसर पर कलश यात्रा, बेदी पुजा, पंचाग पुजा के कार्यक्रम में स्वास्थ्य मंत्री बन्ना गुप्ता मुख्य अतिथि के रूप में उपस्थित हुए। मौके पर मंत्री ने विधि विधान के साथ पूजा-अर्चना कर झारखंड वासियों के लिए मंगल कामना की। वही श्रद्धालुओं के साथ मंदिर का विधिवत प्राण प्रतिष्ठा किया।

इस दौरान मंदिर कमेटी के शिबू महतो, रौशन सिंह, शिवजी सिंह, मुकेश झा, मुकेश सिंह, धौरज रजक, भोला शमी, बादल सिंह, चिन्द्र सिंह, सुशान्त साहु, प्रकाश पटेल, चेतन दा, भोनू, रवि सिंह, आकाश सिंह, बबूलू चोहार, राजेश शर्मा, धरमेन्द्र राय, विनय सिंह, बबुआ झा, कैलाश रजक अमित प्रसाद, संजीव झा, बिशु, सेंटी रजक सहित सैकड़ो बस्तीवासी उपस्थित रहे।

### ग्रामीणों ने क्षेत्र की समस्याओं को लेकर विधायक के संग की बैठक, मिला आश्वासन

### जल्द होगा ग्रामीणों की समस्या का समाधान: मंगल कालिंदी



आजाद सिपाही संवाददाता

**जमशेदपुर।** पूर्वी सिंहभूम जिले के जुगसलाई विधानसभा स्थित लॉयला बीएड कॉलेज के सामने मुख्य सड़क पर अवैध पार्किंग व सड़क पर बने बंपर से स्थानीय लोग काफी परेशान है। रविवार को समस्या क्या समाधान के लिए ग्रामीणों ने एक बैठक बुलाई। मौके पर क्षेत्र के विधायक मंगल कालिंदी शामिल हुए। बैठक में साधुडेरा, लालटांड़ के ग्राम वासियों ने विधायक मंगल कालिंदी को क्षेत्र में हो रही समस्याओं से अवगत कराया। जानकारी मिलते ही विधायक ने क्षेत्र का निरीक्षण कर जल्द समाधान का आश्वासन दिया। मौके पर ग्रामीणों ने बताया बीएड कांलेज रोड मे बम्पर से रोज दुर्घटनाएं घटती है। ज्यादातर स्कूल से बच्चे को स्कूटी में लेकर जाने वाले महिलाओं का परेशानी बढ़ गया है। स्थिति बहुत ही खतरनाक है। वही सुबह स्कूल खुलने से लेकर छुट्टी तक सड़क जाम रहता है।

स्कूल के अंदर प्रयाप्त खाली जगह होने के बावजूद स्कूल प्रबंधक पार्किग की व्यवस्था अंदर नही करके सड़क पर स्कुल वेन खडा. करवाते है। विधालय प्रबंधन के लापरवाही के कारण कभी भी बड़ी दुर्घटना हो सकती है। समस्या को सुनने के बाद विधायक ने समस्या का जल्द सामाधान का आश्वासन दिया। विधायक ने कहा मंगलवार को जिले के डीसी और जे.एन.एस.सी. के स्पेशल आंफिसर से मिलकर तत्काल समाधान निकाला जायेगा।

### भजन संध्या कार्यक्रम के लिए मशहूर भजन गायिका कल्पना शहर पहुंचीं



**जमशेदपुर (आजाद सिपाही)।** हर हर महादेव सेवा संघ द्वारा पिछले 21 वर्षों से आयोजित किए जाने वाले भजन कार्यक्रम की पूर्व संध्या पर आज भजन गायिका कल्पना पटवारी जमशेदपुर पहुंची गयी है । उनकी 15 सदस्यीय टीम भी आ गयी है। आज शहर आगमन पर संस्था के संस्थापक अमरप्रीत सिंह काले और अन्य वरिष्ठ पदाधिकारियों ने उनका स्वागत किया। वहीं संस्था की और से तैयारियों को अंतिम रूप देते हुए संघ के स्वयंसेवकों की एक महत्वपूर्ण बैठक गुरुद्वारा मैदान में हुई। बैठक की अध्यक्षता संघ के संस्थापक अमरप्रीत सिंह काले द्वारा किया गया।

## महत्वपूर्ण न्यूज

### सर्वेश्वरी समूह आश्रम की ओर से लोगों के बीच किया जा रहा पौधों का वितरण




**सगमा (आजाद सिपाही)।** पर्यावरण संरक्षण को लेकर सर्वेश्वरी समूह के द्वारा पौधा वितरण कर इसके संवर्धन व संरक्षण के गुर भी बताये जा रहे हैं। ज्ञात हो कि सगमा प्रखंड के मकरी गांव स्थित सर्वेश्वरी समूह आश्रम की ओर से लोगों के बीच पौधा वितरण किया जा रहा है। इस संबंध में पूछने पर आश्रम के संरक्षक बिहारी राम ने बताया कि सर्वेश्वरी समूह के द्वारा पूरे देश में कई तरह के सामाजिक कार्य किये जा रहे हैं। इसी के तहत हमारे समूह का पर्यावरण की सुरक्षा प्रथम स्थान पर आता है। इसको बढ़ावा देने के उद्देश्य से लोगों के बीच फलदार वृक्षों में आम, जामुन, अमरूद, कटहल, आंवला तथा ईमारती पौधों में सागौन, गमहार, शीशम के पौधे आश्रम के द्वारा मुफ्त दिये जा रहे हैं। अभी तक इस आश्रम से 850 पौधे लोगों के बीच वितरण किये जा चुके हैं। उन्होंने कहा कि पेड़ लगाने व उसे बचाने में थोड़ी कठिनाई होती है मगर एक पेड़ एक पुत्र के समान होता है। इस धरती पर जबतक पेड़ पौधे हैं, तभी तक हमारा जीवन सुरक्षित है। पर्यावरण की सुरक्षा करना हमारा पहला कर्तव्य होना चाहिए। पेड़ के अभाव में धरती का जलस्तर लगातार पाताल की ओर जा रहा है। इसे रोकने के लिए पेड़ लगाने व इसका संरक्षण करने की नितांत आवश्यकता है।

### एग्री क्लिनिक सेंटर रंका में प्रमुख ने 10 क्विंटल मक्का बीज का किया वितरण




**रंका (आजाद सिपाही)।** एग्री क्लिनिक सेंटर रंका में रंका प्रखंड के चार पंचायतों से चयनित चार गांव के किसानों के बीच शनिवार को रंका प्रखंड प्रमुख हेमंत लकड़ा ने 10 क्विंटल मक्का बीज का वितरण किया। इस बीज वितरण में प्रखंड के चार पंचायत से एक-एक गांव का चयन किया गया था। जिसमें खपरो पंचायत के खपरो गांव, मानपुर पंचायत के मानपुर गांव, विश्रामपुर पंचायत के विश्रामपुर गांव एवं कटरा पंचायत के बनवाही गांव के किसानों का चयन किया गया। जिसमें प्रत्येक किसानों को पांच किलो ग्राम की दर से कुल दस क्विंटल वितरण किया। इस अवसर पर प्रखंड तकनीकी प्रबंधक त्रिभुवन कुमार, प्रखंड समन्वयक कुणाल कुमार, प्रखंड सहायक समन्वयक जितेंद्र कुमार रवि, धर्मेंद्र कुमार सहित काफी संख्या में किसान उपस्थित थे।

### शिवपहाड़ी गुफा मंदिर भवनाथपुर में सावन की अंतिम सोमवारी को कांवर यात्रा को लेकर तैयारियां पूरी




**गढ़वा (आजाद सिपाही)।** शिवपहाड़ी गुफा मंदिर भवनाथपुर में सावन की अंतिम सोमवारी को होने वाली कांवर यात्रा को लेकर सारी तैयारियां पूरी कर ली गयी हैं। इस कांवर यात्रा में लगभग दस हजार कांवरियों के शामिल होने की उम्मीद जतायी जा रही है। इस संबंध में शिवपहाड़ी गुफा मंदिर विकास समिति के अध्यक्ष ब्रजेश कुमार ने बताया कि शिव पहाड़ी गुफा मंदिर गोड़गांवा, भवनाथपुर के तत्वावधान में कांवर यात्रा 28 अगस्त यानी सावन की अंतिम सोमवारी को केतार के पंडा नदी के संगम स्थल से भवनाथपुर शिव पहाड़ी गुफा मंदिर तक होगी। उक्त कार्यक्रम के तहत सुबह 8 बजे मां केतार वाली का दर्शन कर कांवरिये संकल्पित जल लेकर सुबह 9 बजे से प्रस्थान करना शुरू करेंगे। दोपहर के एक बजे से शिव पहाड़ी बाबा का रुद्राभिषेक एवं जलाभिषेक किया जाएगा एवं प्रसाद वितरण तथा भंडारा का आयोजन दोपहर 2 बजे से प्रारम्भ किया जाएगा। उन्होंने शिवभक्तों से ज्यादा से ज्यादा संख्या में भाग लेने की अपील की।

**प्रतियोगिता :** पांच किमी दौड़ प्रतियोगिता में जिले भर से 140 प्रतिभागियों ने दिखाया दम

# गोपाल बने विजेता, निरंजन-सोनू को मिला दूसरा और तीसरा स्थान

> अनुशासन एवं निरंतर अभ्यास और अध्ययन ही सफलता की कुंजी होती है : थाना प्रभारी





आजाद सिपाही संवाददाता

**मेराल।** फिजिकल ग्रुप द्वारा रविवार को प्रखंड मुख्यालय में पहली बार पांच किलोमीटर दौड़ प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। जिसमें जिले भर से 140 प्रतिभागियों ने अपना दम दिखाया। मेराल हाई स्कूल के स्टेडियम में प्रतियोगिता कार्यक्रम का शुभारंभ मुख्य अतिथि थाना प्रभारी नीतीश कुमार, विशिष्ट अतिथि डंडा के पुलिस पदाधिकारी शैलेंद्र कुमार सिंह, मेराल पूर्वी के मुखिया रामसागर महतो, उप मुखिया अलीशेर अंसारी, फिजिकल ग्रुप के संरक्षक अतहर अली, अध्यक्ष शहबान माही, मुन्ना राम, कृष्ण प्रसाद कुशवाहा, अशोक राम, रजनीगंधा देवी आदि ने संयुक्त रूप से दीप प्रचलित कर तथा फीता काटकर एवं गुब्बारा को आसमान में उड़कर किया। इसके बाद सभी प्रतिभागियों से थाना प्रभारी तथा प्रतिनिधियों ने परिचय प्राप्त किया। वहीं बंका रोड में सभी धावकों को हरी झंडी दिखाकर रवाना किया गया।

इस मौके पर थाना प्रभारी नीतीश कुमार ने पांच किलोमीटर दौड़ प्रतियोगिता आयोजित करने के लिए फिजिकल ग्रुप के सभी पदाधिकारीयों तथा युवाओं के उत्साहवर्धन के लिए पहुंचे सभी लोगों को धन्यवाद देते हुए कहा कि सभी प्रतिभागी अनुशासन में दौड़ लगाएंगे। उन्होंने कहा कि अनुशासन एवं निरंतर अभ्यास और अध्ययन में ही सफलता की कुंजी होती है। कार्यक्रम को अन्य अतिथियों ने भी संबोधित किया।

**इन्हें किया गया पुरस्कृत :** दौड़ प्रतियोगिता में प्रथम स्थान पाने वाले आमर के गोपाल कुमार को अतिथियों द्वारा शूज, लैपटॉप बैग तथा मेडल देकर सम्मानित किया गया। इसी तरह द्वितीय स्थान पाने वाले नगर ऊंटरी के निरंजन कुमार को टी-शर्ट, लैपटॉप बैग तथा मेडल तथा तृतीय स्थान पाने वाले चिनिया के सोनू कुमार को लैपटॉप बैग एवं मेडल सम्मानित किया गया। वहीं टॉप 10 में स्थान पाने वाले धावकों में चामा के सुहैल अंसारी, मोहम्मदगंज के मनीष कुमार, आमर के मनमीत कुमार, कटहर कला के रौनक कुमार, मेराल के अश्वनी कुमार, पुतुर के संतोष कुमार गुप्ता तथा नावा चंपा के नागेंद्र चौधरी को फिजिकल ग्रुप के पदाधिकारी द्वारा सांत्वना पुरस्कार देकर सम्मानित किया गया।

कार्यक्रम को सफल बनाने में फिजिकल ग्रुप के अध्यक्ष शहबान माही, सचिन अली शेर अंसारी, कोषाध्यक्ष सोनू जाटव, उपाध्यक्ष जितेंद्र पटवा, शहादत अंसारी, बबलू आरो, राजेंद्र राम, अम्बार अंसारी, फिरोज अंसारी, सलीम अंसारी, भोला राम, विनोद चौधरी, बिंदू कुमार राम, समीर अंसारी, नीतीश कुमार गुप्ता, मुंद्रिका ठाकुर, उपेंद्र कुमार, रहमान अंसारी, शमशेर अंसारी, धर्मेंद्र कुमार आदि ने महत्वपूर्ण भूमिका निभाई।

कार्यक्रम में मुख्य रूप से रेयाज अंसारी, मदन यादव, जफीर अंसारी, संतु राम, रहमुद्दीन अंसारी, डॉ लालमोहन, डॉ दीपक कुमार यादव, डॉ संजय यादव, साबिर अंसारी, मोहम्मद अली उर्फ लाला, रामाशीष आस्था, शिक्षक आरिफ अंसारी, फारूक अली, मौलाना यासीन सहित कोई गणमान्य तथा बड़ी संख्या में खेल प्रेमी युवा शामिल थे। कार्यक्रम का संचालन अतहर अली के द्वारा किया गया।

## झारखंड क्रिकेट एसोसिएशन की वार्षिक बैठक आयोजित

> गढ़वा में जेएससीए ने एजीएम कराकर जिला कमेटी को ऐतिहासिक अवसर दिया है : एसडीओ




आजाद सिपाही संवाददाता

**गढ़वा।** झारखंड क्रिकेट एसोसिएशन की वार्षिक बैठक (एजीएम) गढ़वा शहर के होटल विनस इंटरनेशनल के सभागार में आयोजित की गयी। बैठक में जेएससीए के अध्यक्ष संजय सहाय व सचिव देवाशीष चक्रवर्ती मुख्य रूप से उपस्थित थे। बैठक में झारखंड के सभी जिलों से 242 प्रतिनिधियों ने भाग लिया। बैठक के बाद जेएससीए के अध्यक्ष संजय सहाय, सचिव देवाशीष चक्रवर्ती, गढ़वा के अध्यक्ष सह एसडीओ राज महेश्वरम तथा सचिव राघवेंद्र नारायण सिंह ने संयुक्त रूप से एक प्रेसवार्ता की जिसमें पदाधिकारियों ने कहा कि गढ़वा में पहली बार जेएससीए का एजीएम संपन्न हुआ है। इसके लिये जिला कमेटी बधाई की पात्र है। उन्होंने कहा कि गढ़वा में स्टेडियम बनाने के लिये जेएससीए ने एक साल पहले जिला प्रशासन को प्रस्ताव भेजा था। लेकिन अब तक जमीन उपलब्ध नहीं हो पाने के कारण इस मामले में बात आगे नहीं बढ़ सकी है। अध्यक्ष एवं सचिव ने कहा कि बैठक के दौरान गढ़वा में स्टेडियम बनाने के लिये तीन जगहों से प्रस्ताव आया है। इनमें डेंटल कॉलेज फरठिया, रामा साहू उच्च विद्यालय गढ़वा और नेनुआ मोड़ मेराल का नाम शामिल है। इन जगहों को कमेटी देखेगी तभी कोई निर्णय लिया जा सकेगा। अगर इनमें से कोई स्थान उपयुक्त मिला तो जेएससीए उसे लीज पर लेकर स्टेडियम का निर्माण करायेगी। उन्होंने कहा कि जेएससीए को अपना स्टेडियम बनाने के लिये 10 एकड़ जमीन चाहिये और जिला प्रशासन द्वारा इसके लिये एक जगह जमीन देखी गयी थी लेकिन वह उपयुक्त नहीं था। दूसरी जमीन देखी जा रही है। गढ़वा जिला में दो कमेटियों के काम करने को लेकर पूछे गये सवाल के जवाब में अध्यक्ष संजय सहाय एवं सचिव देवाशीष चक्रवर्ती ने कहा कि गढ़वा जिला क्रिकेट एसोसिएशन के सचिव राघवेंद्र नारायण सिंह हैं और जेएससीए के द्वारा यही कमेटी वैद्य है। गढ़वा एसडीओ सह जेएससीए के गढ़वा जिलाध्यक्ष राज महेश्वरम ने कहा कि जेएससीए ने गढ़वा में एजीएम कराकर जिला कमेटी को ऐतिहासिक अवसर दिया है क्रिकेट खेल जगत के लिये मील का पत्थर साबित होगा। जेएससीए के गढ़वा जिला सचिव राघवेंद्र नारायण सिंह ने कहा कि गढ़वा में जेएससीए ने एजीएम कराकर जिला कमेटी पर भरोसा जताया है। इसके लिये गढ़वा जिला कमेटी जेएससीए का आभार प्रकट करती है।

## वीर शहीद फेतल सिंह स्मृति फुटबॉल टूर्नामेंट 2023 का उद्घाटन



**रंका (आजाद सिपाही)।** रंका प्रखंड अंतर्गत वीर सहिद फेतल सिंह की स्मृति में युवा फुटबॉल क्लब बाहाहारा के तत्वावधान में शनिवार को फुटबॉल टूर्नामेंट प्रतियोगिता 2023 का शुभारंभ बतौर अतिथि युवा मोर्चा जिला अध्यक्ष गढ़वा शहर विधायक प्रतिनिधि वन एवं पर्यावरण विभाग श्रवण कुमार सिंह उर्फ संजय छोटू ने फीता काटकर खिलाड़ियों से परिचय प्राप्त कर एवं फुटबॉल को कीक मार कर शुभारंभ किया। उद्घाटन मैच में जॉनहींखांड़ भंडरिया की टीम ने बाहाहारा रंका की टीम को एक शून्य से पराजित किया।

इस अवसर पर बतौर मुख्य अतिथि संजय छोटू ने दर्शकों एवं खेल प्रेमियों को संबोधित करते हुए कहा कि खेल और खिलाड़ियों के लिए यह स्वर्णिम काल है। आज झारखंड की हेमंत सरकार और मंत्री सह गढ़वा विधायक मिथिलेश कुमार ठाकुर के द्वारा खेल और खिलाड़ियों को बढ़ावा देने का काम किया जा रहा है। इस अवसर पर फुटबॉल क्लब के अध्यक्ष लाल कुमार सिंह, सचिव मानदेव सिंह, कोषाध्यक्ष कृष्णा सिंह, झामुमो युवा मोर्चा पंचायत अध्यक्ष विजय सिंह, तमगेकला पंचायत मुखिया प्रतिनिधि राधेश्याम सिंह, बीडीसी प्रतिनिधि उपेंद्र भुईयां, झामुमो पंचायत सचिव विकास यादव, ओम प्रकाश सिंह बाहाहरा पंचायत अध्यक्ष झामुमो, रघुवीर प्रधान, सत्येंद्र यादव, उप मुखिया प्रतिनिधि बहाहारा, अशोक सिंह, गोविंद सिंह, रामचंद्र बैगा, विनोद सिंह पिंडरा, कपिल देव सिंह पिंडरा, बसंत सिंह, प्रताप सिंह वार्ड नंबर 8, सत्यनारायण सिंह, राजनाथ सिंह, नीलांबर सिंह, अरुण प्रसाद पिंडरा सहित काफी संख्या में खेल प्रेमी उपस्थित थे।

## अखिल वैश्य महासम्मेलन ने समाज के मेधावी बच्चों को किया सम्मानित



आजाद सिपाही संवाददाता

**गढ़वा।** मेन बाजार निवासी भाजपा नेत्री अंजली गुप्ता एवं संजय गुप्ता की सुपुत्री मुस्कान गुप्ता को मिस गॉर्जियस बनाये जाने पर एवं डब्लू केशरी के पुत्र अंकुर केशरी को मेडिकल प्रवेश परीक्षा पास करने पर इन दोनों बच्चों को अखिल भारतीय वैश्य महासम्मेलन गढ़वा इकाई के अध्यक्ष रविंद्र जयसवाल की अध्यक्षता में उनके घर पर जाकर अंग वस्त्र एवं प्रशस्ति पत्र देकर सम्मानित किया गया।

अध्यक्ष रविंद्र जयसवाल के द्वारा कहा गया कि बहुत गर्व की बात है कि गढ़वा वैश्य समाज के बच्चे प्रतियोगिता परीक्षा में अव्वल आ रहे हैं। हम सभी इनके उज्जवल भविष्य की कामना करते हैं एवं दोनों बच्चों के माता-पिता को भी बधाई दे रहे हैं। इनके अभिभावक अपने बच्चों को शिक्षा देने का कार्य कर रहे हैं जिससे देश प्रदेश और समाज का नाम ऊंचा होगा। अन्य बच्चों को इनसे प्रेरणा लेने की जरूरत है जिससे वैश्य समाज के और बच्चे पढ़ाई के क्षेत्र में आगे आयें।

मौके पर अखिल भारतीय वैश्य महासम्मेलन महामंत्री उमेश कश्यप, सचिव दौलत सोनी, उपाध्यक्ष संतोष केसरी, कोषाध्यक्ष उमेश अग्रवाल, सदस्य अजय लाल, संजय केसरी, टिंकू गुप्ता, सुधीर गुप्ता एवं विशाल गुप्ता उपस्थित थे।

### श्रावण माह की अंतिम सोमवारी को श्री विष्णु भगवान की शोभायात्रा के साथ कलश यात्रा निकालने का निर्णय



**विशुनपुरा (आजाद सिपाही)।** विशुनपुरा प्रखंड मुख्यालय पोखरा चौक स्थित श्री विष्णु मंदिर विकास समिति की बैठक रविवार को विष्णु मंदिर के परिसर में समिति के अध्यक्ष नारायण शर्मा के अध्यक्षता में की गई। बैठक में श्रावण माह के अंतिम सोमवारी के दिन श्री विष्णु भगवान की शोभायात्रा के साथ-साथ कलश यात्रा निकालने का निर्णय लिया गया। यह यात्रा मंदिर परिसर से प्रारंभ होकर बांकी नदी से मंत्रोचार के साथ कलश में जल भर कर ब्लौक मोड़, लालचौक, शंकर मोड़, चकचक मोड़, गांधी चौक होते हुए पुरानी बाजार स्थित शिव चबूतरा पर आधा जलाभिषेक कर शेष जल को श्री विष्णु मंदिर स्थित शिव मंदिर पर जलाभिषेक किए जाने का निर्णय लिया गया। वहीं पर शोभा यात्रा व कलश यात्रा की समाप्ति के बाद श्रद्धालुओं के बीच महाप्रसाद वितरण किया जायेगा। बैठक में मंदिर समिति अध्यक्ष नारायण शर्मा, सचिव नवल किशोर गुप्ता, कोषाध्यक्ष ज्वाला प्रसाद गुप्ता, सदस्य अजय प्रसाद यादव, शिव कुमार ठाकुर, भोलानाथ साहू, सचिन गुप्ता, ललन गुप्ता, नागेन्द्र ठाकुर, योगेन्द्र राम, श्याम सुन्दर राम, रामलखन पासवान, बिनोद सोनी, जगदीश राम, कृष्णा ठाकुर, महेन्द्र चन्द्रबंशी सहित सदस्यगण मौजूद थे।

### चौधरी जेनरल हॉस्पिटल, गढ़वा में नि:शुल्क नि:संतान दंपति परामर्श शिविर 29 अगस्त को



**गढ़वा (आजाद सिपाही)।** चौधरी जेनरल हॉस्पिटल, गढ़वा में 29 अगस्त को नि:शुल्क नि:संतान दंपति परामर्श शिविर (आईवीएफ कैम्प) का आयोजन किया गया है। जिसमें रांची के डॉ रूपाश्री पुरुषोत्तम एवं उनके मेडिकल टीम द्वारा नि:शुल्क जांच किया जाएगा। वैसे दंपति जो विवाह के साल भर बाद भी माता-पिता बनने में असफल रहे हों। अगर पुरुष में शुक्राणु की कमी हो। नसबंदी के बाद भी अगर मां बनना हो या महिलाओं में अंडाणु की कमी हो, इस स्थिति में नि:सन्तान दम्पति परामर्श ले सकते हैं। हॉस्पिटल निदेशक डॉ जुली कुमारी ने कहा कि यह शिविर प्रत्येक 29 तारीख को लगता है। इस सेंटर के माध्यम से कई लोगों को लाभ मिल चुका है। नि:सन्तान दम्पति पूर्व की समस्त परीक्षण रिपोर्ट साथ लेकर आएं। आप शिविर में परामर्श लेने के लिए 9955441987, 9262970560 पर सम्पर्क कर अग्रिम रजिस्ट्रेशन करवा सकते हैं।

**बैठक :** गढ़वा जिला तलवारबाजी संघ की वार्षिक बैठक में किया गया संघ का विस्तार

# रणजीत सिंह व मनोज केशरी संरक्षक और अमित सिंह बने अध्यक्ष

> यह ओलंपिक गेम है, इस खेल के विकास में गढ़वा संघ को पूरा सहयोग किया जाएगा : जय कुमार सिन्हा



आजाद सिपाही संवाददाता

**गढ़वा।** जिला मुख्यालय स्थित वन विभाग के सामुदायिक भवन में शनिवार को गढ़वा जिला तलवारबाजी संघ की वार्षिक बैठक की गई। बैठक में पर्यवेक्षक के रूप में झारखंड राज्य तलवारबाजी संघ के फाउंडर महासचिव जय कुमार सिन्हा मौजूद थे। बैठक में विगत वर्ष का बजट, वार्षिक कैलेंडर, नये सत्र के बजट, गढ़वा जिले में तलवारबाजी खेल के विकास पर विस्तार पूर्वक चर्चा की गई। बैठक में तलवारबाजी उपकरण खरीदने, खिलाड़ियों को प्रशिक्षित करने के लिए, प्रशिक्षण कैंप लगाने का भी निर्णय लिया गया। संघ का विस्तार करते हुए मनोज केशरी एवं रंजीत सिंह को संरक्षक, अमित कुमार सिंह को अध्यक्ष, नवनीत शुक्ला को उपाध्यक्ष और मनोज कुमार सिंह, सुधाकर पांडेय, सुरेन्द्र कुमार शर्मा को सदस्य बनाया गया। इस मौके पर झारखंड राज्य तलवारबाजी संघ के संस्थापक सचिव जयकुमार सिन्हा ने कहा कि यह ओलंपिक गेम है। इस खेल में अच्छा प्रदर्शन करने वाले अंतरराष्ट्रीय प्रतियोगिता में हिस्सा लेते हैं। इस खेल के विकास में गढ़वा संघ को पूरा सहयोग किया जाएगा। रांची के प्रशिक्षक यहां के बच्चों को ट्रेनिंग देंगे।

संघ के अध्यक्ष अमित कुमार सिंह ने स्वागत भाषण करते हुए कहा कि तलवार का भारत के इतिहास से गहरा रिश्ता है। तलवार की विद्या को खेल के माध्यम से घर-घर तक पहुंचाने का अवसर मिला है। इसे हर हाल में पूरा किया जाएगा।

सचिव धनंजय सिंह ने कहा कि गढ़वा जिला खेल के क्षेत्र में काफी आगे बढ़ने वाला जिला है। तलवारबाजी खेल को गढ़वा में बढ़ाने के लिए प्रयास किये जा रहे हैं। यहां के दो खिलाड़ी नेशनल प्रतियोगिता में शामिल हो चुके हैं। जिसमें एक की नौकरी भी फोर्स में हो गई है। दूसरे खिलाड़ी भी मेदिनीनगर में खेल प्रशिक्षक के रूप में जॉब कर रहे हैं। राज्य स्तरीय टूर्नामेंट में भी 21 खिलाड़ी शामिल हो चुके हैं। खिलाड़ियों के प्रशिक्षण पर पूरा ध्यान दिया जा रहा है ताकि इस खेल में गढ़वा का नाम देश-विदेश में शुमार हो सके। संरक्षक रणजीत सिंह और मनोज केशरी ने कहा कि इस खेल को आगे बढ़ाने में उनका पूरा सहयोग रहेगा।

इस अवसर पर संघ के सह सचिव जितेंद्र सिंह, विश्व विजय सिंह, सदस्य संजय गुप्ता, शांतनु कुमार सिंह उपस्थित थे। बैठक का संचालन संघ के कोषाध्यक्ष कमलेश कुमार दुबे ने किया जबकि धन्यवाद ज्ञापन संघ के उपाध्यक्ष आनंद कुमार सिन्हा ने किया।

## गढ़वा जिला टेंट डेकोरेटर्स वेलफेयर एसोसिएशन का गठन

> विनोद जायसवाल चेयरमैन और दयाशंकर गुप्ता बने अध्यक्ष




आजाद सिपाही संवाददाता

**गढ़वा।** जिला मुख्यालय स्थित टंडवा शगुन बैंक्वेट हाल में गढ़वा जिला टेंट डेकोरेटर्स वेलफेयर एसोसिएशन का गठन किया गया। बैठक में सर्वसम्मति से विनोद जायसवाल को चेयरमैन तथा दयाशंकर गुप्ता को अध्यक्ष बनाया गया। इस मौके पर प्रदेश अध्यक्ष प्रदीप सिंह ने कहा कि संगठन हमारे समुदाय के उत्थान हेतु अति आवश्यक है। हम लोगों को एकजुट होकर बेहतर समन्वय के साथ मिलकर कार्य करने की जरूरत है। प्रदेश कार्यकारी अध्यक्ष पुरुषोत्तम रंजन ने कहा कि हमें अपने व्यवसाय की ब्रांडिंग भी करनी जरूरी हैं। हम अपने गुणवत्ता के आधार पर समाज में अपनी प्रक्रिया बढ़ा सकते हैं। प्रदेश महासचिव ने कहा कि आज हम जिला स्तर की कमेटी बना रहे हैं। हम प्रदेश कमेटी के साथ जुड़ रहे हैं। तत्पश्चात राष्ट्रीय कमेटी की भी सहायता मिल रही है। ऐसे में हम संपूर्ण भारत के एक बड़े परिवार के अंग बन जाते हैं। मौके पर प्रदेश सचिव राजेश भारती, दयाशंकर गुप्ता, विनोद जायसवाल ने भी संबोधित किया।

गढ़वा जिला टेंट डेकोरेटर्स वेलफेयर एसोसिएशन के कार्यकारी सदस्यों में महासचिव आशीष कुमार अग्रवाल, संयुक्त सचिव विकास तिवारी, उप सचिव राजकुमार गुप्ता, कोषाध्यक्ष प्रेम रंजन सिंह, मीडिया प्रभारी परमेश्वर प्रसाद सह मीडिया प्रभारी अनिल कश्यप संगठन सचिव तबारक अंसारी को बनाया गया। मौके पर मुख्तार अंसारी, बबलू जायसवाल, वीरेंद्र प्रसाद, राजू लाल कुशवाहा, गुड्डू बघेल, अनिल गुप्ता, शोएब अंसारी, नरेश राम, अपना शुभम आदि लोग मौजूद थे।

# तमाड़ प्रखंड में प्रधानमंत्री ग्राम सड़क योजना में बरती गई भारी अनियमितता, टूटने लगी सड़क

आजाद सिपाही संवाददाता

**तमाड/रड़गांव।** तमाड़ प्रखंड में प्रधानमंत्री ग्राम सड़क योजना के तहत बनने वाले सडकों में किस तरह लूट खसोट व अनियमितता बरती जा रही है यह प्रखंड के आराहंगा पंचायत क्षेत्र में आते ही पचा चल जा रहा है। उग्रवाद प्रभावित इस पंचायत क्षेत्र में संवेदक नक्सली के साथ तालमेल बैठाकर व गामीणों को दारू-हंडिया पिलाकर सड़क बनवा रहे है। इसमें गुणवत्ता नहीं के बराबर है। पंचायत के रंगरिंग चड़वा से पुंडीउली भाया बाजार टांड तक प्रधानमंत्री ग्राम सड़क योजना के तहत जून 2022 से कार्य शुरू किया गया, जो अब पूरा हो चुका है। हालांकि जो सड़क मनाई गई है वह एक वर्ष भी टिक नहीं सका। पूल के दोनों किनारे रोड में दरार आ गयी है। सड़क खराब हो गया और पुल भी जर्जर हो गया है। उक्त कार्य संवेदक सप्तशती कंस्ट्रक्शन की ओर से किया गया है। इसका अनुमानित लागत एक करोड़ 11 लाख 70 हजार रुपये है। सड़क की लंबाई 3.40 किलोमीटर है। सड़क पर एक पुल भी बना है, जिसकी लंबाई 26/260 मीटर है। यह कार्य गामीण कार्य विभाग कार्य प्रमंडल खूंटी की देख रेख में बना है। यह भारत सरकार द्वारा वित्त पोषित परियोजना है, लेकिन इस तरह सरकार के करोडों रुपये इंजीनियर व चुने गये प्रतिनिधि ले दे कर बराबर कर रहे है। ग्रामीण ने इस कार्य की जांच कराकर दोषी अधिकारी व संवेदक पर कार्रवाई करने की मांग की है।






## महत्वपूर्ण न्यूज

### हादसे का सबब बन सकते हैं सड़क किनारे के सूखे पेड़



खूंटी (आजाद सिपाही)। खूंटी-रांची रोड पर सड़क किनारे दर्जनों सूखे पेड़ से कभी भी बड़ा हादसा हो सकता है। पिपराटोली से समाहरणालय तक कई ऐसे सूखे पेड़ है, जो बरसात के दिनों में कभी भी गिर सकते हैं और इससे किसी बड़ी दुर्घटना से इनकार नहीं किया जा सकता। इस संबंध में भाजपा किसान मोर्चा के प्रदेश उपाध्यक्ष और विधायक प्रतिनिधि काशीनाथ महतो ने वन विभाग के अधिकारियों और नगर पंचायत के अधिकारियों से आग्रह किया कि अविलंब सूखे पेड़ों को काटकर हटाया जाए, अन्यथा कभी भी दुर्घटना हो सकती है। उन्होंने कहा कि खूंटी-रांची रोड 24 घंटे व्यस्त रहता है। हर समय वाहनों और लोगों का आवागमन होता रहता है। उन्होंने कहा कि वन विभाग इस ओर तुरंत सकारात्मक पहले करे।

### बुंडू के सरकारी शिक्षक प्रशिक्षण महाविद्यालय में पिछले एक साल से बंद है नामांकन प्रक्रिया




बुंडू (आजाद सिपाही)। सरकारी शिक्षक प्रशिक्षण महाविद्यालय में विगत एक साल से नामांकन की प्रक्रिया बंद है। जानकारी के मुताबिक शिक्षक प्रशिक्षण महाविद्यालय की स्थापना 1908 में हुई थी। जहां प्रतिवर्ष सरकार की ओर से 50 छात्रों का नामांकन किया जाता था, लेकिन राज्य सरकार ने एक वर्ष से नामांकन की प्रक्रिया बंद कर दी है। इससे यहां के विद्यार्थियों के शिक्षक बनने का सपना टूट रहा है। साथ ही नामांकन प्रक्रिया बंद होने से महाविद्यालय में सन्नाटा छा गया है। अब तो लोग विद्यालय भवन व आसपास की जमीन पर अतिक्रमण कर रहे हैं।

### सुस्त गति से हो रहे सड़क निर्माण ने बढ़ाई लोगों की परेशानी

तमाड़ (आजाद सिपाही)। रांची-टाटा रोड पर तमाड़ के राड़डीह में बन रहे ओवर ब्रिज के दोनों किनारे बाइपास रोड बन रही है, लेकिन कार्य सुस्त गति से हो रहा है। जिससे प्रतिदिन दुर्घटना हो रही है। ठेकेदार रोड के पुल को भी आधा बनाकर छोड़ दिया है। जिससे लोगों को काफी कठिनाइयों का सामना करना पड़ता है। गाड़ियां अक्सर फंस जा रही है, जिसे ढकेलकर निकालना पड़ता है।

### 10 साल पहले ही हुआ था स्कूल भवन का निर्माण, पर आज तक नहीं शुरू हुई पढ़ाई



तमाड़ (आजाद सिपाही)। प्रखंड के मानकीडीह गांव में लगभग 10 वर्ष पहले हाई स्कूल के भवन का निर्माण हुआ था, लेकिन आज तक पढ़ाई शुरू नहीं हो पायी है। अब देख रेख के अभाव में स्कूल का भवन भी टूट फूट रहा है। लोगों को बनने के समय आशा जगी थी की अब गांव में उच्च शिक्षा की पढ़ाई होगी, लेकिन यह सपना बनकर रह गया है। अधिकतर बच्चे-बच्चियां 8वीं तक पढ़कर छोड़ देती है। केंद्र सरकार की बेटी बचाओ बेटी पढाओ योजना फेल हो रही है। ग्रामीणों ने स्कूल के लिए जमीन दान की थी। गांव में लगे जनता दरबार में भी इस मुद्दे को प्रमुखता से उठाया गया, लेकिन कुछ नहीं हुआ। यहां के बच्चों को उच्च शिक्षा के लिए 12 किलोमीटर दूर तमाड़ आना पड़ता है।

### बचरा शमशान घाट में बजरंग दल के कार्यकर्ताओं ने किया पौधरोपण

पिपरवार (आजाद सिपाही)। बचरा शमशान घाट में बजरंग दल पिपरवार के कार्यकर्ताओं ने रविवार को वृक्षारोपण किया। साथ ही लगाए गए पौधों को सुरक्षित रखने को लेकर घेराबंदी भी की। इस दौरान पर्यावरणविद् उमेश मेहता एवं बजरंग दल कार्यकर्ता शंकर सिंह चेरो ने कहा कि बढ़ते प्रदूषण को लेकर हर एक नागरिक का कर्तव्य है कि एक पौधा जरूर लगाए, जिससे पर्यावरण संरक्षण में महत्वपूर्ण भूमिका निभाई जा सके। इस दौरान बेल, नीम, बबुआन, अर्जुन एवं आम के पौधे लगाकर उनकी घेराबंदी की गई। मौके पर अक्षय कुमार सिंह, बंटी सिंह, अर्जुन सिंह, फुलेश्वर महतो, मुकेश राणा, मुकेश कुमार गुड्डू, राजा कुमार, पप्पू सोनी, प्रणव दूबे, संतोष रजक, दीपक केसरी, विक्की कुमार, ललकु महतो और नागेश्वर महतो आदि उपस्थित थे।

### मजदूरों को मजदूरी नहीं मिला तो बाहर नहीं जाएगा एक छटाक भी कोयला



खलारी (आजाद सिपाही)। संगठित मजदूरों के साथ असंगठित मजदूरों का भी कोयला उत्पादन में अहम योगदान है, बावजूद इसके एनके एरिया प्रबंधन व निजी कंपनी असंगठित मजदूरों का हक देने के बजाय शोषण कर रहा है। उक्त बातें मजदूर नेता सह आरसीएमएस एरिया सचिव अब्दुल्ला अंसारी ने कही। वे रविवार को डकरा स्टेडियम में असंगठित मजदूरों की बैठक में बोल रहे थे। कहा कि निजी कंपनियां न्यूनतम मजदूरी की धज्जियां उड़ा रही है। असंगठित मजदूरों को जो हक मिलना चाहिए आजतक नहीं मिल पाया। अब्दुल्ला ने कहा कि सभी मजदूरों को एकजुट होकर प्रबंधन व निजी कंपनी के खिलाफ आंदोलन करने की जरूर है। मजदूरों को वाजिब मजदूरी नहीं मिला तो एक छटाक भी कोयला एनके एरिया से बाहर नहीं जाने दिया जाएगा। बैठक की अध्यक्षता अशोक सिंह ने की, जिसमें सुनील सिंह, सोनू पांडेय, बबलू मुंडा, संदीप कुमार, राम कुमार, जय कुमार, सलामत अंसारी आदि थे।

### खलारी पहाड़ी मंदिर में हुआ प्रेमी युगल का विवाह

खलारी (आजाद सिपाही)। खलारी स्थित पहाड़ी मंदिर में रविवार को एक प्रेमी युगल की शादी कराई गई। दोनों एक ही जाति के हैं और खलारी थाना क्षेत्र के ही मोहननगर में रहते हैं। बताया गया कि काफी दिनों से दोनों का प्रेम प्रसंग चल रहा था। परिवार के लोगों को जानकारी मिलने पर दोनों के अभिभावकों ने शादी करा देने का निर्णय लिया। पर बाद में लड़के के अभिभावक मुकरने लगे। इसके बाद लड़की के अभिभावक रविवार को खलारी थाना में जानकारी दी।इसके बाद पुलिस ने पक्षों को बुलाकर बात की और प्रेमी युगल की शादी करा दी।

## कर्रा कस्तूरबा बालिका विद्यालय में विधिक जागरूकता व क्विज प्रतियोगिता का आयोजन

# 18 साल से पहले बच्चियों की शादी कानूनन अपराध: मनोरंजन कुमार

आजाद सिपाही संवाददाता

**खूंटी।** दिल्ली नालसा और रांची झालसा के निर्देश पर प्रधान जिला एवं सत्र न्यायाधीश सह डालसा अध्यक्ष सत्य प्रकाश के मार्गदर्शन में रविवार को कर्रा स्थित कस्तूरबा गांधी आवासीय बालिका विद्यालय में बाल विवाह और डायन प्रथा प्रतिषेध अधिनियम 2005 व संवैधानिक अधिकार के विषय पर विधिक जागरूकता, क्विज प्रतियोगिता और कानूनी वार्ता का आयोजन किया गया। छात्राओं को संबोधित करते हुए डालसा सचिव मनोरंजन कुमार ने कहा कि बाल विवाह कानूनन अपराध है। 18 वर्ष से कम उम्र की बच्चियों का शरीर शादी के लायक नहीं रहता है। कम उम्र में विवाह करने से अधिकतर बच्चियों की मौत गर्भावस्था के दौरान हो जाती है। प्रसव के दौरान जच्चा एवं बच्चा दोनों की जान खतरे में रहती है। प्रसव के दौरान सिर्फ बच्ची ही नहीं, बल्कि नवजात शिशु की भी मौत हो जाती है। उन्होंने कहा कि कम उम्र में बच्चों का विवाह करने से उनकी शिक्षा अधूरी रह जाती है जिससे उनका सामाजिक और वैवाहिक जीवन अस्त-व्यस्त हो जाता है। डालसा सचिव ने कहा कि यदि किसी घर के या सगे संबंधी अथवा समाज के लोग जबरन 18 वर्ष उम्र से पहले शादी के लिए दबाव बनाते हैं, यह कार्य गैर कानूनी है और उनके खिलाफ कानूनी कार्रवाई की जा सकती है। कहा कि पीड़ित बच्ची अपने बचाव में कानून का सहारा ले सकती है। वह डीसी, एसपी, डालसा के अध्यक्ष या सचिव के पास जाकर सहायता प्राप्त कर सकती है। प्रत्येक पंचायत में स्थित विधिक सहायता केंद्र में जाकर पीएलवी को सादा कागज पर आवेदन देकर कानूनी सहायता और संरक्षण प्राप्त किया जा सकता है। खूंटी व्यवहार न्यायालय के अनुमंडलीय न्यायिक दंडाधिकारी दिनेश बाउरी ने छात्राओं को संविधान के बारे में जानकारी दी। डालसा के पैनल अधिवक्ता मदन मोहन राम ने डायन प्रथा प्रतिषेध अधिनियम के बारे में को जागरूक किया। कार्यक्रम में डालसा पीएलवी अंजू कच्छप, मार्शल कंडुलना, पवन कुमार मिश्रा, टेलेस्फोर संगा के अलावा कस्तूरबा स्कूल की वार्डन और छात्राएं उपस्थित थीं।



विधिक जागरूकता कार्यक्रम में शामिल छात्राएं।

### पिपरवार के वुशु खिलाड़ी अविनाश का सीमा सुरक्षा बल में हुआ चयन



**पिपरवार (आजाद सिपाही)।** सीसीएल पिपरवार क्षेत्र के बेंती पंचायत के पाहन टोंगरी गांव निवासी राष्ट्रीय वुशु खिलाड़ी अविनाश गंझु का सीमा सुरक्षा बल एसएसबी में चयन किया गया है। राष्ट्रीय स्तर के वुशु प्रतियोगिता में बेहतर प्रदर्शन कर पदक प्राप्त करने पर भारत सरकार द्वारा खेल कोटे से अविनाश का एसएसबी में सिपाही के पद पर चयनित किया गया है। अविनाश की इस उपलब्धि पर कोच रजी अहमद खुशी ने प्रशन्नता जाहिर की है। कोच रजी अहमद ने बताया कि अविनाश बचपन से ही वुशु खेल के प्रति काफी मेहनती था। अपनी कड़ी मेहनत और परिश्रम से जिला से राज्य और राष्ट्रीय स्तर पर बेहतर प्रदर्शन कर कई पदक लाकर पिपरवार कोयलांचल क्षेत्र का नाम रोशन कर चुका हैं। सीमा सुरक्षा बल में अविनाश का चयन होना पिपरवार कोयलांचल क्षेत्र के लिए गर्व की बात है। उन्होंने कहा कि इससे पूर्व कोयलांचल क्षेत्र के दो वुशु खिलाड़ी ज्योति और दीपक को झारखण्ड के मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन ने खेल कोटे से झारखंड पुलिस बल में नौकरी दे चुके है। अविनाश की इस उपलब्धि पर बेंती पंचायत की मुखिया सरिता देवी, उप मुखिया किरण कुमारी, पसंस कुमारी अनुप्रिया, समाजसेवी रोहण गंझु, गणेश भुईयां, इस्लाम अंसारी, सिकंदर प्रजापति और करण महतो आदि ने शुभकामनाएं दी है।

### जिला भ्रमण में खूंटी पहुंची भारतीय प्रशासनिक सेवा के 14 प्रशिक्षु अधिकारियों की टीम



**खूंटी (आजाद सिपाही)।** डीसी लोकेश मिश्र के निर्देश पर डीडीसी नीतीश कुमार सिंह की अध्यक्षता में समाहरण सभागार में रविवार को बैठक की गयी। जिसमें जिला भ्रमण कार्यक्रम के तहत खूंटी पहुंचे 14 प्रशिक्षु आइएएस अधिकारी शामिल थे। जिला भ्रमण में खूंटी पहुंची आइएएस की टीम में चार महिला अधिकारी शामिल हैं। इस दौरान डीडीसी ने जिले में संचालित विभिन्न विभागों की कार्य प्रणाली के संबंध में विस्तार से जानकारी दी। प्रशिक्षु आइएएस अधिकारी दो ग्रुप में विभक्त होकर जिले के सुदूरवर्ती अड़की प्रखंड के बिरबांकी और खूंटी प्रखंड के जुटजोरा में एक सप्ताह तक रहेंगे। इस दौरान आइएएस अधिकारियों की टीम जिले के ग्रामीण इलाकों का भ्रमण कर ग्रामीणों की जीवन शैली और क्रियान्वित योजनाओं के संदर्भ में शोध-अनुसंधान करेगी। रविवार को आइएएस अधिकारियों के दल ने खूंटी प्रखंड के सिलादोन पंचायत मुख्यालय स्थित वन धन विकास केंद्र का अवलोकन किया। बैठक में एसडीओ अनिकेत सचान, अपर समाहर्ता अरविंद कुमार, परियोजना निर्देशक संजय भगत आदि थे।

### सीसीएल कर्मियों को ड्यूटी से बचरा ले जा रही बस दुर्घटनाग्रस्त

पिपरवार (आजाद सिपाही)। सीसीएल के आम्रपाली कोल परियोजना टंडवा से सीसीएल कर्मचारियों को ड्यूटी से बचरा लेकर आ रही बस और कोल वाहन में जोरदार टक्कर हो गई। इस हादसे में बस पर सवार दर्जनों सीसीएल कर्मचारी बाल बाल बच गया। जानकारी के मुताबिक आम्रपाली कोल परियोजना टंडवा से बस दजनों कर्मियों की ड्यूटी समाप्त होने के बाद उन्हें लेकर बचरा लौट रहा था। तभी तेज रफ्तार हाईवा डंपर ने बस को टक्कर मार दिया।

## केंद्रीय मंत्री अर्जुन मुंडा ने पत्नी के साथ बाबा आम्रेश्वर धाम में किया रुद्राभिषेक

आजाद सिपाही संवाददाता

**खूंटी।** केंद्रीय जनजातीय मामलों के मंत्री और खूंटी के सांसद अर्जुन मुंडा ने रविवार को अपनी पत्नी मीरा मुंडा के साथ खूंटी के प्रसिद्ध बाबा आम्रेश्वर धाम में बाबा भोलेनाथ का रुद्राभिषेक किया। विभिन्न मंदिरों में पूजा-अर्चना कर राज्य और देश की सुख-समृद्धि की कामना की। बाबा मंदिर के मुख्य पुजारी पंडित हरिहर कर और अन्य पुरोहितों ने वैदिक मंत्रोच्चार के बीच रुद्राभिषेक और अन्य अनुष्ठान संपन्न कराये। पूजा के बाद केंद्रीय मंत्री ने सांसद निधि से 11 लाख रुपये की लागत से धाम परिसर में निर्मित सड़क और शेड का उद्घाटन किया। इसके पूर्व मंदिर परिसर पहंचने पर बाबा आम्रेश्वर धाम प्रबंध समिति के अध्यक्ष लाल ज्ञानेंद्र नाथ शाहदेव, महामंत्री मनोज कुमार, रमेश मांझी सहित अन्य लोगों ने अर्जुन मुंडा का स्वागत किया। केंद्रीय मंत्री ने बाबा आम्रेश्वर धाम प्रबंध समिति के पदाधिकारियों से धाम परिसर के विकास पर विचार विमर्श किया। दूसरी ओर, बाबा आम्रेश्वर धाम में श्रावणी मेले के 50 वर्ष पूरे होने के उपलक्ष में रविवार को बाबा भोलनाथ की भव्य श्रृंगार पूजा की गई। इस अवसर पर धाम परिसर स्थित स्वयंभू शिवलिंग के अलावा धाम परिसर को आकर्षक ढंग से सजाया गया था।



#### चंद्रयान-3 से जुड़े वैज्ञानक के माता-पिता सम्मानित

वहीं, चंद्रयान तीन के वैज्ञानिकों के टीम में शामिल तपकरा के सोहन यादव की मां देवकी देवी और पिताजी शिवषंकर यादव को केंद्रीय मंत्री अर्जुन मुंडा ने सम्मानित किया। उन्होंने कहा कि चंद्रयान-3 के टीम में खूंटी जिले के तपकरा निवासी सोहन यादव भी शामिल है। यह जिलेवासियों के लिए गर्व की बात है। चंद्रयान तीन के चांद में सफलतापूर्वक लैंडिंग से पूरा देश गौरवावित हुआ है। अब इसरो सूर्ययान की भी तैयारी में जुट गया है। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने वैज्ञानिकों को प्रोत्साहित किया है।

## महिलाओं को संदेश: खलारी कैथोलिक चर्च में मनाया गया संत मोनिका दिवस

# संत मोनिका माताओं की आदर्श: फादर ऑस्कर टोप्पो

आजाद सिपाही संवाददाता

**खलारी।** शांतिनगर स्थित कैथोलिक चर्च में रविवार को मसीही विश्वासियों ने संत मोनिका दिवस मनाया। कार्यक्रम की शुरूआत में फादर ऑस्कर टोप्पो एवं फादर हेलारियुस तिग्गा के साथ सभी मसीही विश्वासियों ने संत मोनिका की तस्वीर के साथ चर्च परिसर में जुलूस निकाला और चर्च में प्रवेश किया। इस दौरान कैथोलिक महिलाएं गीत गाती झूमती हुई संत मोनिका के चित्र के साथ जुलूस में शमिल हुई। चर्च में प्रवेश के बाद मसीही विश्वासियों ने संत मोनिका के चित्र के समक्ष कैंडल जलाया। जिसके बाद फादर ऑस्कर टोप्पो एवं फादर हेलारियुस तिग्गा द्वारा मिस्सा पूजा कराया गया। फादर ऑस्कर टोप्पो ने संत मोनिका की जीवनी को पढ़ा। उन्होंने मसीही विश्वासियों को संदेश देते हुए कहा कि संत मोनिका माताओं की आदर्श हैं। उत्तरी अफ्रीका में जन्मी संत मोनिका का पारिवारिक जीवन कठिनाइयों से भरा पड़ा था। उन्होंने पति व बेटे के जीवन में परिवर्तन लाने के लिए 33 वर्षों तक प्रभु की प्रार्थना की जिसका परिणाम रहा कि उनके पति और बेटे अगस्तिन आध्यात्मिक जीवन जीते हुए मानव सेवा में लग गए। फादर ऑस्कर टोप्पो ने कहा कि संत मोनिका के जीवन से हम सभी को प्रेरणा लेने की जरूरत है। उन्होंने सभी महिलाओं को संत मोनिका के धीरज, दया और त्याग जैसे आदर्ष गुणों को अपनाकर एक आदर्श मां बनने और अपने परिवार और समाज के लिये त्याग व तपस्या के साथ दूसरों की हमेशा मदद करने को कहा। उन्होंने पर्व को सफल बनाने में योगदान देने वालों सभी लोगों का आभार प्रकट करते हुए धन्यवाद दिया। अंत मे महिला मंडल द्वारा पारंपरिक गानों पर सांस्कृतिक कार्यक्रम भी प्रस्तुत किया गया। इस मौके पर सिस्टर नेली लकड़ा, सिस्टर जयंती, सिस्टर लुइसी, सी कुजूर, एम किंडो, पारस उराव, डॉ ए कुजूर, मैडम सरोज, मैडम नीलम, जॉन डूंगडूंग, नरेश करमाली, प्रकाश कुजूर, ज्ञान कुजूर, रोबिन एक्का, सभा नेत्री तेरेसा तिग्गा, उपसभा नेत्री सुनीता तिग्गा, करोलीना मिंज, जॉनी बाड़ा, पूनम किस्कू, खीस्त नीरा गिद्ध, सुनिता तिग्गा, ग्रेस खलखो, ज्योति कुजूर, प्रफुलित लकड़ा, उजाला लकड़ा, अतुल आदित्य टोप्पो, रोहित अभिषेक तिर्की, एलिस टोपनो आदि मौजूद थे।



संत मोनिका के चित्र को लेकर चर्च में आते मसीही विश्वासी।

## 'रेल टेका' आंदोलन को लेकर कुरमी/कुड़मी विकास मोर्चा ने निकाला जागरूकता मार्च



**हम जनजाति हैं और अनुसूचित जनजाति में सूचीबद्ध होना हमारा संवैधानिक अधिकार : रामपोदो महतो**

आजाद सिपाही संवाददाता

**अनगड़ा।** कुरमी/कुड़मी जाति को अनुसूचित जनजाति में शामिल करने की मांग को लेकर आहुत 'रेल टेका' आंदोलन को सफल बनाने के लिए रविवार को जरगा-पैका गांव में जागरूकता मार्च निकाला गया। वहीं सघन जनसंपर्क अभियान चलाया गया। कार्यक्रम का नेतृत्व मोर्चा के केन्द्रीय प्रधान महासचिव रामपोदो महतो एवं केन्द्रीय कोषाध्यक्ष सखीचंद महतो कर रहे थे। मौके पर ग्रामीणों की एक बैठक भी की गई, जिसमें टोटेमिक कुरमी/कुड़मी विकास मोर्चा के बैनर तले आयोजित रेल टेका आंदोलन की तैयारी पर चर्चा की गई।

मौके पर रामपोदो महतो ने कहा कि केन्द्र सरकार द्वारा आजादी के बाद से हमें संवैधानिक अधिकार से वंचित रखा गया है। हम कुरमी जाति दोयम दर्जे के नागरिक बनकर रह गए हैं। सरकार कुरमी जाति को सिर्फ वोट बैंक के रूप में इस्तेमाल करती आयी है। केन्द्र सरकार की गलत नीति के चलते हमारा समाज आज बेरोजगारी और गरीबी का दंश झेल रहा है। लेकिन अब समाज जागरूक हो चुका है। हम अपने अधिकार के लिए किसी भी हद तक जा सकते हैं। कार्यक्रम में सैकड़ों की संख्या में महिला-पुरूष शामिल हुए।

## छात्राओं को मिली सी स्टेम किट



**अनगड़ा/मेसरा (आजाद सिपाही)।** छात्रों में विज्ञान अध्ययन को लोकप्रिय बनाने के लिए केन्द्र सरकार की महत्वकांक्षी योजना 'विज्ञान ज्योति' के तहत रविवार को जवाहर नवोदय विद्यालय रांची में सहायक आयुक्त पटना संभाग, प्राचार्य एके झा रांची, बीके पाण्डेय प्राचार्य हजारीबाग, जेएनवी गुमला के प्राचार्य डीके शुक्ला एवं एसएस प्लस टू हाई स्कूल चिलदाग के सेवानिवृत्त प्राचार्य अवनिंद्र सिंह ने कक्षा 10 में अध्ययनरत छात्राओं के बीच सी स्टेम किट का वितरण किया। इस अवसर पर सहायक आयुक्त ने छात्राओं को विज्ञान की महता को समझाते हुए इसके गहन अध्ययन के लिए प्रेरित किया और भविष्य में विज्ञान के क्षेत्र में योगदान देने के साथ उनके उज्जवल भविष्य की कामना की। उन्होंने बताया कि इस किट का प्रयोग बच्चे विज्ञान के प्रायोगिक अध्ययन एवं वैज्ञानिक क्रियकलापों में करेंगे। मौके पर जवाहर नवोदय विद्यालय के विज्ञान ज्योति प्रभारी रंजन कुमार, विज्ञान विभाग के सुकोमल मुखर्जी, मुकेश कुमार, अमृत कुमार, गणित विभाग के दिनेश कुमार सहित अन्य शिक्षक एवं शिक्षकेतर कर्मचारी उपस्थित थे।

## अनगड़ा मंडल के सभी पंचायतों में प्रधानमंत्री के मन की बात को सुना गया



**अनगड़ा (आजाद सिपाही)।** भाजपा अनगड़ा मंडल अंतर्गत सभी पंचायत क्षेत्रों में रविवार को मंडल अध्यक्ष रामनाथ महतो के मार्गदर्शन में प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी जी के मन की बात कार्यक्रम का श्रवण किया गया। इस अवसर पर गोंदलीपोखर, गेतलसूद, पेरतोल, लुपूंग, साल्हन, बेड़वारी, चिलदाग, सिमलिया, हेसल, राजाडेरा, सिरका, मासु, पैका आदि क्षेत्रों में सैकड़ो लोगों ने प्रधानमंत्री के मन की बात को सुना। मौके पर भाजपा ग्रामीण जिला उपाध्यक्ष मनोज कु चैधरी, घनेनाथ महतो, शिवशंकर केसरी, झब्बुलाल महतो, उमेश नायक, साबी चैधरी आदि मौजूद थे।

## रोड की जर्जर स्थिति से परेशान ग्रामीणों ने बैठक कर जतायी नाराजगी



**चान्हो (आजाद सिपाही)।** चान्हो थाना क्षेत्र के चोरिया स्थित तैलिक धर्मशाला में रविवार को चोरिया सहित आसपास के कई गांव के ग्रामीणों की एक बैठक आयोजित की गइ। सर्वसम्मति से बैठक में निर्णय लिया गया कि गांव की जो मुख्य सड़क है उस पर तीन पंचायत के सैकड़ों लोग प्रतिदिन चलते हैं। इसी सड़क से होकर किसान अपनी सब्जियों को बाजार तक ले जाते हैं, तो वहीं छात्र-छात्राएं अपना भविष्य संवारने के लिए इसी रास्ते का प्रयोग करते हैं। बावजूद इसके पिछले सात सालों से यह सड़क पूरी तरह से जर्जर हो चुकी है। ऐसा नहीं है कि विधायक और सांसद इस सड़क से होकर नहीं गुजरते, पर सबने आंखें मूंद रखी है। कई बार लोगों ने विधायक सांसद से आग्रह किया लेकिन आश्वासन के अलावा कुछ नहीं मिला। इसी से तंग आकर लोगों ने आज बैठक की। बैठक में बताया गया कि इस पर फिर से एक बार सिंगल लाइन की सड़क बनाने की बात चल रही है, यह गलत है। यहां सिंगल लाइन सड़क का निर्माण नहीं होने देंगे। मौके पर जिप सदस्य आशुतोष तिवारी, चोरिया मुखिया रेखा सांगा, तरंगा मुखिया पूनम उरांव, रोल मुखिया चम्पा उरांव सहित सैकड़ों ग्रामीण उपस्थित थे।

## नगड़ी मंडल भाजपाइयों ने सुनी प्रधानमंत्री के 'मन की बात'



**पिस्कानगड़ी (आजाद सिपाही)।** भारतीय जनता पार्टी नगड़ी मंडल के बैनर तले मंडल के महामंत्री हिन्दुवा उरांव के निवास स्थान जाजपुर गांव में प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के मन की बात कार्यक्रम का आयोजन किया गया। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के मन की बात को सुनने में शामिल भारतीय जनता पार्टी नगडी मंडल महामंत्री हिन्दुवा उरांव, विकास उरांव, भांन्दु पाहन, वार्ड नंबर 7 वार्ड सदस्य काली उरांव, रवि राय, महादेव बड़ाईक, सरस्वती बड़ाईक, नम्रता तिर्की, दीपमाला तिर्की, सोने लकड़ा, खुशी कुमारी सहित कई ग्रामीण उपस्थित थे।

**बैठक :** इइएफ मैदान टाटीसिलवे में टाइगर जयराम महतो की बदलाव संकल्प सभा 17 सितंबर को

# टाइगर जयराम महतो के नेतृत्व में पूरे झारखंड में राजनीतिक परिवर्तन की लहर : लखींद्र महतो

**कार्यक्रम की तैयारी बैठक में जुटे सैकड़ों लोग**

आजाद सिपाही संवाददाता



**अनगड़ा।** प्रखंड के लुपूंग पंचायत स्थित फुटबॉल स्टेडियम में झारखंडी भाषा खतियान संघर्ष समिति (जेबीकेएसएस) की एक तैयारी बैठक रविवार को झारखंड आंदोलनकारी लखीन्द्र महतो की अध्यक्षता में हुई। बैठक में रांची जिला के विभिन्न प्रखंडों से सैकड़ों की संख्या में कार्यकर्ता शामिल हुए। सबों ने झारखण्डियों के हक-अधिकार, अस्मिता, पहचान एवं ज्वलंत मुद्दों को जन-जन तक पहुंचाने तथा एकजुट होकर राजनीतिक परिवर्तन की लड़ाई लड़ने का संकल्प लिया। कहा कि चुनावी राजनीति में आगामी लोकसभा एवं विधानसभा चुनाव में राज्य के सवा तीन करोड़ जनता को एक नया नेतृत्व और विकल्प देने का काम किया जाएगा।

बैठक में आगामी 17 सितंबर को ईईएफ मैदान टाटीसिलवे में झारखंडी भाषा खतियान संघर्ष समिति की एक विशाल बदलाव संकल्प सभा आयोजित करने का निर्णय लिया गया। इस सभा में लाखों की संख्या में भीड़ एकत्रित करने का संकल्प लेते हुए महा जनसंपर्क अभियान चलाने का भी निर्णय लिया गया। कहा गया कि सभा में टाईगर जयराम महतो झारखंडियों के हक अधिकार एवं पहचान को बचाने के लिए दहाड़ लगाएंगे।

मौके पर झारखण्ड आंदोलनकारी लखीन्द्र महतो ने कहा कि झारखंड की जनता राजनीतिक बदलाव के लिए आतुर है तथा टाईगर जयराम महतो के नेतृत्व में पूरे प्रदेश में राजनीतिक परिवर्तन की बयार बह रही है। संचालन सुमित कुमार महतो ने किया।

बैठक में रामपोदो महतो, राजेश महतो, रतिलाल करमाली, कैप्टन जुगनू मुण्डा, महेश नायक, महाबीर महतो, राजेश बैठा, फलिन्द्र करमाली, सावन महतो, बीरबल महतो, कार्तिक बैठा, विराट महतो, अंगद नायक, संजय सिंह, मुकेश महतो, संजय महतो, सुरेश महतो, हेमंत महतो, बालेश्वर महतो, विक्रम, संदीप, सुधांशु, जयकुमार, रोहित, चंदन, अमित, लक्की, जय, नरेश, मनोज, जिनेश, राजकिशोर, प्रकाश, सूरज, मोतीलाल, सत्येन्द्र, कमलेश चौधरी, उमेश, सोहन, सेराज, एहसान, कमाल, दीपक सहित सैकड़ों लोग उपस्थित थे।

# बच्ची के साथ हुई घटना में गिरफ्तार निर्दोष को पुलिस से न्याय दिलाने की मांग

**सैकड़ों ग्रामीणों ने अनगड़ा थाना प्रभारी से मिलकर निर्दोष बिरसा बड़ाईक को जेल भेजे जाने की कार्रवाई का विरोध किया**

आजाद सिपाही संवाददाता



**अनगड़ा।** प्रखंड अंतर्गत बीसा पंचायत के सैकड़ों ग्रामीण रविवार को अनगड़ा थाना प्रभारी दिलेश्वर कुमार से मिले और विगत दिनों एक पांच वर्षीय स्कूली बच्ची के साथ हुई घटना को लेकर एक निर्दोष बिरसा बड़ाईक को जेल भेजे जाने की कार्रवाई का विरोध किया। मौके पर पूर्व जिप सदस्य जयराम महली के नेतृत्व में ग्रामीणों ने घटना में असल दोषी व्यक्ति की पहचान कर निर्दोष को रिहा किए जाने की मांग की गई। ग्रामीणों ने पुलिस महानिरीक्षक दक्षिणी छोटानागपुर प्रक्षेत्र को दिए गए ज्ञापन की प्रतिलिपि भी थाना प्रभारी को सौंपा। ज्ञापन में कहा गया कि एलकेजी में पढ़ने वाली एक मासुम बच्ची के साथ विगत दिनों गलत हुआ था।

ग्रामीणों का आरोप है कि विद्यालय के संचालक के एक निजी चालक निर्दोष बिरसा बड़ाईक 46 वर्ष को आरोपी बनाकर पुलिस ने पर्याप्त अनुसंधान किए बगैर आनन-फानन में गिरफ्तार कर जेल भेज दिया। ग्रामीणों ने थानेदार को एक वीडियो क्लिप भी सौंपा है जिसमें बच्ची द्वारा किसी अन्य का नाम लेकर घटना कारित किए जाने की बात बता रही है। ग्रामीणों ने निष्पक्ष जांच कर दोषी की पहचान करने तथा निर्दोष को इस कांड से मुक्त करने की मांग की। थाना प्रभारी ने आश्वासन दिया कि मामले की निष्पक्ष जांच कर निर्दोष को न्याय दिलाने की कोशिश की जाएगी। थाना प्रभारी से मिलने वालों में पूर्व मुखिया सुषमा बड़ाईक, मुखिया प्रतिनिधि रोहित बेदिया, उपमुखिया संजय भोगता, बिरसा बड़ाईक की पत्नी संजु देवी, भाजपा मंडल अध्यक्ष रामनाथ महतो, सुप्रेश महतो, फागु बेदिया, अशोक बेदिया, देवनारायण बेदिया, अनिल बड़ाईक, कपिल बड़ाईक, चंदन बड़ाईक सहित सैकड़ों ग्रामीण शामिल थे।

# नगड़ी थाना प्रभारी ने क्षेत्र की विधि व्यवस्था को लेकर की बैठक

**कहा- क्षेत्र के जमीन कारोबारी या गैर कानूनी काम करने वाले सुधर जाएं नहीं तो पुलिस सुधार देगी**

आजाद सिपाही संवाददाता



**पिस्कानगड़ी।** थाना परिसर में नगड़ी थाना प्रभारी रोहित कुमार की अध्यक्षता में रविवार को नगड़ी थाना क्षेत्र की विधि व्यवस्था और जमीन दलालों के विषय में एक आवश्यक बैठक की गयी। बैठक में थाना प्रभारी ने सभी एएसआई, एसआई, हाईवा, पीसीआर पुलिसकर्मी और नव सृजित टीओपी दलादिली पुलिस से कहा कि आप क्षेत्र में कानून व्यवस्था को सख्ती से लागू करें। जमीन संबंधित मामले में त्वरित कार्रवाई करें। नगड़ी के जमीन दलालों को किसी हाल में बख्सा नहीं जाएगा। जमीन संबंधित मामले में जमीन दलालों के कारण विवाद खड़ा होता है, तो उस दलाल पर कानूनी कार्रवाई होगी। पेट्रोलिंग में तेजी लाएं। रात्रि में जो भी वाहन मिले उसे रोक कर पूछताछ करें। अवैध शराब पर कड़ी कार्रवाई करें। जमीन दलालों की सूची बनाकर उनका पूरा डिटेल के साथ-साथ मोबाइल नंबर और फोटो भी खींच कर फाइल में रखें। जुआरियों को पकड़ कर तुरंत थाना लायें और नाम पता मोबाइल नंबर और एक फोटो खींचकर उनकी सूची बनाएं साथ ही कानूनी कार्रवाई करें। नगड़ी थाना प्रभारी ने कहा कि नगड़ी क्षेत्र के जमीन कारोबारी या गैर कानूनी काम करने वाले सुधर जाएं नहीं तो पुलिस सुधार देगी।

मौके पर सुहागिनी सुरेन, उमेश प्रसाद, छेत्र महली, प्रमोद कुमार, कलिन्द्र उरांव, रसका हांसदा, अभिनाश कुमार, ब्रज बिहारी कुंवर, हीरा लाल मंडल, प्रमोद पासवान, संतोष दुबे सहित नगड़ी थाना के हाइवा, पीसीआर पुलिस सहित कई पुलिसकर्मी शामिल थे।

**कार्यक्रम :** वाइबीएन विश्वविद्यालय में दो दिवसीय अंतरराष्ट्रीय सम्मेलन-2023 का हुआ समापन

# सम्मेलन में वैज्ञानिक, शोधार्थी और शिक्षाविदों ने अपने शोध अनुभवों को साझा किया

**ऑनलाइन और ऑफलाइन मोड में आयोजित सम्मेलन में करीब 150 शोधार्थियों ने भाग लिया**

आजाद सिपाही संवाददाता



**नामकुम।** वाईबीएन विश्वविद्यालय में दो दिवसीय अंतरराष्ट्रीय सम्मेलन-2023 का समापन रविवार को किया गया। सम्मेलन में अंतरराष्ट्रीय वैज्ञानिक, शोधार्थी, शिक्षाविद शामिल हुये एवं अपने बहुमूल्य व्याख्या तथा शोध अनुभवों को साझा किया। इस अवसर पर वाईबीएन विश्वविद्यालय परिसर दिग दिगंतर के विद्वत जनों, शिक्षाविद्धो, गुणी शोधार्थियों का साक्षी बना। 'बहुविषयक अनुसंधान को पुनः आकार देने में कृत्रिम बुद्धिमत्ता की भूमिका पर अंतरराष्ट्रीय सम्मेलन-2023' का आयोजन कंप्यूटर विज्ञान और सूचना प्रौद्योगिकी विभाग और वाईबीएन विश्वविद्यालय के आंतरिक गुणवत्ता आश्वासन सेल (आईक्यूएसी) द्वारा संयुक्त रूप से किया था। रविवार को आखरी दिन का सम्मेलन वाईबीएन विश्वविद्यालय के मल्टीपर्पज हॉल में ऑनलाइन और ऑफलाइन दोनों भागीदारी विकल्पों के साथ मिश्रित मोड में आयोजित किया गया। जिसमें करीब 150 शोधार्थियों ने भाग लिया। सम्मेलन संयोजक डॉ अखिलेश कुमार एवं स्टेज संचालन सुरुचि गुप्ता, नेहा नूपुर ने किया। उद्घाटन भाषण मुख्य अतिथि डॉ. एके नायक, सलाहकार आईआईबीएम और जेडएचआई समूह, पूर्व अध्यक्ष और फेलो-सीएसआई द्वारा दिया गया। उनके बाद गेस्ट ऑफ ऑनर प्रोफेसर सुभाष चंद्र यादव ने अपने अनुभवों को साझा किया। सम्मेलन में मुख्य भाषण-01 प्रोफेसर आरआर देशमुख, पूर्व प्रोफेसर और प्रमुख, बीएएमयू, औरंगाबाद, महाराष्ट्र, विजिटिंग प्रोफेसर, साउथ फेडरल यूनिवर्सिटी, रोस्तोव, रूस द्वारा दिया गया। उनके बाद मुख्य भाषण-02 डॉ. दुर्गेश कुमार मिश्रा, निदेशक एवं प्रोफेसर, एससीएसआईटी सिम्बायोसिस यूनिवर्सिटी ऑफ एप्लाइड साइंसेज इंदौर ने अपने अनुभवों को साझा किया। मुख्य भाषण-03 (विदेशी वक्ता) गौतम हजारी, मुख्य प्रौद्योगिकी अधिकारी सेकुरा मोबाइल इंटेलिजेंस और मुख्य भाषण-04 (विदेशी वक्ता) प्रो. इफ्तिखार बी. अब्बासोव विभागाध्यक्ष, इंजीनियरिंग ग्राफिक्स और कंप्यूटर डिजाइन इंजीनियरिंग-टेक्नोलॉजिकल, दक्षिणी अकादमी, संघीय विश्वविद्यालय, रूस ने अपने अनुभवो को साझा किया। वैज्ञानिक सत्र पेपर प्रेजेंटेशन सत्र अध्यक्ष-: डॉ. जयनाथ यादव, एसोसिएट प्रोफेसर, कंप्यूटर विभाग अनुप्रयोग, दक्षिण बिहार केंद्रीय विश्वविद्यालय, गया और सह-अध्यक्ष डॉ अखिलेश कुमार, वाईबीएन विश्वविद्यालय ने किया। मौके पर वाईबीएन विश्वविद्यालय प्रशासन समिति की उपस्थिति के साथ-साथ विश्वविद्यालय के सभी अधिकारी, शिक्षक एवं छात्र-छात्राएं मुख्य रूप से उपस्थित थे। अंतरराष्ट्रीय सम्मेलन-2023 के संचालक डॉ अखिलेश कुमार व आयोजन सचिव डॉ आशीष सरकार द्वारा धन्यवाद ज्ञापन किया गया। धन्यवाद ज्ञापन में उन्होंने विश्वविद्यालय प्रबंधन समिति, विश्वविद्यालय प्रशासन के साथ-साथ सभी कीनोट स्पीकर्स को विशेष आभार वयक्त करते हुये सम्मेलन आयोजन समिति के सदस्यों को सम्मेलन के सफल आयोजन के लिये धन्यवाद व्यक्त किया।

## महत्वपूर्ण न्यूज

### महासिद्धि शक्ति पीठ में दो दिवसीय अखंड हरिकीर्तन का हुआ शुभारंभ



**अनगड़ा (आजाद सिपाही)।** प्रखंड के लुपूंग पंचायत अंतर्गत बाहेया खक्सीगढ़ा स्थित महासिद्धि शक्ति पीठ में आयोजित दो दिवसीय अखंड हरिकीर्तन का शुभारंभ रविवार को जिला परिषद सदस्य अनुराधा मुण्डा ने फीता काटकर एवं पूजा-अर्चना कर किया। इस अखंड हरिकीर्तन में उड़ीसा एवं बंगाल के कीर्तन मंडली शामिल हो रहे हैं। मौके पर थाना प्रभारी दिलेश्वर कुमार, भाजपा जिला मीडिया प्रभारी रामसाय मुण्डा, शक्तिपीठ के संयोजक लक्ष्मण बाबा, भाजपा मंडल महामंत्री सुनील महतो, घनेनाथ महतो, अजय सिंह भोक्ता सहित भक्तगण उपस्थित थे।

### दुर्गा महादेव मंदिर ओरमांझी में अखंड हरि कीर्तन शुरू



**ओरमांझी (आजाद सिपाही)।** हरे रामा हरे कृष्णा बोल के साथ ही दुर्गा महादेव मंदिर ओरमांझी में 24 घंटे का अखंड हरि कीर्तन का शुभारंभ किया गया। पंडित विजय कुमार के द्वारा यजमान अशोक तिवारी को विधिवत पूजा-अर्चना कराकर 24 घण्टे के अखंड हरि कीर्तन का संकल्प कराया गया । ओरमांझी के महिला,पुरुष व बच्चों ने कीर्तन में बढ़ चढ़ कर भाग लिया । प्रखंड के विभिन्न गांवों से आए हुए कीर्तन मंडलियों ने भी अपना योगदान दिया ।कीर्तन के सफल आयोजन में पूजा समिति के सदस्यों संग ग्रामीणों भी पूरी तन्मयता के साथ लगे हुए हैं ।सोमवार सुबह 8बजे के आसपास कीर्तन की समाप्ति हो जाएगी ।

### सकरपदा की टीम बनी फुटबॉल टूर्नामेंट की विजेता



**बेड़ो (आजाद सिपाही)।** प्रखंड के बुनियादी विद्यालय टेरो के मैदान में तीन दिवसीय स्व. अशोक उरांव फुटबॉल टूर्नामेंट का समापन किया गया। फाइनल मैच असरो व सकरपदा की टीमों के बीच खेला गया। जिसमें सकरपदा की टीम ने पेनाल्टी में विजेता टीम बनने का गौरव हासिल किया। फाइनल मैच का शुभारंभ बतौर मुख्य अतिथि मांडर विधायक शिल्पी नेहा तिर्की ने दोनों टीमों के खिलाड़ियों से परिचय प्राप्त करके किया। वहीं दोनों टीमों के बीच रोमांचक मैच हुआ। दोनों टीमों ने गोल करने का प्रयास किया। लेकिन समय की समाप्ति तक दोनों टीमों के द्वारा गोल नहीं किया जा सका। पेनाल्टी शूट में सकरपदा की टीम विजेता बनी। विधायक ने विजेता टीम सकरपदा को पुरस्कार के रूप में नगद 17 हजार 500 रुपये राशि व मेडल देकर सम्मानित किया। मौके पर जिप सदस्य बेरोनिका उरांव, उप प्रमुख मोदस्सीर हक, विधायक प्रतिनिधि नवल सिंह, संजय कच्छप, सोमरा लोहरा व सिल्वेस्टर समेत ग्रामीण मौजूद थे।

### सांसद-विधायक ने किया पथ निर्माण कार्य का शिलान्यास



**नामकुम (आजाद सिपाही)।** ग्रामीण कार्य विभाग झारखंड सरकार के अंतर्गत प्रधानमंत्री ग्राम सड़क योजना से स्वीकृत योजना दसमाईल चौक से ऊपर डहू तक पथ निर्माण कार्य का शिलान्यास रविवार को रांची सांसद संजय सेठ एवं खिजरी विधायक राजेश कच्छप ने संयुक्त रुप से नारियल फोड़कर किया। मौके पर खिजरी विधानसभा सांसद प्रतिनिधि प्रमोद कुमार सिंह, प्रखंड प्रमुख आशा कच्छप, जिला परिषद सदस्य रीता होरो, मंडल अध्यक्ष अशोक मुंडा, सांसद प्रतिनिधि अशोक नायक, भाजपा नेता रितेश उरांव, शंकर सिंह मुंडा, समीर राय, मुखिया सोदाग पतरस तिर्की, मुखिया हरदाग निलमनी तिर्की, विधायक प्रतिनिधि सतीश पंडा, रोज लकड़ा, कल्याण लिंडा, तेलोस्फोर मिंज, जफर इमाम, सज्जाद, राम बाण्डो, प्रेमनाथ मुंडा, कुलदीप लकड़ा, पंचू तिर्की, दिनेश चंद्र प्रमाणिक के साथ अन्य लोग शामिल थे।

### झारखंड स्टेट पावरलिफ्टिंग चैंपियनशिप में वाइबीएन यूनिवर्सिटी की राजश्री को दूसरी बार मिली सफलता



**नामकुम (आजाद सिपाही)।** पावर प्रो जिम, खेल और फिटनेस द्वारा मान्यता प्राप्त युवा मामले और खेल मंत्रालय भारत सरकार द्वारा आयोजित राज्य पावरलिफ्टिंग चैंपियनशिप 26 अगस्त को धनबाद में आयोजित की गयी। इस राज्य पावरलिफ्टिंग चैंपियनशिप में पूरे झारखंड के खिलाड़ी भाग लेकर पदक जीतने के लिए जोर-आजमाइश कर रहे थे। वाइबीएन यूनिवर्सिटी की राजश्री कुमारी 2020 बैच (इंग्लिश) की पीएचडी रिसर्च स्कॉलर सहायक प्रोफेसर अंग्रेजी विभाग कला एवं मानविकी विद्यालय ने 68 किलो भार वर्ग में 105 किग्रा वजन उठा कर स्वर्णिम सफलता हासिल की। बताते चलें कि पिछले वर्ष धनबाद के पुटकी में 20/21 अगस्त को पावरलिफ्टिंग चैंपियनशिप का आयोजन किया गया था। राजश्री कुमारी ने उसमें भी 51.7 की भार वर्ग में स्वर्णिम सफलता हासिल की थी। इस सफलता के लिये वाईबीएन विश्वविद्यालय के प्रो चांसलर रामजी यादव, मुख्य कार्यकारी अधिकारी इंजीनियर दीपक कुमार, कुलपति प्रोफेसर डॉ. एसपी यादव, रजिस्ट्रार डॉ. रमन दुबे, डीन आर्ट्स एंड ह्यूमैनिटी डॉ आरती गुप्ता ने राजश्री कुमारी को इस उपलब्धि के लिये बधाई एवं शुभकामना देते हुये उनके उज्ज्वल भविष्य की कामना की।

### डीएवी विवेकानंद में पौधरोपण कार्यक्रम आयोजित



**बेड़ो (आजाद सिपाही)।** विनय बगीचा स्थित डीएवी विवेकानंद पब्लिक स्कूल में रविवार को पौधरोपण कार्यक्रम का आयोजन किया गया। जिसमें विद्यालय के बच्चे व शिक्षकों ने मिलकर 800 से अधिक पौधे अपने घरों के आसपास लगाए और इसका फोटो वीडियो स्कूल के व्हाट्सएप ग्रुप में भेजा गया। स्कूल के निदेशक कैलाश कुमार ने बताया कि सीबीएसई के द्वारा आयोजित एक बच्चा एक पेड़ अभियान के तहत स्कूल के सभी बच्चों को अपने घरों के आसपास एक पेड़ लगाने के लिए कहा गया और उसके महत्व के बारे में बताया गया। विद्यालय के निदेशक ने आस पास के सभी ग्रामीणों से भी निवेदन किया है की आप सभी अपने आस पास जहां भी खाली जगह हो वहां एक पेड़ अवश्य लगाएं और इसकी देखभाल करें और पर्यावरण संरक्षण में अपना योगदान दें।

**सम्मान :** सिंगापुर सहित विभिन्न प्रदेशों में अब तक 57 अवार्ड से नवाजे जा चुके हैं पर्यावरणविद

# राज्यपाल व विस अध्यक्ष ने पर्यावरणविद कौशल को किया झारखंड गौरव अवार्ड से सम्मानित

**पर्यावरणविद को वर्ष 2023 में सिंगापुर समेत राज्यपाल, दो केंद्रीय मंत्री, विस अध्यक्ष, बाबूलाल मरांडी, रांची के सांसद, प्रमंडलीय आयुक्त, पलामू डीसी व एसपी सहित कई स्कूलों के प्रिंसिपल से मिल चुका है कई अवार्ड**

आजाद सिपाही संवाददाता



पर्यावरणविद कौशल किशोर जायसवाल को अवार्ड देते राज्यपाल सीपी राधाकृष्णन

**मेदिनीनगर।** रांची के रेडिएशन ब्लू होटल में आयोजित झारखंड के गौरव सम्मान समारोह में सूबे के राज्यपाल सीपी राधाकृष्णन और विधानसभा अध्यक्ष रविंद्र नाथ महतो ने विश्व व्यापी पर्यावरण संरक्षण अभियान के राष्ट्रीय अध्यक्ष सह पर्यावरण धर्म गुरु व वनरखी मूवमेंट के प्रणेता पर्यावरणविद कौशल किशोर जायसवाल को शॉल ओढ़ा कर और दो अलग-अलग मोमेंटो देकर सम्मानित किया। पर्यावरणविद कौशल किशोर को इस एक वर्ष में आठ और जीवन में अबतक देश-विदेश में 57 अवार्ड मिल चुका है। वन राखी मोमेंट के प्रणेता कौशल किशोर जायसवाल ने कहा कि उन्हें केवल इस वर्ष अगस्त महीने 2023 तक उन्हें आठ अवार्ड मिले चुके हैं। बताया कि इस वर्ष उन्हें सूबे के राज्यपाल, विधानसभा अध्यक्ष, कई केंद्रीय मंत्रियों, जिले के आयुक्त, डीसी, एसपी सहित कई स्कूल के प्रिंसिपल द्वारा उन्हें अवार्ड मिला है। उन्हें इस वर्ष मलेशिया में भी आइकॉन ऑफ हिंदुस्तान नामक अवार्ड से सम्मानित किया गया है। जो जीवन में गौरव का क्षण है। इस इस मौके पर पर रांची के सांसद संजय सेठ, पूर्व विधानसभा अध्यक्ष सीपी सिंह, राज्यसभा सांसद विजय प्रकाश, महुआ मांझी, हटिया विधायक नवीन जायसवाल, कांग्रेस प्रदेश अध्यक्ष ठाकुर आदि उपस्थित थे।

## भाजपा नेता ललन चौबे का निधन



**पंचतत्व में हुए विलीन, सांसद - विधायक आदि ने जताया शोक**

आजाद सिपाही संवाददाता

**विश्रामपुर/पलामू।** विश्रामपुर विधानसभा क्षेत्र के वरीय भाजपा नेता सतेंद्र नाथ चौबे उर्फ ललन चौबे (65) का रविवार अहले सुबह निधन हो गया। वे कैंसर रोग से पीड़ित थे। अपने पैतृक आवास विश्रामपुर प्रखंड के केतात गांव में उन्होंने अंतिम सांस ली। वे अपने पीछे दो पुत्र व एक पुत्री सहित भरापूरा परिवार छोड़ गये है। उनका दाह-संस्कार गांव के ही श्मशान घाट पर किया गया। मुखाग्नि उनके बड़े बेटे अमित चौबे उर्फ पिंटू ने दिया। उनके अंतिम यात्रा में भाजपा प्रदेश कार्य समिति सदस्य अलखनाथ पांडेय, डॉ ईश्वर सागर चंद्रवंशी, टिकैत चौबे, सांसद प्रतिनिधि अनुज पांडेय, धनंजय तिवारी, सतीश्वर प्रसाद सिंह, कांग्रेस प्रखंड अध्यक्ष रविंद्र शुक्ला गुड्ढ, पवन शुक्ला, विश्वास शुक्ला, बबन राम, संजय चौबे, नंदेव यादव, मनीष गुप्ता, मेराज खान, शोएब शाह, मुन्ना पांडेय, अशोक चौबे, संतोष दूबे सहित सैकड़ों लोग शामिल हुए। इधर, ललन चौबे के आकस्मिक निधन पर कई लोगों ने शोक व्यक्त किया है। शोक व्यक्त करने वालों में पलामू सांसद विष्णुदयाल राम, पूर्व मंत्री सह विधायक रामचंद्र चंद्रवंशी, पूर्व मंत्री चंद्रशेखर दूबे उर्फ ददई दूबे, पूर्व मंत्री केएन त्रिपाठी, बसपा नेता अभिमन्यु सिंह, पूर्व विस प्रत्याशी ब्रह्मदेव प्रसाद, बसपा प्रदेश अध्यक्ष राजन मेहता, उंटारी जिला पार्षद अरविंद सिंह, विश्रामपुर जिला परिषद विजय रविदास, पूर्व प्रमुख संतोष चौबे आदि शामिल थे।

### स्थापना काल से जुड़े थे भाजपा से

स्व. ललन चौबे स्थापना काल से ही भाजपा से जुड़े थे। अपने 35 साल के राजनीतिक जीवन में वे पार्टी के कई पदों पर रहे। इसके अलावे केतात कला पंचायत के बीडीसी भी चुने गये थे। भाजपा की पूर्व राज्य सरकार ने उन्हें बीस सूत्री का प्रखंड अध्यक्ष भी बनाया था। उन्होंने अपने जीवन में नीति सिद्धान्तों से कभी कोई समझौता नहीं किया। अपनी व्यक्तपटुता, अपने हाजिर जबाबी व अद्भुत भाषण शैली से उन्होंने एक अलग पहचान बनायी थी।

## रेहला में लाखों के गहने और नगद उड़ा ले गये चोर

**घर से कुछ दूरी पर मिला खाली बक्सा, गांव के बगल में रहने वाले रिफ्यूजियों पर संदेह**

आजाद सिपाही संवाददाता



**विश्रामपुर/पलामू।** रेहला थाना क्षेत्र के जींजरा गांव निवासी स्टेशन मास्टर नरेंद्र मिश्रा के घर शनिवार की रात चोरों ने बड़ी घटना को अंजाम दिया। चोरों ने लाखों रुपये के आभूषणों के साथ ही कथित रूप से नगद 82 हजार रुपए भी उड़ा ले गए। घर के पिछले दरवाजे को क्षतिग्रस्त कर चोरों ने घटना को अंजाम दिया। घटना के समय परिवार के सभी सदस्य घर में ही सोए हुए थे। घटना की सूचना मिलते ही रेहला थाना प्रभारी नेमधारी रजक घटनास्थल पर पहुंचकर पूरे मामले की जानकारी ली। चोरी की घटना से पूरे गांव में दहशत का माहौल है। वहीं घटना के बाद से पीड़ित परिवार का रो-रो कर बुरा हाल हो गया है। जानकारी के अनुसार नरेंद्र कुमार मिश्रा अपने चार भाइयों के साथ एक ही घर में संयुक्त रूप से रहते हैं। शनिवार की रात घर में नरेंद्र कुमार मिश्रा व उनके भाई हरेंद्र कुमार मिश्रा सोए हुए थे। चोरों ने घर के पिछले लकड़ी के दरवाजे को क्षतिग्रस्त कर अंदर प्रवेश किया। इसके बाद घर के अंदर कमरे में सोए हुए पुरुष सदस्यों को बाहर से बंद कर दिया। इसके बाद चोरों ने घर में रखें अलमीरा खोलकर उसमें रखें गहने व पैसे निकाल लिए। घर में रखे बाक्स, ब्रीफकेस, वीआईपी आदि को भी उठाकर अपने साथ लेते गए। हालांकि चोरों ने बॉक्स और ब्रिफकेश से कीमती सामान निकालकर उसे रिफ्यूजी टोला के पास फेंक दिया। नरेंद्र कुमार मिश्र ने बताया कि वे शनिवार की रात 9.30 बजे खाना खाकर अपने कमरे में सोने चले गए थे। लगभग 12.30 बजे शौच जाने के लिए घर से बाहर निकले तब तक सब कुछ सामान्य था। देर रात दो बजे एक बार फिर उनकी नींद खुली तो वे बाहर निकलना चाहे, लेकिन दरवाजा बाहर से बंद पाया। उन्होंने अपने भाई को फोन कर दरवाजा खोलने को कहा, लेकिन उनके भाई का दरवाजा भी बाहर से बंद था। फिर उन्होंने महिलाओं को फोन किया और दरवाजा खुलवाया। बाहर निकलकर घर की स्थिति को देखकर सभी के होश उड़ गए। सभी कीमती समान घर से गायब था। पीड़ित परिवार ने इसकी सूचना रेहला पुलिस को दी। पुलिस मामले की छानबीन कर रही है। पीड़ित परिवार ने अज्ञात लोगों के खिलाफ मामला भी दर्ज कराया है। पीड़ित परिवार को शक है कि गांव के बगल में जो रिफ्यूजी लोग रहते हैं, उन लोगों ने ही चोरी की घटना को अंजाम दिया है।

## झारखंड सरकार की उपलब्धियों को जन-जन तक पहुंचायें : राजेंद्र सिन्हा

**झामुमो कार्यकर्ता सम्मेलन सह सदस्यता अभियान आयोजित**

आजाद सिपाही संवाददाता



**हुसैनाबाद।** झामुमो का कार्यकर्ता सम्मेलन सह सदस्यता अभियान का आयोजन रविवार को शहर के रुद्रा होटल में हुआ। जिसमें जिला अध्यक्ष राजेंद्र सिन्हा, झामुमो के वरिष्ठ नेता एजाज हुसैन उर्फ छेदी खान, जिला सचिव सन्नू सिद्दीकी, डॉ एजाज आलम आदि उपस्थित थे। जिला अध्यक्ष ने कहा कि पार्टी कार्यकर्ता संगठन की रीढ़ है। पार्टी की सदस्यता अभियान को मिशन मोड़ पर चलाते हुए हर वर्ग से लोगों को जोड़ना है। उन्होंने कार्यकर्ताओं से गांव-गांव में पार्टी को मजबूत करने की अपील की। कहा कि कार्यकर्ता राज्य सरकार द्वारा किये जा रहे कार्यों को जन-जन तक पहुंचायें। उन्होंने भाजपा की ओर इशारा करते हुए कहा कि कुछ लोग क्षेत्र में दुष्प्रचार कर लोगों में भ्रम फैलाने का प्रयास कर रहे है, लेकिन जनता सब जानती है। इस दौरान युवा समाजसेवी सह नगर पंचायत के पूर्व प्रत्याशी मुन्ना कुमार देव समेत बड़ी संख्या में लोगों ने झामुमो की सदस्यता ग्रहण की, जिन्हें जिला अध्यक्ष ने माला पहनाकर शामिल कराया। वहीं, डॉ एजाज आलम ने जिला अध्यक्ष से प्रखंड में एक मजबूत कमेटी बनाने का प्रस्ताव दिया। इस मौके पर नेहाल असगर, अशोक कुमार सिंह, झमुमो के मीडिया प्रभारी विवेकानंद, विजय प्रसाद, मोहम्मद अली, रफी खान, सद्दाम, मोहम्मद शाहील, विजय पासवान, सुधीर कुमार, मोहम्मद ताहिद, अंकित सिंह, अहमद खान, इजर खान, मानौर आजाद, मोहसीन खान व पप्पू तिवारी आदि मौजूद थे।

**महत्वपूर्ण न्यूज**

### प्रतियोगिताओं के आयोजन से होता है बच्चों का सर्वांगीण विकास: प्रधानाचार्य



**हुसैनाबाद (आजाद सिपाही)।** जपला सरस्वती शिशु विद्या मंदिर में अध्ययनरत कक्षा सप्तम से 10वीं तक की छात्राओं के लिए राखी बनाओ प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। सभी छात्राओं ने सुंदर व आकर्षक राखियां बनाकर अपनी प्रतिभा दिखाई। प्रतियोगिता में छात्राओं ने रेशम के धागे, स्टोन, उन, रबड़ बैंड से तरह-तरह की राखियां बनाकर अपनी प्रतिभा का परिचय दिया। वहीं, प्रधानाचार्य कृष्णकांत दूबे ने कहा कि अध्ययन के साथ-साथ विभिन्न प्रकार की प्रतियोगिताओं के आयोजन से छात्र-छात्राओं का सर्वांगीण विकास होता है। उसके अंदर छिपी प्रतिभा उभर कर सामने आती है। शिक्षा को प्राप्त कर उसके परिणाम के माध्यम से समाज सेवा का कार्य हो, ऐसे बच्चों का निर्माण हमारा लक्ष्य है। इस मौके पर छाया कुमारी, श्वेता सिंह, ज्योति कुमारी, मीडिया प्रभारी अभिषेक पाठक आदि उपस्थित थे।

### पतरा खुर्द में शिव मंदिर प्राण प्रतिष्ठा को लेकर निकाली गयी भव्य यात्रा



**हुसैनाबाद (आजाद सिपाही)।** प्रखंड अंतर्गत ग्राम पंचायत पतरा खुर्द में श्रीश्री शिव मंदिर प्राण प्रतिष्ठा सह धार्मिक अनुष्ठान को लेकर रविवार को बैंड बाजे के साथ विद्वान महात्माओं के नेतृत्व में भव्य कलश जल यात्रा निकाली गई। कलश यात्रा पतरा खुर्द से आरंभ होकर सामुडीह गांव का भ्रमण करते हुए हड़ही नदी घाट पर पहुंची जहां पुजारियों ने वैदिक मंत्रोचार के साथ जल भरी कराया। इसके बाद श्रद्धालु पुनः पूजा स्थल पर पहुंचे जहां यज्ञाचार्य के नेतृत्व में अनुष्ठान आरंभ हुआ। कलश यात्रा में भाजपा सैन्य प्रकोष्ठ के प्रदेश संयोजक सह किसान ब्रिगेड संरक्षक कर्नल डॉ संजय कुमार सिंह, राजद के युवा नेता रवि यादव, पूर्व जिप सदस्य मदन पासवान आदि शामिल थे। वहीं, यज्ञाचार्य ने बताया कि महायज्ञ की पूणार्हुति 30 अगस्त को हवन पूजा के साथ की जाएगी। अनुष्ठान के दौरान रात में धार्मिक कार्यक्रम का मंचन किया जाएगा। इस मौके पर मुखिया पति कुंदन कुमार, पंसस प्रदीप कुमार पासवान, अरुण कुमार पासवान, लवकुश यादव, नंदू पासवान, विनोद पासवान, विजय राम आदि शामिल थे।

### कांग्रेस नेता ने किया सैलून का उद्घाटन



**हुसैनाबाद (आजाद सिपाही)।** जपला शहर के छतरपुर रोड में क्लासिक सैलून का उद्घाटन कांग्रेस के प्रदेश सचिव धनंजय कुमार तिवारी ने किया। मौके पर क्लासिक सैलून के संचालक संतोष ठाकुर मौजूद रहे। कांग्रेसी नेता ने कहा कि क्लासिक सैलून 25 वर्षों से लोगों की सेवा करते आ रहा है। ग्राहकों की सेवा के लिए सदैव तत्पर हैं। इस मौके पर आजाद, चंदन कुमार, रंजन, दिनेश ठाकुर, अंबिका सिंह आदि थे।

### पांकी में व्यपार मंडल कार्यालय का उद्घाटन



**पांकी/पलामू (आजाद सिपाही)।** एफसीआई गोदाम परिसर में व्यपार मंडल कार्यालय का उद्घाटन पांकी प्रखंड प्रमुख पंचम प्रसाद, बीस सूत्री अध्यक्ष मनोज सिंह, उप प्रमुख अमित चौहान, पांकी पश्चिमी जिला पार्षद निधि सिंह, मध्य जिला पार्षद खुशबू देवी एवं व्यापार मंडल के अध्यक्ष शिव प्रसाद साव, भाजपा ओबीसी मोर्चा के जिला अध्यक्ष शंकर प्रसाद गुप्ता ने संयुक्त रूप से किया। प्रमुख पंचम प्रसाद ने कहा कि पांकी प्रखंड के किसानों को सरकार के तरफ से मिलने वाली सुखाड़ फसल बीमा का निबंधन स्थानीय सीएसपी केंद्र पर कराया जायेगा। व्यापार मंडल अध्यक्ष शिव प्रसाद साव ने कहा कि व्यपार मंडल के सदस्यों ने जिस उम्मीद व आंकाक्षा के साथ मुझे अध्यक्ष बनाया है उसे पूरी ईमानदारी व निष्ठा के साथ पूरा करूंगा।

**स्पोर्ट्स**



झारखंड शिक्षा परियोजना परिषद रांची के तत्वावधान में आयोजित चार दिवसीय राज्य स्तरीय नेहरू कप हॉकी प्रतियोगिता में रांची, सिमडेगा और गुमला की टीम जीत दर्ज कर चैंपियन बनी।

**उपलब्धि :** चार दिवसीय राज्य स्तरीय नेहरू कप हॉकी प्रतियोगिता का समापन

# रांची, सिमडेगा और गुमला की टीम बनी चैंपियन

आजाद सिपाही संवाददाता



चैंपियन बनने वाली टीम के साथ प्रबंधकिय अधिकारी व अन्य गणमान्य

**खूंटी।** झारखंड शिक्षा परियोजना परिषद रांची के तत्वावधान में आयोजित चार दिवसीय राज्य स्तरीय नेहरू कप हॉकी प्रतियोगिता का रविवार को समापन हुआ। स्थानीय बिरसा कॉलेज के एस्ट्रोटर्फ हॉकी मैदान में आयोजित प्रतियोगिता के अंडर-15 बालक वर्ग का पहला फाइनल मुकाबला गुमला संत इग्नासियुस उच्च विद्यालय और सिमडेगा रेंगारीह उच्च विद्यालय के बीच खेला गया, जिसमें गुमला की टीम ने सिमडेगा को 6-0 गोल से पराजित कर चौंपियन बनने का गौरव प्राप्त किया। इसी तरह अंडर-17 बालक वर्ग के संघर्षपूर्ण फाइनल मैच में सिमडेगा संत मेरी उच्च विद्यालय सामटोली ने अपग्रेडेड प्लस टू हाई स्कूल मुरहू खूंटी को ट्रायब्रेकर में 7-6 गोल से हराकर चौंपियन बना। दूसरी ओर अंडर-17 बालिका वर्ग के फाइनल मैच में मुख्यमंत्री उत्कृष्ट विद्यालय बरियातू रांची की टीम ने मुख्यमंत्री उत्कृष्ट विद्यालय सिमडेगा को 4-0 गोल से हराकर खिताब पर कब्जा जमाया। तीनों वर्गों के विजेता टीमें अब नई दिल्ली में आयोजित राष्ट्रीय नेहरु कप हॉकी प्रतियोगिता 2023 में राज्य का प्रतिनिधित्व करेंगी। प्रतियोगिता में बेहतर प्रदर्शन के लिए अंडर 15 बालक वर्ग में गुमला के सिंटस हेंब्रम को प्लेयर ऑफ द मैच और सबियन किड़ो को प्लेयर ऑफ द सीरीज, जबकि बेस्ट गोलकीपर और बेस्ट स्कोरर का पुरस्कार सिमडेगा के हर्षित तिग्गा व अमृत मिंज को प्रदान किया गया। इसी प्रकार अंडर-17 बालक वर्ग में खूंटी के सिबिल धान को प्लेयर ऑफ द मैच और सिमडेगा के तरुण कुल्लू को प्लेयर ऑफ द सीरीज, जबकि बेस्ट गोलकीपर व बेस्ट स्कोरर का पुरस्कार सिमडेगा के स्मिथ डुंगडुंग एवं कपिल मिंज को मिला। अंडर-17 बालिका वर्ग में सिमडेगा के पूर्णिमा बरवा को प्लेयर ऑफ द मैच और बरियातू रांची के सलोमी नाग को प्लेयर ऑफ द सीरीज, जबकि बेस्ट गोलकीपर व बेस्ट स्कोरर का पुरस्कार रांची बारियातू के प्रीति बारला एवं लियोनी हेंब्रम को मिला। विजेता एवं उपविजेता टीमों व उत्कृष्ट प्रदर्शन करने वाले चयनित खिलाड़ियों के बीच पुरस्कारों का वितरण खूंटी एसपी अमन कुमार के अलावा हॉकी इंडिया के महासचिव भोला नाथ सिंह, ओलंपियन मनोहर टोपनो, सावित्री पूर्ति सुमराय टेटे, दीपिका सोरेंग आदि पूर्व व वर्तमान के अंतरराष्ट्रीय हॉकी खिलाड़ियों और हॉकी झारखंड के महासचिव विजय कुमार सिंह, शिवेंदु दूबे, चंचल भट्टाचार्य, जिला खेल पदाधिकारी प्रवीण कुमार आदि ने किया। कार्यक्रम का संचालन धीरसेन ए सोरेंग और धन्यवाद ज्ञापन जिला शिक्षा पदाधिकारी अतुल कुमार चौबे ने किया। प्रतियोगिता को सफल बनाने में खूंटी के अतिरिक्त जिला कार्यक्रम पदाधिकारी नालिनी रंजन, कुलदीप सोए, विनय जायसवाल, रियाज आलम, विनय बंधु कच्छप, प्रवीण सूचित बाजरे, राज्य परियोजना के प्रभात रंजन तिवारी, एम मोदस्सर, चंद्रदेव सिंह, निशा पन्ना, उमेश कुमार दास, जावेद अंसारी, विद्या कुमारी, शंकर पाल, जगजीत सिंह आदि ने अहम भूमिका निभाई।

## जूनियर राष्ट्रीय जूडो प्रतियोगिता के लिए बोकारो के तीन खिलाड़ी दिल्ली रवाना



आजाद सिपाही संवाददाता

**बोकारो।** दिल्ली के डी जाधव इंडोर स्टेडियम में आयोजित होने वाले राष्ट्रीय जूनियर जूडो प्रतियोगिता के लिए झारखंड टीम रांची से दिल्ली के लिए रवाना हुई।

बोकारो जूडो संघ के सचिव राजीव कुमार सिंह ने बताया कि बोकारो के तीन खिलाड़ी अदिति सिंह (52 केजी) वर्ग, साक्षी श्रीवास्तव 57 केजी वर्ग (दोनों एमजीएम स्कूल की खिलाड़ी) एवं खुशी उपाध्याय 73 केजी वर्ग (क्रिसेंट पब्लिक स्कूल की खिलाड़ी) ने रामगढ़ में हुए जूनियर झारखंड राज्य जूडो प्रतियोगिता में अपने-अपने वर्ग में स्वर्ण पदक हासिल कर झारखंड बालिका जूडो टीम में जूनियर जूडो राष्ट्रीय प्रतियोगिता के लिए अपनी जगह बनाई थी। खिलाड़ियों को बोकारो जूडो संघ के अध्यक्ष विनय आनंद, झारखंड जूडो संघ के अध्यक्ष केएन त्रिपाठी और महासचिव परीक्षित तिवारी ने खिलाड़ियों को अपनी शुभकामनाएं दी। वहीं, बोकारो जूडो संघ के पदाधिकारी में वासुदेव कुमार, संतोष कुमार दत्ता, उमेश नायडू, संजय रजवार, धानांतर कुमार, संजू कुमार, आयुष कुमार ठाकुर, चिन्मय कुमार, नईम अंसारी, प्रवीण कुमार ने खिलाड़ियों को शुभकामनाएं दी।

## गोल के विद्यार्थियों ने सीखा चंद्रयान से सफलता का रहस्य



**धनबाद (आजाद सिपाही)।** पूरे विश्व में रिसर्च केंद्र में सबसे प्रभावी, विश्वसनीय व ताकतवर माने जाने वाली अमेरिका के नासा ने भी भारत के रिसर्च केंद्र इसरो का लोहा मानने को मजबूर हो गया है। जब देश के चंद्रयान-3 ने चांद के दक्षिणी ध्रुव पर पूरे विश्व में पहली बार सफल लैंडिंग की। वाकई यह अविश्वसनीय, ऐतिहासिक एवं गौरवशाली पल ने यह साबित कर दिखाया कि भारत कभी विश्व गुरु क्यों था। विदित हो कि भारत के प्रतिभाओं के बल पर आज दुनिया के कितने ही देश विश्व में अपनी शक्ति का लोहा मनवाते रहे हैं। आज मनोबल और आत्मविश्वास बढ़ाने वाला क्षण, खोई हुई ताकत को पुनः पाने की एहसास कराने वाला क्षण, विश्वगुरु एवं विश्व शक्ति बनने की दिशा में अग्रसर भारत का संकेत, युवाओं को नइई सिख, नई प्रेरणा देकर पुनः विश्व के मानचित्र पर मजबूती से स्थापित होने का निर्देश देने वाला रहा है। विदित हो कि गोल संस्थान ने अपने सभी हॉस्टेलर्स को एक बड़े स्क्रीन के माध्यम से इसरो द्वारा संचालित लाइव चंद्रयान लैंडिंग को दिखाया एवं उनके क्षमताओं से अवगत कराने का प्रयास किया। गोल के संस्थापक व प्रबंध निदेशक विपिन सिंह ने बताया कि देश के हर वह छात्र जो किसी भी दिशा में सफलता पाना चाहते हैं, जीवन में कभी भी गीभअप ना करें। हार नहीं मानें। हर असफलता से सीखें। हार के आगे जीत हैं। चंद्रयान-1 ने चांद में पानी की खोज की, तो चंद्रयान-2 ने अहम फोटोग्राफी के साथ ही चंद्रयान 3 को सुरक्षित लैंडिंग में सहायता की।

गोल धनबाद के केंद्र निदेशक संजय आनंद ने बताया कि हमारे छात्र स्वस्थ्य वातावरण में एक-दूसरे से समस्या पर चर्चा कर आगे बढ़ते हुए ना केवल सफल वरण अच्छे रैंकर हो रहे हैं। चंद्रयान-3 ने युवाओं एवं आनेवाले पीढ़ियों को बहुत कुछ अच्छा सिखाया है विदित हो कि उक्त प्रोग्राम के सफल संचालन में गोल धनबाद के कुछ शिक्षक एवं प्रबंधन से जुड़े विनोद सर, वर्मा सर, पियुष कमल सर, दीपक कुमार, भारती सिन्हा, अरुण कुमार, सुनील कुमार, पूजा कुमारी, उमेश कुमार, दिलीप कुमार, बंटी, वशिम, लखन आदि ने अहम भूमिका निभाई।

## बोकारो विधायक बिरंची नारायण ने किया श्याम निशान यात्रा का स्वागत



**बोकारो (आजाद सिपाही)।** एकादशी के अवसर पर भगवान खाटू श्याम निशान यात्रा का बोकारो विधायक बिरंची नारायण ने अपनी पत्नी नीना नारायण के साथ अपने आवास के पास भव्य स्वागत किया। बोकारो नगर के श्री राम मंदिर से रविवार को निशान यात्रा का शुभारंभ हुआ। इस यात्रा में भगवान श्री खाटू श्याम का ध्वज लिए बड़ी संख्या में श्रद्धालु नाचते-गाते जयघोष लगते चल रहे थे। इस मौके पर संजय त्यागी, विकास कुमार, महेंद्र राय, सुरेश बुधिया, गोलू उपाध्याय, रंजन कुमार, संतोष कुमार, अभिषेक कुमार, राहुल कुमार व अजित आदि मौजूद थे।

## वायु प्रदूषण नियंत्रण को लेकर निकाली साइकिल रैली




**जैनमोड़ (आजाद सिपाही)।** जरीडीह प्रखंड के टांड़ मोहनपुर पंचायत अंतर्गत हरि मंदिर प्रांगण से जैनामोड़ चौक तक वायु प्रदूषण नियंत्रण को लेकर साइकिल रैली निकाली गई।। यह कार्यक्रम कोलकाता के स्वीच ऑन फाउंडेशन की ओर से प्रयोजित है। इसका आयोजन स्वयंसेवी संस्था दो कदम के सदस्यों के नेतृत्व में किया गया। संगठन के सचिव विजय कुमार महतो ने कहा कि वर्तमान दौर में विकास की तेजी के साथ विभिन्न प्रकार से प्रदूषण भी फैल रहा है। अगर इस बढ़ते प्रदूषण पर नियंत्रण नहीं रखा गया तो वायु प्रदूषण से प्रत्येक व्यक्ति का जीवन नरक के समान हो जायेगा। वहीं जैनामोड़ चैंबर के अध्यक्ष संजय कुमार सिंह ने यात्रा में शामिल सदस्यों से कहा कि जन-जन को बचाने के लिए प्रदूषण मुक्त वातावरण का निर्माण में सहयोग करने का सभी को संकल्प लेना होगा। वहीं, जरीडीह पूर्व के उप प्रमुख सुनील महतो ने रैली का शुभारंभ हरी झंडी दिखाकर किया। उन्होंने कहा कि इस परिस्थिति में प्रत्येक व्यक्ति को अपने संकल्प के साथ एक-एक पौधा लगाना चाहिए। इस पौधारोपण कार्य से ही बढ़ते वायु प्रदूषण पर नियंत्रण रखा जा सकता है। इस मौके पर जैना पंचायत समिति सदस्य प्रतिनिधि प्रकाश कुमार महतो, शंकर महतो, रुपेश महतो, किशन महतो, जयनंदन महतो, मनोज कुमार महतो, शहदेव महतो, देवकी महतो, कपिल महतो, पितांबर महतो, जयदीप कुशवाहा, बाबी मरांडी और रुद्र कुशवाहा आदि उपस्थित थे।

## 11वीं के नववर्ती छात्र-छात्राओं का हुआ स्वागत



**महुदा (आजाद सिपाही)।** स्वामी विवेकानंद इंटर कॉलेज में रविवार को परंपरा अनुसार इस वर्ष भी 12वीं कक्षा के छात्र-छात्राओं ने 11 वीं के विद्यार्थियों को समारोह आयोजित कर स्वागत किया। कार्यक्रम से पूर्व 12 वीं के विद्यार्थियों ने 11वीं के विद्याथियों को तिलक वंदन कर उपहार भेंट किया। कार्यक्रम में प्राचार्य एस कुमार सहित शिक्षक-शिक्षिकाएं उपस्थित थीं।

### कार्रवाई : 14,460 रुपये नकद, 900 लॉटरी, 10 मोबाइल फोन व तीन बाइक जब्त

# धनसार पुलिस की मिलीभगत से संचालित लॉटरी के अवैध धंधे का खुलासा, 10 गिरफ्तार

**जगदंबा डेकोरेटर कार्यालय में संचालित हो रहा था लॉटरी का धंधा**

आजाद सिपाही संवाददाता

**धनसार।** धनसार पुल अनुग्रह नगर के समीप जगदंबा डेकोरेटर कार्यालय में विगत तीन महीने से संचालित अवैध लॉटरी के अड्डा का भंडाफोड़ करते हुए बैंक मोड़ पुलिस ने शनिवार की रात छापामारी की। पुलिस ने मौके से संचालक सहित 10 लोगों को गिरफ्तार किया है। उनकी पहचान चंदन कुमार, शिव कुमार, प्रदीप कुमार, रोहित कुमार, आकाश कुमार, मो वशीर, भरत भुईयां, सरयु भुइयां, प्रकाश भुईयां और मो. वशीर इकबाल उर्फ सोनू के रूप में की गयी है। साथ ही 900 अवैध लॉटरी टिकट, 14,460 रुपये नगद, 10 मोबाइल फोन, एक टार्च व तीन बाइक जब्त किया। छापामारी के बाद पकड़े गए लोगों को धनसार थाने को सौंप दिया गया। बैंक मोड़ थाना प्रभारी प्रभात रंजन पांडे ने बताया कि यह कार्रवाई पुलिस के वरीय अधिकारी के निर्देश पर की गयी है। यहां कई माह से अवैध लॉटरी का संचालन किया जा रहा था। जगदंबा डेकोरेटर्स में एक वाहन से लाटरी प्रतिदिन शाम सात बजे लाया जाता था। इसके बाद धनसार थाना क्षेत्र के चांदमारी, नई दिल्ली, जोड़ाफाटक, गांधी रोड, बरमसिया, पतराकुली, मनईटाड़ इलाके से एजेंट आकर लाटरी ले जाते थे और अपने-अपने क्षेत्र में बेचते थे। यह धंधा धनसार पुलिस की मिलीभगत से संचालित किया जा रहा था। स्थानीय लोगों ने कई बार इसकी शिकायत वरीय पुलिस अधिकारी को की थी। इस लिए इस छापामारी में धनसार पुलिस को शामिल नहीं किया गया। बाद पकड़े गए लोगों को धनसार थाने को सौंप दिया गया है।



लॉटरी के अवैध अड्डे पर छापामारी करती बैंकमोड़ पुलिस। जब्त लॉटरी।

## गिरिडीह में अवैध लॉटरी टिकट बेचनेवाला मास्टरमाइंड गिरफ्तार



**गिरिडीह (आजाद सिपाही)।** एसपी दीपक कुमार शर्मा के निर्देश पर शहरी में अवैध लॉटरी टिकट का कारोबार करने वाले धंधेबाजों के खिलाफ शनिवार की विशेष छापामारी अभियान चलाया गया। नगर थाना पुलिस ने शहर में लॉटरी टिकट का कारोबार करने वाला मास्टरमाइंड डब्बू अग्रवाल को गिरफ्तार कर लिया है। डब्बू अग्रवाल की निशानदेही पर पुलिस की टीम ने मुफस्सिल थाना क्षेत्र के झगरी में लॉटरी टिकट का कारोबार करने के लिए बनाये गये ऑफिस में छापामारी कर भारी मात्रा में लॉटरी टिकट के अलावे कंप्यूटर सेट, टिकट बेचने और खरीदने वाले लोगों के नाम लिखी पर्ची, इंनर्वटर और कॉपी आदि सामान बरामद किया। हालांकि इस दौरान मौके से सभी लोग भाग निकलें। छापामारी अभियान में बीडीओ दीलीप कुमार महतो, डीएसपी मुख्यालय संजय राणा, एसडीपीओ अनिल कुमार सिंह, मुफस्सिल थाना प्रभारी कमलेश पासवान, नगर थाना के प्रभारी थाना प्रभारी प्रशांत कुमार आदि शामिल थे।

## एनडीए प्रत्याशी यशोदा देवी के समर्थन में चलाया गया जनसंपर्क अभियान

आजाद सिपाही संवाददाता



**बोकारो थर्मल/बेरमो।** डूमरी विधानसभा उप चुनाव की एनडीए प्रत्याशी यशोदा देवी के समर्तन में रविवार को भाजपा के जिलाध्यक्ष भरत यादव के साथ रामकिंकर पांडेय, श्रवण सिंह, अनिल स्वर्णकार, श्रीकांत यादव आदि ने उपरघाट अंतर्गत बरई एवं पलामू पंचायत में खिजरी के पूर्व विधायक रामकुमार पाहन, विश्वनाथ यादव, मोती महतो, किशोर महतो आदि ने कंजकिरो, काछो, गोनियाट और पैंक पंचायत में सुरेंद्र राज, विनोद यादव आदि ने पोखरिया पंचायत, सुभाष महतो, अजय शर्मा आदि ने नारायणपुर पंचायत में बूथ के कार्यकर्ताओं के साथ बैठक कर सघन जनसंपर्क अभियान चलाया। साथ ही 29 अगस्त को कंजकिरो के कपूरी ठाकुर उच्च विद्यालय मैदान से आयोजित बूथ स्तरीय कार्यकर्ता सम्मेलन सह बाबूलाल मरांडी की जन सभा में भारी संख्या में कार्यकर्ताओं के साथ आम जन को आने का आह्वान किया। भाजपा जिलाध्यक्ष भरत यादव ने कहा कि एनडीए प्रत्याशी यशोदा देवी को विजयी बनाने के लिए पार्टी के सभी नेता एवं कार्यकर्ता तन-मन-धन से समर्पित होकर चुनाव कार्य में जुटे हुए हैं। क्षेत्र भ्रमण में आम जनता के रुझान से स्पष्ट है कि राज्य की महागठबंधन सरकार के कुशासन से त्रस्त जनता डूमरी विधानसभा में एनडीए प्रत्याशी को वोट देकर विजयी बनाएगी। इसके साथ ही झारखंड में बदलाव का आगाज करेगी। उन्होंने 29 अगस्त को बाबूलाल मरांडी की कंजकिरो में आयोजित सभा में भारी संख्या में लोगों को आने का आह्वान किया।

## डीवीसी स्टाफ एसोसिएशन सलाहकार समिति के अध्यक्ष बने अरूप चटर्जी




**चिरकुंडा (आजाद सिपाही)।** निरसा के पूर्व विधायक अरूप चटर्जी को डीवीसी स्टाफ एसोसिएशन सलाहकार समिति और डीवीसी के मैथन स्टाफ एसोसिएशन का अध्यक्ष नियुक्त गया। रविवार को कोलकाता के डीवीसी स्टाफ टावर में एसोसिएशन का 37वां महासम्मेलन आयोजित किया गया था। महासम्मेलन में एक-एक कर वक्ताओं ने संगठन को मजबूत करने के लिए अपने-अपने विचार रखे और केंद्र सरकार की गलत नीतियों का विरोध किया। साथ ही केंद्र सरकार द्वारा डीवीसी को गैरसरकारी हाथों में सौंपने की गलत नियत के खिलाफ आवाज उठाने पर चर्चा हुई। इस दौरान एसोसिएशन के नई कमेटी का भी गठन किया गया। अशोक घोष को अध्यक्ष, अनिल प्रसाद को महासचिव, असीम मित्रा को कोषाध्यक्ष, तापस कुमार कुंडू और देवाशीष चक्रवर्ती को ऑर्गेनाइजड सचिव, सुभाष दूबे, बी कुमार, नबेंदू चक्रवर्ती, संतोष प्रसाद, बासुदेव चक्रवर्ती को उपाध्यक्ष बनाया गया।

## ब्रेन ट्यूमर भी अब लाइलाज बीमारी नहीं रही: डॉ भट्टाचार्य



**धनबाद (आजाद सिपाही)।** कोलकाता एएमआरआइ अस्पताल के निदेशक व प्रसिद्ध न्यूरो सर्जन प्रो डॉ आरएन भट्टाचार्य ने रविवार को गोविंदपुर के साहिबगंज मोड़ स्थित अपना हॉस्पिटल में कहा कि न्यूरो रोगों का उपचार संभव है। समुचित इलाज से न्यूरो मरीज ठीक हो रहे हैं। ब्रेन ट्यूमर भी अब लाइलाज बीमारी नहीं रही। उन्होंने लकवा व मिर्गी के दौरे, याददाश्त में कमी, कमर एवं गर्दन दर्द, मस्तिष्क में खून आना, मस्तिष्क में पानी जमना, मस्तिष्क चोट, स्लिप डिस्क, दिमागी बुखार, सिर दर्द आदि से ग्रस्त मरीजों को कई सलाह दी। उन्होंने कहा कि वह प्रत्येक माह के अंतिम रविवार को सुबह 9 बजे से 11 बजे तक अपना हॉस्पिटल में सेवा दे रहे हैं। इसके लिए संबंधित मरीजों को अपना हॉस्पिटल में पहले से पंजीयन करा लेना होगा। वहीं, अपना हॉस्पिटल के निदेशक मो सलाउद्दीन ने डॉ भट्टाचार्य का स्वागत किया और यहां सेवा देने के लिए उनका आभार प्रकट किया। मौके पर अस्पताल के संचालक मो आमिरुद्दीन, शमशेर रजा, हामिद आदि मौजूद थे।

### सीओ व सीआइएसएफ इंस्पेक्टर ने अंधारी में चल रहे अवैध कोयला उत्खनन पर करवाई का दिया संकेत

# अवैध कोयला उत्खनन चिंता का विषय : प्रदीप महतो

आजाद सिपाही संवाददाता



**महुदा।** अवैध कोयला खनन व कोयला चोरी पर अंकुश लगाने की हर कोशिश कागजों तक ही सिमट कर रह गया है। हकीकत में अंकुश लगाने से संबंधित अधिकारियों के दिशा-निर्देश व विशेष अभियान दिखावा ही साबित हो रहे हैं। कुछ स्थानों पर छापामारी व कोयला जब्ती की कार्रवाई जरूर होती है। कुछ गाड़ियां भी पकड़ी जाती हैं, पर अंत में यह करवाई लोगों के आंख में धूल झोंकने जैसी साबित हो रही है। यही कारण है कि महुदा के कई इलाकों में सक्रिय कोयला तस्करों के सिंडिकेट पर कार्रवाई का कोई खास असर नहीं दिखता। आलम यह है कि महुदा थाना क्षेत्र के अंधारी बस्ती स्थित जोरिया के बगल में एक बार फिर पूरे हनक के साथ कोयले की तस्करी शुरू हो गयी है। यही नहीं तस्कर बीसीसीएल की बंद खदानों व जंगल में खोली गई खदानों से भारी मात्रा में कोयला निकाल रहे हैं। कोयला तस्कर राज्य की बेशकीमती संपति ही नहीं, बल्कि पर्यावरण को भी नुकसान पहुंचा रहे हैं। बड़ी संख्या में बड़े-बड़े दर्जनों पेड़ों की कटाई कर जंगल के एक बड़े हिस्सा को बर्बाद कर दिये हैं, बावजूद इसके संबंधित विभाग की इस पर चुप्पी कई तरह के सवाल खड़े कर रेह हैं। *आजाद सिपाही* में खबर छपने के बाद सीआइएसएफ इंस्पेक्टर नीलम एक्का ने अवैध कार्य पर अंकुश लगाने की बात कही हैं। उन्होंने बीसीसीएल के अधिकारीयों से इस संबंध में बात कर करवाई का आश्वाशन दिया हैं। वहीं बाघमारा अंचल अधिकारी कमल किशोर सिंह ने बताया कि क्षेत्र में जितने भी अवैध उत्खनन हो रहे हैं, उस पर अंकुश लगाने को लेकर एक विशेष अभियान चलाया जा रहा हैं। लोहापिट्टी में चल रहे अवैध कोयला उत्खनन की जानकारी अखबार के माध्यम से संज्ञान मे आया हैं, कर्रवाई की जाएगी। वहीं, समाजसेवी प्रदीप महतो ने बताया कि जो भी अवैध कार्य क्षेत्र में चल रही हैं, उसे बंद किया जाय। इससे स्थानीय युवाओं में बुरा प्रभाव पड़ रहा हैं। प्रशासन करवाई की बात तो करते हैं, पर उनकी कर्रवाई महज लोगों के आँख में धूल झोंकने जैसी हैं।

### महत्वपूर्ण न्यूज

## दो दिवसीय हनुमान चालीसा व सुंदरकांड पाठ का समापन, शामल हुई रागिनी सिंह



**झरिया (आजाद सिपाही)।** बिहार बिल्डिंग स्थित जनता श्रमिक संघ के केंद्रीय कार्यालय में आयोजित दो दिवसीय हनुमान चालीसा एवं सुंदरकांड पाठ का रविवार को भगवान सत्यनारायण की कथा के साथ समापन हुआ। मौके पर भाजपा कार्यकर्ताओं एवं प्रदेश कार्यसमिति सदस्य रागिनी सिंह भी मौजूद रहीं। रागिनी सिंह ने विधिवत पूजन हवन एवं आरती कर समस्त झरिया वासियों के लिए सुख समृद्धि और शांति की कामना की। जिसके उपरांत वहां उपस्थित लोगो में प्रसाद वितरण किया गया। मौके पर संतोष कुमार सिंह, प्रदीप कुमार सिन्हा, महावीर पासवान, श्रवण राय, श्रीराम यादव, उमेश यादव, वीरेंद्र हंसदा, सुमन अग्रवाल, पूनम महतो, अमलेश सिंह शैलेश सिंह, विष्णु त्रिपाठी, इंद्रजीत सिंह, ध्रुव, हरी, अभिषेक सिंह, अभिषेक पाण्डेय, संतोष शर्मा, अरुण साव, स्वरूप भट्टाचार्य, अखिलेश सिंह, छोटू सिंह, दिलीप भारती, अरिंदम बनर्जी, अनिल सिंह, टुन्ना सिंह, रविशंकर सिंह, साजन सिंह, अजय निषाद, गोपाल चौधरी, संजय यादव, रामाधार सिंह, रघु राम आदि मौजूद थे।

## उद्योगों के लिए सतत और हरित प्रौद्योगिकी विषय पर आयोजित सेमिनार का समापन



**बोकारो (आजाद सिपाही)।** आइइआई बोकारो और सेल/बोकारो स्टील प्लांट की ओर से संयुक्त रूप से उद्योगों के लिए सतत और हरित प्रौद्योगिकी विषय पर आयोजित दो दिवसीय सेमिनार का रविवार को समापन हुआ। टिकाऊ और हरित प्रौद्योगिकी से संबंधित विभिन्न विषयों पर पेशेवरों, विशेषज्ञों और शिक्षाविदों द्वारा 15 पेपर प्रस्तुत किए गए। इसके बाद सीजीएम/टीसी अजय कुमार, जीएम/डब्ल्यूएमडी अनुपम, जीएम/आईएंडए श्री घोष, जीएम (ईसीएस) एनपी श्रीवास्तव आदि प्रख्यात पैनलिस्टों द्वारा पैनल चर्चा की गई। संचालन एजीएम/पर्यावरण नितेश रंजन ने किया। समापन सत्र में बतौर मुख्य अतिथि सी महापात्रा, ईडी (प्रोजेक्ट्स) थे। समापन सत्र में मुख्य अतिथि व अन्य का स्वागत आईईआई बोकारो स्थानीय केंद्र के अध्यक्ष जीएम (ईसीएस) एनपी श्रीवास्तव ने किया। जीएम (ईसीएस) ने अखिल भारतीय सेमिनार के उद्देश्य और परिणामों के बारे में भी जानकारी दी। एजीएम/ईसीएस एवं तकनीकी समिति के सह अध्यक्ष नितेश रंजन ने 15 पेपरों का सार पेश किया।

## बच्चों में पढ़ाई के साथ खेल के महत्व से लोगों को कराया गया अवगत



**महुदा (आजाद सिपाही)।** तेलमोचो पंचायत स्थित सचिवालय में रविवार को पढ़ो और पढ़ाव के तहत कार्यक्रम आयोजित हुआ। जिसमें बतौर मुख्य अतिथि भाटडीह ओपी प्रभारी सौरभ चौबे शामिल हुए। कार्यक्रम में बच्चों ने शिक्षा के साथ ही खेल के महत्व से लोगों को अवगत कराया। लड़कियों ने लठबाजी के हैरतअंगेज खेल का प्रदर्शन किया। गांव के बच्चे व बच्चियों ने नाटक के माध्यम से पेड़ों की कटाई से होने वाले दुष्परिणाम बताकर मानव जीवन में पेड़-पौधों के महत्व को दर्शाया। वहीं, युवाओं पर सोशल मीडिया के मानसिक दुष्प्रभाव से भी अवगत कराया। सौरभ चौबे ने कहा कि पढ़ो-पढ़ाओ अभियान से बच्चें शारीरिक एवं मानसिक रूप सशक्त होंगे। कार्यक्रम में दिनेश राय, जगरनाथ राय, मुमताज अंसारी, लक्ष्मी, संध्या, शकुंतला, नीलकंठ राय, गौरी राय, समाजसेविका माया देवी आदि उपस्थित थीं।

## न्यूज रील्स

### जम्मू-कश्मीर में छात्र को पीटनेवाला टीचर गिरफ्तार

श्रीनगर। जम्मू-कश्मीर के कठुआ जिले में छात्र को पीटने वाले टीचर को गिरफ्तार कर लिया गया है। पुलिस ने रविवार को इसकी जानकारी दी। आरोपी प्रिंसिपल अभी फरार है। उसकी तलाश की जा रही है। दरअसल एक दिन पहले बनी स्थित गवर्नमेंट हायर सेकेंडरी स्कूल में एक छात्र ने क्लास के ब्लैकबोर्ड पर 'जय श्री राम' लिखा था। इसे लेकर मुस्लिम टीचर ने उसे बुरी तरह पीटा था, जिसके बाद छात्र को अस्पताल में भर्ती कराना पड़ा था। छात्र को पीटे जाने की जानकारी मिलने पर सैकड़ों लोगों की भीड़ सड़क पर आ गयी थी और घटना का विरोध किया था।

### कर्नाटक में एक ही परिवार के चार लोगों ने की आत्महत्या

मैसुरु। कर्नाटक के मैसूरु में रविवार दोपहर एक परिवार के चार सदस्य अपने किराये के घर में मृत पाये गये। पुलिस ने मामले की जांच शुरू कर दी है। पुलिस को संदेह है कि यह आत्महत्या का मामला है। पुलिस के मुताबिक महादेवस्वामी (45), उनकी पत्नी अनीता (38), बेटियां चंद्रकला (17) और धनलक्ष्मी (15) चामुंडीपुरम स्थित अपने घर में मृत पायी गयीं। महादेवस्वामी की यहां बांदीपाल्या में सब्जी की दुकान थी।

# ओड़िशा में रियल इस्टेट का शानदार प्रदर्शन

- सबसे बड़े कॉन्क्लेव इनोवेट आरइ 2023 ओड़िशा में रियल एस्टेट नवाचार को प्रेरित करते हुए नये उद्योग मानक स्थापित किये



**आजाद सिपाही संवाददाता**

**ओड़िशा।** ओआरए (रियलटर्स एसोसिएशन ऑफ ओड़िशा) ने एनएआर-इंडिया (नेशनल एसोसिएशन ऑफ रियलटर्स) के सहयोग से ओड़िशा में 'इनोवेट आरइ 2023' की मेजबानी की। इस कार्यक्रम ने क्षेत्र में आगामी अवसरों का पता लगाने के लिए रियल एस्टेट विशेषज्ञों को इकठ्ठा किया। इनोवेट आरइ 2023 पारंपरिक रियल एस्टेट मानदंडों को चुनौती देने वाला एक दूरदर्शी एक्सपो था। इसने ओड़िशा के रियल एस्टेट परिदृश्य में विविधीकरण और नवाचार के एक नये युग का प्रदर्शन किया। ओड़िशा में गतिशील रियल्टी क्षेत्र पर ध्यान केंद्रित करते हुए, एक्सपो ने रियल एस्टेट निवेश और विकास के लिए एक प्रमुख बाजार के रूप में राज्य की बढ़ती प्रमुखता पर प्रकाश डाला।

इनोवेट आरइ 2023 ने वैश्विक और ओड़िशा रियल एस्टेट में क्रांति लाने वाले नवाचारों की एक विविध श्रृंखला की सामूहिक खोज में उद्योग जगत के नेताओं, विशेषज्ञों और हितधारकों को इकठ्ठा किया। आवासीय संपत्तियों की बढ़ती मांग की पृष्ठभूमि के बीच, इस कार्यक्रम ने रियल एस्टेट पेशकशों के विस्तार पर प्रकाश डाला। इसमें वाणिज्यिक स्थान, आतिथ्य, लॉजिस्टिक पार्क, खुदरा, वेयरहाउसिंग, आइटी पार्क, डेटा सेंटर और उससे आगे शामिल हैं। इस विविधीकरण ने न केवल जीवनशैली की बदलती प्राथमिकताओं को प्रतिबिंबित किया, बल्कि विविध अवसरों की तलाश करने वाले निवेशकों के लिए एक प्रमुख गंतव्य के रूप में ओड़िशा की स्थिति को भी मजबूत किया।

इनोवेट आरइ 2023 में चर्चा का केंद्र रियल्टी क्षेत्र को नया आकार देने वाली अग्रणी प्रौद्योगिकियों और टिकाऊ प्रथाओं के इर्द-गिर्द घूमता रहा। उपस्थित लोगों ने देखा कि कैसे ओड़िशा ने स्मार्ट सिटी पहल जैसे अत्याधुनिक समाधानों का उपयोग किया, जहां उन्नत प्रौद्योगिकियों ने कुशल और परस्पर जुड़े शहरी परिदृश्य बनाने के लिए एकीकरण किया। इन पहलों ने न केवल नागरिकों के जीवन को समृद्ध बनाया, बल्कि व्यवसायों और निवेशकों को भी आगे की सोच वाले स्थानों की ओर आकर्षित किया। इनोवेट आरइ 2023 का अनावरण 25 अगस्त को भुवनेश्वर के प्रतिष्ठित मेफेयर कन्वेंशन में किया गया। इसमें पूरे भारत और दुनिया भर से 500 प्रतिनिधि इस क्षेत्र के भविष्य को तराशने के लिए एकत्र हुए थे। कार्यक्रम के बारे में बोलते हुए एनएआर-इंडिया के उपाध्यक्ष संतोष अवलक्की ने कहा कि भारत के तीव्र परिवर्तन में, इनोवेट आरइ कर्ताओं का संगम, पसंद का मंच बन गया है। पीछे मुड़ कर देखें तो भारत के ओड़िशा की राजधानी, भुवनेश्वर, बोर करता है। हाल के वर्षों में इसके रियल एस्टेट बाजार में उल्लेखनीय प्रगति देखी गयी है। अपनी रणनीतिक स्थिति, बढ़ती शहरी आबादी और बुनियादी ढांचे की प्रगति से प्रेरित होकर, भुवनेश्वर के रियल एस्टेट क्षेत्र ने कैंटर चरण में प्रवेश किया है, पुष्टि की गयी।

ओआरए के अध्यक्ष श्री शेख मैराजुल हक ने कहा कि उपस्थित लोग देखेंगे कि कैसे ओड़िशा स्मार्ट सिटी पहल जैसे अत्याधुनिक समाधानों का लाभ उठा रहा है, जहां उन्नत प्रौद्योगिकियां कुशल और परस्पर जुड़े शहरी वातावरण बनाने के लिए एकजुट होती हैं, तेजी से बदलते रियल एस्टेट परिदृश्य के बीच, इनोवेट करें आरइ 2023 नवाचार और विकास के प्रति भारत की अटूट प्रतिबद्धता का प्रमाण है। यह एक ऐसा मंच है, जहां उद्योग जगत के नेता जुटते हैं, विचार पनपते हैं और रियल एस्टेट का भविष्य तैयार किया जाता है।

विभिन्न सम्मोहक कारकों के बीच ओड़िशा वर्तमान में इस सम्मेलन के लिए आदर्श मेजबान के रूप में उभरा है। विस्तारित सड़कों के बढ़ते नेटवर्क, मेट्रो रेल परियोजनाओं के कार्यान्वयन और महत्वपूर्ण हवाई अड्डे के संवर्द्धन ने कनेक्टिविटी और पहुंच दोनों में नाटकीय रूप से वृद्धि की है। जिन क्षेत्रों को कभी दूरस्थ परिधि माना जाता था, उनमें सुधार हुआ है। एक उल्लेखनीय परिवर्तन आया, प्रमुख रियल एस्टेट गंतव्यों में विकसित हुआ।

आर्थिक गतिविधियों में उछाल ने वाणिज्यिक और खुदरा स्थानों की मजबूत मांग को प्रज्वलित किया है और भुवनेश्वर ने उल्लेखनीय चपलता के साथ प्रतिक्रिया दी है। शहर में अत्याधुनिक शॉपिंग मॉल, अत्याधुनिक कार्यालय परिसरों और गतिशील सह-कार्य स्थलों का विकास देखा गया है, जिन्हें व्यवसायों और उद्यमियों की बढ़ती जरूरतों को पूरा करने के लिए सावधानीपूर्वक डिजाइन किया गया है। इसके अलावा भुवनेश्वर ने अपने निवासियों को किफायती आवास समाधान प्रदान करने के महत्व को तुरंत पहचान लिया है। किफायती आवास परियोजनाओं की लहर को अपनाते हुए शहर ने सरकारी प्रोत्साहनों से प्रेरित डेवलपर्स को आकर्षित किया है।

# टाटा स्टील मेरामंडली और अंगुल एनर्जी लिमिटेड को मिला पुरस्कार



**आजाद सिपाही संवाददाता**

**भुवनेश्वर।** ढेंकानाल नरेंद्रपुर टाटा स्टील मेरामंडली (टीएसएम) को सीआइआइ सुरक्षा, स्वास्थ्य और पर्यावरण (एसएचइ) उत्कृष्टता पुरस्कार 2022-23 से सम्मानित किया गया है। कंपनी ने पूर्व क्षेत्र में बड़े पैमाने पर विनिर्माण क्षेत्र श्रेणी में प्रतिस्पर्धा करके पुरस्कार जीता। 22 अगस्त 2023 को कोलकाता में आयोजित दो दिवसीय 17वीं सुरक्षा संगोष्ठी और प्रदर्शनी में सीआइआइ पूर्व क्षेत्र द्वारा मान्यता प्रदान की गयी थी।

कंपनी को एक सुरक्षित और टिकाऊ कार्य वातावरण बनाने के लिए अपनी निरंतर प्रतिबद्धता के लिए प्रशंसा प्रमाण पत्र से सम्मानित किया गया है। इस अवसर पर अंगुल एनर्जी लिमिटेड (एआइएल) को मध्यम विनिर्माण क्षेत्र श्रेणी में एसएचइ पुरस्कार से भी सम्मानित किया गया। टीएसएम और एआइएल की ओर से, टीएसएम के सुरक्षा प्रमुख अगम कुमार, कार्यस्थल सुरक्षा प्रमुख उपेंद्र प्रसाद जैकब, एआइएल के मंडल संपादक दिनेश पारोबल और अन्य कर्मचारियों ने पुरस्कार स्वीकार किया।

इस अवसर पर अंगुल एनर्जी लिमिटेड (एइएल) को मध्यम विनिर्माण क्षेत्र श्रेणी में एसएचइ पुरस्कार से भी सम्मानित किया गया है। टीएसएम के सुरक्षा प्रमुख अगम कुमार, कार्यस्थल सुरक्षा प्रमुख उपेंद्र प्रसाद यादव और एइएल के संभागीय प्रबंधक दिनेश परवाल ने अपने सहयोगियों के साथ टीएसएम और एइएल की ओर से पुरस्कार प्राप्त किया।






# आइएमएस और सम अस्पताल के छात्रों के लिए स्नातक कार्यक्रम आयोजित किया गया

**आजाद सिपाही संवाददाता**



**भुवनेश्वर।** एजुकेशन एंड रिसर्च (सोआ) डीम्ड टू बी यूनिवर्सिटी द्वारा संचालित इंस्टीट्यूट ऑफ मेडिकल साइंसेज और सम हॉस्पिटल के विभिन्न विभागों में अपनी पढ़ाई पूरी करने वाले एमबीबीएस और पोस्ट ग्रेजुएट छात्रों को इस विशेष कार्यक्रम में ग्रेजुएट और पोस्ट ग्रेजुएट की उपाधि से सम्मानित किया गया। जिन छात्रों ने 2015, 2016 और 2017 के शैक्षणिक वर्षों में आईएमएस और सम अस्पताल के विभिन्न विभागों में अपनी पढ़ाई शुरू की और पूरी की, उन्हें स्नातक की डिग्री दी गयी। इसी प्रकार, 2018, 2019 और 2020 के शैक्षणिक वर्षों में विभिन्न विभागों में पोस्ट ग्रेजुएट शिक्षा शुरू करने और पूरा करने वाले छात्रों को स्नातक की उपाधि दी गयी है। इसके साथ ही 2020 बैच के सुपर स्पेशियलिटी विभाग में पोस्ट ग्रेजुएट छात्रों को भी उपाधि से सम्मानित किया गया है।

कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में विश्वविद्यालय के कुलपति प्रो प्रदीप्त कुमार नंद शामिल हुए और छात्रों को शपथ दिलाई और उपाधियां प्रदान की। इस अवसर पर छात्रों को संबोधित करते हुए कुलपति प्रो नंद ने कहा कि उनकी कड़ी मेहनत का फल है कि उन्हें यह डिग्री मिली है। प्रोफेसर नंद ने कहा कि एनआईआरएफ रैंकिंग के अनुसार, छात्रों ने देश के 15वें सर्वश्रेष्ठ विश्वविद्यालय और 16वें सर्वश्रेष्ठ मेडिकल कॉलेज से स्नातक किया है। अतः उन्हें आशा है कि वे विश्वविद्यालय का सम्मान अवश्य बनाये रखेंगे।

प्रोफेसर नंद ने कहा कि छात्रों को अपनी शिक्षा पूरी करने और डॉक्टर के रूप में स्वास्थ्य क्षेत्र में सुधार करने के लिए अनुसंधान को अधिक महत्व दिया जाना चाहिए। कार्यक्रम में आइएमएस एवं सम हॉस्पिटल के डीन प्रो. (डॉ.) संघमित्रा मिश्र ने संस्थान के बारे में विस्तार से जानकारी दी. अतिरिक्त डीन प्रोफेसर अजय जेना ने स्वागत भाषण दिया। इस अवसर पर प्रो-वाइस चांसलर प्रो शितिकंठ मिश्र, परीक्षा नियंत्रक प्रो. मंजुला दास, छात्र मंगल के डीन प्रो. ज्योति रंजन दास, चिकित्सा अधीक्षक प्रो पुष्पराज सामंतसिंहार, सभी विभागों के प्रमुख और आइएमएस और सम अस्पताल के अकादमिक परिषद के सदस्य उपस्थित थे।












# जिंदल स्टेनलेस की भारत-सिंगापुर ट्रेड ट्रस्ट इबीएल परियोजना में भाग लेनेवाली पहली भारतीय कंपनी बनी

**आजाद सिपाही संवाददाता**

**भुवनेश्वर।** जिंदल स्टेनलेस पहली भारतीय कंपनी है, जो द्विपक्षीय सीमा-पार व्यापार को कागज रहित और सभी पक्षों के लिए सहज प्रक्रिया बनाने के लिए प्रमुख भारत-सिंगापुर परियोजना में भाग ले रही है। केंद्रीय वाणिज्य एवं उद्योग मंत्री पीयूष गोयल और सिंगापुर के व्यापार एवं उद्योग मंत्री गन किम योंग ने जयपुर में आयोजित जी20 व्यापर एवं निवेश मंत्रिस्तरीय बैठक के दौरान ट्रेडट्रस्ट फ्रेमवर्क (व्यापार विश्वास ढांचे) के जरिये सिंगापुर से भारत तक अंतरपरिचालित (इंटरऑपरेबल) इ-बिल ऑफ लैडिंग (ईबीएल) के पहले लाइव लेन-देन को सफलतापूर्वक शुरू किया। नेशनल इंस्टीट्यूट फॉर ट्रांसफॉर्मिंग इंडिया (नीति) आयोग और सिंगापुर के व्यापार एवं उद्योग मंत्रालय (एमटीआइ) ने इस परियोजना के लिए जिंदल स्टेनलेस के साथ साथ आइसीआइसीआइ बैंक, एंटरप्राइज सिंगापुर, इन्फोकॉम मीडिया डेवलपमेंट अथॉरिटी (आइएमडीए), डीबीएस बैंक, मैपट्रास्को, एपी मोलर-मेर्स्क के साथ भागीदारी की है।

वैश्विकस्तर पर ब्लॉकचेन द्वारा संचालित इस परियोजना में इबीएल के जरिये, साख पत्र (लेटर ऑफ क्रेडिट) के तहत यह पहला लाइव लेन-देन है। इसके तहत व्यापारी, माल भेजने वाले (शिपर्स) और बैंक, एक वास्तविक शिपमेंट के लेन-देन में शामिल होते हैं।

जिंदल स्टेनलेस के प्रबंध निदेशक अभ्युदय जिंदल ने कहा कि कागजी बिल ऑफ लैडिंग (बीएल) के भौतिक संचालन में काफी समय लगता था, वह ट्रेडट्रस्ट फ्रेमवर्क से बहुत कम जायेगा हो और अंतर्राष्ट्रीय व्यापार को बढ़ावा मिलेगा और साथ ही इससे विक्रेता से क्रेता को माल के स्वामित्व का हस्तांतरण, डिजिटल तरीके से करने में मदद मिलेगी। हमें कच्चे माल के तौर पर स्क्रैप के एक प्रमुख आयातक के रूप में इंटरऑपरेबल इबीएल से बंदरगाह पर माल को जल्दी छुड़ाने, लागत कम करने, और व्यापार के लिए तरलता हासिल करने में मदद मिलेगी। हमें कुशल अंतरराष्ट्रीय व्यापार के लिए एक वातावरण बनाने में मदद करने के लिए भारत और सिंगापुर सरकार के साथ भागीदारी करने पर गर्व है और हमें उम्मीद है कि आने वाले दिनों में इसका और अधिक विस्तार होगा।












## बाबूलाल आज पोरिया पंचायत में, लक्ष्मण प्रसाद सिंह ने लिया तैयारियों का जायजा



**डुमरी (आजाद सिपाही)।** भाजपा प्रदेश अध्यक्ष बाबूलाल मरांडी अपनी संकल्प यात्रा दौरान सोमवार को डुमरी उपचुनाव में पोरिया पंचायत, शंकर डीह में दुर्गा मंडप नगरी में आनेवाले हैं। इसके मद्देनजर पूर्व आइजी सह वरिष्ठ भाजपा नेता लक्ष्मण प्रसाद सिंह ने नगर पंचायत कार्यक्रम स्थल का निरीक्षण कर तैयारियों का जायजा लिया। इस मौके पर तारकेश्वर राम, निमियाघाट मंडल अध्यक्ष, विद्याधर पाठक, कामाख्या गिरी, परमेश्वर साहू, उमेश ठाकुर, दिनेश पांडे और प्रेम कुमार आदि उपस्थित थे।







आजाद सिपाही की ओर से स्वत्वाधिकारी लैंडस्केप मीडिया प्रा. लि., प्रकाशक एवं मुद्रक हरिनारायण सिंह के लिए 176 कोकर चौक, ओल्ड एचबी रोड, रांची 834001 (झारखंड) से प्रकाशित तथा डीबी प्रिंट सोल्यूशंस (ए यूनिट ऑफ डीबी कार्प लिमिटेड), प्लॉट नं. 535 एवं 1272, ललगुटवा, पुलिस स्टेशन, रातू, रांची से मुद्रित। **संपादक :** हरिनारायण सिंह, **स्थानीय संपादक*** : विनोद कुमार,***पीआरबी एक्ट के तहत खबरों के लिए जिम्मेदार, **राज्य समन्वय संपादक :** अजय शर्मा। समस्त दिवानी विवादों, न्यायोचित कार्रवाइयों एवं दंडित परिवादों के लिए क्षेत्राधिकार रांची न्यायालय में रहेगा। फोन : 9264434560, **R.N.I. No.-JHAHIN/2015/65109,** Postal Registration No. **RN/249/2019-21**